ARBIT



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

The Other Heroes Of 71

His skill was such that he could tell how many people were riding on a camel by looking at its footprints, weight, age also.

Are you stuck in a rut?

Creative & Stylish

Add some personality and interest to your everyday outfits with minimalist jewellery

# हरियाणा में दोनों पार्टियों, कांग्रेस व भाजपा में विध्वंसक खेमेबाज़ी ''पीक'' पर!

- रेणु मित्तल -
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 जुलाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हरियाणा में विधानसभा चुनाव का बिगुल बजा दिया है।

उन्होंने हरियाणा के एक कांग्रेस विधायक राव धनसिंह, जो भूपिन्दर सिंह हूड्डा के काफी नज़दीक माने जाते हैं, के पीछे ई.डी. लगा दी है। राव धनसिंह बहुत धनवान व्यक्ति हैं तथा महेन्द्रगढ़ से विधायक हैं।

राव ऐसे अकेले विधायक नहीं हैं। कांग्रेस के ही एक और बहुत धनवान विधायक, जो सीनियर हूड्डा के करीबी माने जाते हैं, भी संकट में आ चुके हैं। उनके बड़े पुत्र जेल में हैं तथा पिता और छोटे पुत्र भी भागे-भागे फिर रहे हैं क्योंकि उनके पीछे भी ई.डी. लगी हुई है।

- कांग्रेस में हुड्डा खेमा व हुड्डा विरोधी खेमा, एक-दूसरे के कामों में शरीक ही नहीं हो रहे, बल्कि ए.आई.सी.सी. के महासचिव बाबरिया, जो प्रभारी भी हैं, पर खुलकर आरोप लगा रहे हैं पक्षपात का।
- भाजपा में भी मु.मंत्री के खिलाफ एक बगावत सी स्थिति है तथा एक दूसरे के प्रति इतना अविश्वास व द्वेष है कि आशंका जताई जा रही है कि चुनाव के पहले ही भाजपा सरकार गिर ना जाये।
- साथ ही, कांग्रेस विधायकों, विशेषकर हुड्डा खेमे के विधायकों को ई.डी. के नोटिस आने शुरु हो गये हैं और घटनाक्रम को भी चुनाव सिर पर होने का लक्षण माना जा रहा है, कांग्रेस द्वारा।

हरियाणा में जबरदस्त गुटबाजी है तथा पार्टी में हूड्डा गुट का बोलबाला है तथा दूसरा गुट हूड्डा गुट का सहयोग करने के लिये तैयार नहीं है।

ए.आई.सी.सी. महासचिव इस खींचतान के एक असहाय दर्शक बन कर रह गये हैं। एक गुट पार्टी-प्रभारी बाबरिया पर आरोप लगा रहा है कि वे केवल एक ही गुट की तरफदारी एवं सहायता कर रहे हैं। भाजपा की अन्दरुनी स्थिति भी इतनी ही खराब है क्योंकि यह पार्टी कई गुटों में बँटी हुई है।

रिपोर्टों के अनुसार, मुख्यमंत्री के खिलाफ बगावत होने वाली है। कुछ रिपोर्ट तो यहाँ तक कह रही हैं कि हरियाणा सरकार चुनावों से काफी पहले ही गिर सकती है।

## नाबालिग का अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा

जयपुर, 18 जुलाई (का.सं.)। जिले की पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने 16 वर्षीय नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त युवक को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही, अदालत ने 25 वर्षीय इस अभियुक्त पर 1.75 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है, जबकि प्रकरण को लेकर एक किशोर का मामला किशोर न्याय बोर्ड में चल रहा है। अभियुक्त युवक पीड़िता के पड़ोस में रहने वाली महिला का भाई है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक विजया पारीक ने अदालत को बताया कि 16 जुलाई, 2020 को पीड़िता के चाचा ने नरेना थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि एक दिन पूर्व रात को करीब डेढ़ बजे उसकी भतीजी बिना बताए कहीं चली गई है। उसे गांव और रिश्तेदारी में काफी तलाश किया, लेकिन उसका पता नहीं चला। पीड़िता अपने साथ गहने, कपड़े और पहचान पत्र भी ले गई है। रिपोर्ट में आशंका जताई गई कि वह किसी लड़के के साथ जा सकती है।

- पॉक्सो मामलों की अदालत ने आरोपी पर 1.75 लाख रूपए का जुर्माना भी लगाया।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'कांवड़ियों के परम्परागत मार्ग पर सभी दुकानों, ढाबों व थड़ियों को मालिक का नाम लिखना अनिवार्य होगा'

## मुज़फ्फर नगर के इस नये आदेश से उथल-पुथल मची है, मार्ग पर स्थित दुकानों व ढाबों में

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 जुलाई। इस वर्ष 22 जुलाई को शुरु होने वाली कांवड़िया यात्रा से कुछ दिन पूर्व ही उत्तर प्रदेश में मुजफ्फरनगर जिला प्रशासन ने दुकानदारों, ढाबों एवं ठेला गाड़ी वालों को एक आदेश दिया है कि वे कांवड़ यात्रा के मार्ग में आने वाली दुकानों के मालिकों तथा वहां काम करने वालों के नाम दुकान के बाहर प्रदर्शित करें।

इस आदेश को मुस्लिम दुकानदारों के खिलाफ कदम के रुप में देखा जा रहा है और इस आदेश को समुदाय विशेष का ''आर्थिक रुप से बहिष्कार'' करने के रुप में देखा जा रहा है।

कुछ समय पूर्व सम्पन्न लोकसभा चुनावों में भाजपा का असंतोषजनक प्रदर्शन होने के बाद योगी आदित्यनाथ की सरकार पर सियासी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। कांवड़ यात्रा पर जारी निर्देशों के कारण एक बड़ा राजनीतिक घमासान छिड़ गया है और कांग्रेस, ए.आई.एम.आई.एम. तथा समाजवादी पार्टी ने प्रदेश सरकार पर प्रदेश की सामाजिक व सांस्कृतिक परम्पराओं को ध्वस्त करने का आरोप लगाया है।

- कांग्रेस, सपा व ओवैसी की पार्टी ने इस आदेश को मुसलमानों का व्यापारिक दृष्टि से बायकॉट करने का प्रयास बताया।
- ओवैसी ने तो इस आदेश की तुलना दक्षिण अफ्रीका की रंगभेद नीति व नाज़ी जर्मनी में यहूदियों के सामान का बायकॉट करने की प्रक्रिया को दोहराना बताया।
- दारूल उलूम के प्रवक्ता ने इस बारे में कहा कि ''कांवड़ियों की पद यात्रा में मुसलमान व्यापारी सदा से उनकी सुविधा के लिये पानी व नाश्ते की व्यवस्था करते आए हैं और ऐसे ही हिन्दू समाज ताज़िये के जुलुस के दौरान सहयोग देता है। इस भाई-चारे को ''डिस्टर्ब'' नहीं करना चाहिये।''

इस तीखी प्रतिक्रिया के बाद जिला प्रशासन ने यह कहते हुए बचाव किया कि ये दिशानिर्देश दुकानदारों व ठेला गाड़ी मालिकों के लिए ''स्वैच्छिक प्रकृति'' के हैं। हालांकि, दुकानदारों के साथ ही मुजफ्फरनगर की 240 कि.मी. कांवड़ यात्रा के मार्ग पर सभी विक्रेता बगैर कोई हुज्जत के सरकारी सूचना का पालन करते हुए नजर आ रहे हैं, जैसे फलों का ठेला लगाने वाले व दुकानदारों ने दुकान के बाहर बोर्ड पर ''आरिफ आमवाला'' व ''निसार फल विक्रेता'' लिखा हुआ था।

एक माह तक चलने वाले कांवड़ मेले के दौरान भगवान शिव के भक्तगण हरिद्वार की हर की पौड़ी से पवित्र जल कांवड़ में लेकर आते है तथा पैदल चलकर मध्य मार्ग में मुजफ्फरनगर से गुजरते हुए, आगे हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान एवं उत्तर प्रदेश में जाते है। पिछले कुछ वर्षों में कांवड़ यात्रा के मार्ग

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# द्रमुक ने वंशवाद के नारे को धता बताया

## मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे उदयनिधि को उपमुख्यमंत्री बनाने की पूरी तैयारी

- लक्ष्मण वैंकट कुची -
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 जुलाई। तमिलनाडु के सत्तारूढ़ दल, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डी.एम.के.) ने हमेशा अपने नेतृत्व के उत्तराधिकारी की योजना तैयार रखी है। द्रमुक के पितृपुरूष ने बड़े युक्तिसंगत तरीके से पार्टी नेतृत्व अपने छोटे पुत्र एम.के. स्टालिन को सौंप दिया था। उन्होंने अपने बड़े पुत्र एम.के. अलागिरी के बजाय अपने छोटे पुत्र का चयन एक ऐसे समय पर किया था, जब दोनों भाइयों के बीच की प्रतिद्वंदिता पार्टी को क्षति पहुँचाती दिखाई दे रही थी।

इसके विपरीत, इसके मुख्य प्रतिद्वन्दी दल अन्नाद्रमुक के पास उत्तराधिकारी की कोई योजना कभी नहीं रही तथा इसीलिये, पार्टी की ताकतवर एवं एकछत्र नेता जे जयललिता के निधन के बाद, पार्टी में बिखराव की स्थिति आ गई और आखिरकार उसे सत्ता से बाहर होना पड़ा।

अन्नाद्रमुक आज भी अन्दरूनी फूट एवं संघर्ष से जूझ रही है तथा उसके टूटे हुये घटक उसे और भी कमजोर कर रहे हैं, जबकि द्रमुक को विभाजित हुये विपक्ष का लाभ मिल रहा है। इससे द्रमुक को अपनी ताजातरीन उत्तराधिकार-योजना को आगे बढ़ाने में मदद मिल रही है। पार्टी के प्रथम परिवार ने दृढ़तापूर्वक पार्टी का भविष्य का नेता सुनिश्चित कर दिया। पार्टी ने सुस्पष्ट तौर पर मुख्यमंत्री तथा द्रमुक प्रमुख एम.के. स्टालिन के पुत्र उदयनिधि स्टालिन को उत्तराधिकारी मान लिया है।

- सूत्रों के अनुसार, उदयनिधि को इस वर्ष के आरम्भ में जनवरी में ही उपमुख्यमंत्री बनाया जाना था। पर, सनातन धर्म संबंधी उनके बयान और उस पर उभरे विवाद के कारण निर्णय रोक दिया गया, क्योंकि यह माना गया कि इससे लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की संभावनाओं पर विपरीत प्रभाव पड़ता, हालांकि द्रमुक को यह विवाद अवश्य ही तमिलनाडू में भारी फायदा देता।
- द्रमुक की मुख्य प्रतिद्वंदी, अन्नाद्रमुक में कभी भी उत्तराधिकारी की घोषणा की योजना नहीं बनाई गई, यही वजह है कि जयललिता की मृत्यु के बाद से पार्टी में नेतृत्व विवाद चल रहा है और अन्नाद्रमुक को विभाजन तक झेलना पड़ा।
- अन्नाद्रमुक की कमजोरी और विभाजित विपक्ष का लाभ उठाते हुए द्रमुक ने उदयनिधि को उत्तराधिकारी बनाने की योजना पर काम शुरु कर दिया है।

इस योजना के क्रियान्वयन के संकेतों की विधिवत घोषणा उस समय होगी, जब, जैसी सम्भावना है, उदयनिधि स्टालिन को पदोन्नत कर उपमुख्यमंत्री बना दिया जायेगा तथा उन्हें योजना-क्रियान्वयन का प्रमुख मन्त्रालय सौंप दिया जायेगा। ज्ञातव्य है कि यह मन्त्रालय प्रमुख सरकारी योजनाओं, जिनमें अतिमहत्वपूर्ण जन-कल्याण योजनाएं भी शामिल हैं, का क्रियान्वयन करता है तथा उसकी देख-रेख करता है। उदयनिधि स्टालिन पहले ही, इस वर्ष जनवरी में ही, उपमुख्यमंत्री बनाये जाने वाले थे, लेकिन उस समय इस निर्णय को कुछ समय के लिए टाल दिया गया था क्योंकि वे सनातन धर्म विवाद में उलझ गये थे। उस समय ऐसा सोचा गया था कि इस मुद्दे का पूरे भारत में इंडिया गठबन्धन की सम्भावनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, भले ही तमिलनाडु में द्रमुक को इससे मदद मिल जाती।

द्रमुक सूत्रों के अनुसार, करुणानिधि परिवार के वंशज अगले माह उपमुख्यमंत्री बना दिये जायेंगे। व्यावहारिक दृष्टि से देखा जाये तो उदयनिधि स्टालिन इस समय भी गैर-सरकारी तौर पर नम्बर दो ही हैं, लेकिन उपमुख्यमंत्री के रूप में पदोन्नत हो जाने के बाद, उनका पार्टी का सम्भावित नेता

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## आर.ए.एस. मेन्स में शामिल नहीं होंगे 569 अभ्यर्थी

जयपुर, 18 जुलाई (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने आरएएस भर्ती-2023 की मुख्य परीक्षा में शामिल करने की मांग को लेकर 569 अपीलार्थियों की ओर से पेश प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया है। हालांकि अदालत ने अपीलों पर सुनवाई चार सप्ताह बाद रखी है। जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस प्रवीर भटनागर की खंडपीठ ने ये आदेश मुस्कान अग्रवाल व 38 अन्य याचिकाओं पर संयुक्त रूप से सुनवाई करते हुए दिए।

अदालत ने कहा कि उत्तर कुंजी को तब तक सही माना जाना चाहिए, जब तक कि वह गलत साबित नहीं हो जाए। इसके अलावा कोर्ट विशेषज्ञ की रिपोर्ट पर चुपचाप नहीं बैठ सकता है। अदालत में आने वाले 569 याचिकाकर्ताओं में से 476 ने निर्धारित अवधि के भीतर उत्तर कुंजी पर कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई। ऐसे में यदि अपीलार्थियों को मुख्य परीक्षा में बैठने की अनुमति दी गई तो पूरी प्रक्रिया बाधित हो जाएगी।

- हाई कोर्ट ने इन अभ्यर्थियों की अपील ठुकरा दी, हालांकि 4 सप्ताह बाद इन अपीलों पर सुनवाई का आदेश दिया है।

अपील में कहा गया कि आर.ए.एस. भर्ती की प्रारंभिक परीक्षा में पूछे गए कुछ सवालों को गलत तरीके से जांचा गया था। एकलपीठ ने भी इन त्रुटियों की तरफ ध्यान नहीं दिया। वहीं मुख्य परीक्षा 20 जुलाई को होने वाली है। ऐसे में यदि अपीलार्थियों को मुख्य परीक्षा में शामिल नहीं किया गया तो वे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'सौ विधायक साथ में लाओ और नई सरकार बनाओ'

## अखिलेश यादव ने भाजपा के असंतुष्ट विधायकों को अपना मानसून ऑफर दिया

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 जुलाई। उत्तर प्रदेश भाजपा में जारी हलचल व अशांति की खबरों के बीच समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज इस घटनाक्रम का लाभ उठाने का प्रयास करते हुए सत्तारूढ़ पार्टी के विधायकों से कहा कि राज्य में नई सरकार गठित करने के लिए वो पाला बदल लें।

एक्स पर एक रहस्यमय पोस्ट में उन्होंने लिखा, ''मानसून ऑफरः सौ लाओ सरकार बनाओ''.........

यादव ने हालांकि अपनी पोस्ट में किसी का नाम नहीं लिया, तथापि, एक वरिष्ठ नेता ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर कहा कि यह भाजपा के उन लोगों के लिए संदेश है जो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से असंतुष्ट व नाराज़ हैं तथा पाला बदलना चाहते हैं।

सपा नेता ने समझाया, ''सपा ने 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में एक सौ ग्यारह सीटें जीती थीं और यदि हमें भाजपा के सौ असंतुष्ट विधायकों का समर्थन मिल जाता है तो हम आसानी से सरकार बना सकते हैं।''

- मु.मंत्री योगी आदित्यनाथ व उप मु.मंत्री केशव प्रसाद मौर्य के बीच ज्यादा मधुर संबंध नहीं हैं, यह आम चर्चा है यू.पी. में।
- बुधवार को मौर्य ने ट्वीट करके कहा था कि पार्टी सरकार से बड़ी है। इस ट्वीट से उनका इशारा स्पष्ट रूप से मु.मंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर है।
- अखिलेश यादव इस मतभेद का लाभ उठाते हुए तर्क दे रहे हैं कि वर्तमान विधानसभा में सपा के 111 विधायक हैं तथा अगर भाजपा के असंतुष्ट 100 विधायक साथ आ जायें तो नई सरकार बनायी जा सकती है यू.पी. में।

भाजपा की राज्य इकाई में फूट की अफवाहों में, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा बुधवार को एक्स पर डाली गई पोस्ट ने आग में घी का काम किया, जिसमें कहा था कि पार्टी सरकार से बड़ी है।

मौर्य ने सभी मंत्रियों, विधायकों और जनप्रतिनिधियों से कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं का सम्मान करें।

मौर्य मंगलवार को दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा से मिले थे, लेकिन ना तो भाजपा और ना ही उप मुख्यमंत्री ने मीटिंग के बारे में कुछ कहा।

काफी समय से चर्चा है कि, मौर्य

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सुप्रीम कोर्ट को मिले दो नए न्यायाधीश

नयी दिल्ली, 18 जुलाई। उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने गुरुवार को न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह और न्यायमूर्ति आर. महादेवन को शीर्ष अदालत के न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने शीर्ष अदालत परिसर में आयोजित एक समारोह में दोनों न्यायाधीशों को पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर शीर्ष अदालत के अन्य न्यायाधीशों, अनेक वरिष्ठ अधिवक्ताओं सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

- सी.जे.आई. डी.वाई. चंद्रचूड़ ने जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह और जस्टिस आर. महादेवन को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई।

शीर्ष अदालत में न्यायाधीश बनने से पहले न्यायमूर्ति कोटिश्वर जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और न्यायमूर्ति महादेवन मद्रास उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश थे।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# यू.पी. भाजपा ने प्रदेश में पार्टी की शर्मनाक हार के 6 कारण बताए

## रिपोर्ट में आंतरिक मतभेद को सबसे बड़ा कारण बताया गया है

- डॉ. सतीश मिश्रा -
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 जुलाई। भाजपा की उत्तर प्रदेश इकाई ने अपनी विस्तृत रिपोर्ट में आन्तरिक मतभेद को देश के सबसे बड़े राज्य में पार्टी की अपमानजनक हार का मुख्य कारण बताया है।

हालांकि पार्टी ने रिपोर्ट में पेपर लीक, सरकारी नौकरियों पर संविदा पर नियुक्ति देना और राज्य प्रशासन की दमन नीति को भी प्रमुख कारण बताया है, जिसकी वजह से पार्टी कार्यकर्ताओं में भारी अंसतोष फैला और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समर्थक और विरोधी गुट में स्पष्ट विभाजन देखा गया।

सपा-कांग्रेस गठबंधन, जिसने राज्य से लोकसभा की 80 सीटों में से 43 सीटे जीतीं और एन.डी.ए. की सीटों की संख्या 2019 की 64 से गिरकर 36 रह गई, की जीत के बाद राज्य भाजपा ने केन्द्रीय नेतृत्व को 15 पेज की विश्लेषण रिपोर्ट सौंपी है। सूत्रों ने संकेत दिया कि राज्य कि यह रिपोर्ट 40,000 लोगों से पार्टी प्रदर्शन के बारे में की गई वार्ता पर आधारित है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि केन्द्रीय नेतृत्व को निर्णायक कदम उठाने होंगे ताकि भावी चुनावों में अगड़े और पिछड़े वर्ग के बीच का संघर्ष बढ़ने से रोका जा सके।

हाल ही में यू.पी. भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य वरिष्ठ नेताओं से मिले। उत्तरप्रदेश के अन्य बड़े नेताओं के साथ चर्चा की योजना भी है ताकि महत्वपूर्ण राज्य में पार्टी की हार की समीक्षा से वृहद रणनीति बनाई जाए।

उल्लेखनीय है कि योगी आदित्यनाथ द्वारा हार का कारण अति आत्मविश्वास को बताए जाने के बाद, पार्टी में अर्न्तकलह बढ़ गई है। मुख्यमंत्री के इस बयान का केशव प्रसाद मौर्य ने खण्डन किया और कहा कि पार्टी और संगठन व्यक्ति से बड़े होते हैं।

प्रदेश इकाई की रिपोर्ट में प्रशासन की दमनकारी नीति, पार्टी कार्यकर्ताओं में असंतोष, पेपर लीक, संविदा भर्ती सहित 6 कारण बताए गए हैं। संविदा भर्ती को आरक्षण पर भाजपा के खिलाफ भी प्रमुख कारण बताया है, विपक्ष की बातों की पुष्टि होती है।

- रिपोर्ट कहती है कि यू.पी. में पार्टी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समर्थक और विरोधी खेमे में बंटी हुई है।
- रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर प्रदेश में भाजपा का वोट शेयर 8 प्रतिशत तक घट गया है। रिपोर्ट में केन्द्रीय नेतृत्व से जल्द से जल्द निर्णायक कदम उठाने की अपील की गई है।
- पार्टी में अन्तर्कलह की पुष्टि इस बात से भी होती है कि जब योगी आदित्यनाथ ने हार का कारण अति आत्मविश्वास को बताया तो उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने तुरंत इसका खंडन किया।
- रिपोर्ट में प्रशासन की दमनकारी नीति को भी प्रमुख कारण बताया गया है और कहा है कि प्रदेश में अफसर राज है, विधायकों के पास कोई अधिकार नहीं है। पार्टी कार्यकर्ता अपमानित महसूस कर रहे हैं।
- इसके अलावा पेपर लीक, संविदा पर कर्मचारियों की भर्ती, मायावती की पार्टी का जनाधार खिसकने को भी भाजपा की हार का कारण बताया गया है।

एक वरिष्ठ पार्टी नेता ने कहा कि विधायकों के पास कोई अधिकार नहीं हैं। डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट और अधिकारी ही सब कुछ हैं। इससे हमारे कार्यकर्ता अपमानित महसूस कर रहे हैं। वर्षों से भाजपा व आर.एस.एस. ने साथ मिलकर काम किया व समाज से सम्बन्ध जोड़ा है। सरकारी अधिकारी कार्यकर्ता की जगह नहीं ले सकते हैं।

एक अन्य पार्टी नेता ने कहा कि गत तीन साल में 15 पेपर लीक हुए हैं और नौकरियों को संविदा से भरा जा हरा है, इससे विपक्ष के इन आरोपों की पुष्टि होती हैं कि भाजपा आरक्षण खत्म करने जा रही है।

भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने लखनऊ में मीटिंग के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भूपेन्द्र चौधरी व कई प्रमुख नेताओं से बातचीत की। भाजपा के एक पदाधिकारी ने कहा कि वार्ता के लिए प्रदेश नेताओं को अलग-अलग चरणों में बैठक के लिए बुलाया जाएगा।

रिपोर्ट के अनुसार पार्टी का जनाधार घटा है। कुर्मी व मौर्य वोट बैंक व दलितों का समर्थन खिसक गया है। रिपोर्ट ने माना है कि मायावती का जनाधार घटना और कांग्रेस प्रदर्शन में सुधार को भी हार का प्रमुख कारण बताया गया है।

सूत्रों ने कहा कि रिपोर्ट में बताया गया है कि प्रदेश इकाई के मतभेदों को सुलझाना चाहिए तथा अगड़ा बनाम पिछड़ा मतभेद को उभरने से रोका जाना चाहिए।

जब यू.पी. में कल्याण सिंह का प्रभुत्व था, तब पार्टी को लोध समुदाय का समर्थन प्राप्त था लेकिन भाजपा का ओ.बी.सी. जनाधार वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी के आने के बाद बढ़ा।

प्रदेश इकाई ने माना कि टिकट वितरण जल्दी होने से पार्टी का चुनाव प्रचार शुरू में चरम पर था पर छठे व सातवें दौर के आने तक पार्टी कार्यकर्ता थक गए एवं पार्टी नेताओं द्वारा आरक्षण के खिलाफ बयानबाजी करने से भी प्रदर्शन पर असर पड़ा। रिपोर्ट के अनुसार ओल्ड पेंशन स्कीम, अग्निवीर व पेपर लीक जैसे मुद्दे भी जनता के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## घुसपैठ करते दो आतंकी मारे गए

श्रीनगर, 18 जुलाई। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने चार दिन में घुसपैठ की दूसरी कोशिश को नाकाम करते हुए गुरुवार को दो अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया।

सेना ने यह जानकारी दी और उसने बताया कि घुसपैठ की सूचना के बाद केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास अभियान शुरू किया गया था।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इलाके में घुसपैठ की खुफिया सूचना के आधार पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा था। तलाशी अभियान के दौरान वहां छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गयी। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये,

- जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिलों में सुरक्षा बलों ने चार दिनों में घुसपैठ की दूसरी कोशिश नाकाम की है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

मनुष्य अपना स्वामी नहीं, परिस्थितियों का दास है। –भगवतीचरण वर्मा

# क्या आरक्षण 50 प्रतिशत की सीमा को लाँघ सकता है? क्या संविधान पीठ का एक निर्णय विषय को अन्तिम मानने के लिये पर्याप्त नहीं है?

आरक्षण की समस्या का लम्बा इतिहास है। आरक्षण का मूल उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि समाज में सबसे पिछडे वर्ग के लोगों को भी विकास का लाभ मिल सके। ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में जावें तो पायेंगे कि विलियम हन्टर व ज्योतिराव फूले ने 1883 में मूल रूप से जाति आधारित आरक्षण की प्रणाली 142 वर्ष पूर्व प्रारम्भ की थी। सन् 1978 में कर्पूरी ठाकुर ने बिहार में आर्थिक पिछडेपन के आधार पर आरक्षण की घोषणा कर राजनीति में एक बवंडर ला दिया। इस विषय पर विचार करने व अपनी अनुशंसा देने को मण्डल आयोग का गठन किया गया। मण्डल आयोग ने अपनी सिफारिशों का आधार 1971 की जनगणना और जाति आधारित पिछडेपन को अपनाया। मण्डल आयोग ने इस क्रिया में आर्थिक पिछडेपन की बात छोड़ दी और उन धर्मों को भी अलग कर दिया जिनमें जाति व्यवस्था नहीं है।

आरक्षण के बाबत इन्द्रा साहनी का केस एक ऐतिहासिक निर्णय है। माननीय न्यायालय की संविधान पीठ ने बहुमत से घोषित किया और माना कि धर्म निरपेक्ष समाज में पिछड़ेपन का आधार जाति को बनाया जाना उचित है। जाति के आधार पर पिछड़ेपन की पहिचान की जा सकती है। संविधान के भाग 16 में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजाततियों के लिये लोकसभा व विधान सभाओं के लिये स्थान आरक्षित रखने की व्यवस्था है। यह व्यवस्था केवल 10 वर्षों के लिये ही रखी गई थी। संविधान के अनुच्छेद 334 में यह आदेशात्मक निर्देश था कि यह व्यवस्था 10 वर्ष बाद प्रभावी नहीं रहेगी। यह प्रावधान संविधान का बेसिक स्ट्रक्चर का भाग था; किन्तु दुर्भाग्य था कि इसे 79वें संविधान संशोधन से संशोधित कर दिया। इसकी वैधानिकता का प्रश्न गत 25 वर्षों से सुप्रीम कोर्ट में पेन्डिंग है।

आरक्षण के बाबत सर्वोच्च न्यायालय ने इन्द्रा साहनी व अन्य केसेज में जो सिद्धान्त प्रतिपादित किये हैं वे निम्नलिखित हैं:–

1– अनुच्छेद 16(4) के अनुसार पिछडे.वर्ग के लोगों को आरक्षण केवल मात्र सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ेपन के आधार पर ही दिये हैं, न कि आर्थिक आधार पर। यानी जब तक अनुच्छेद 16(4) में व अनुच्छेद 1(5) में संवैधानिक संशोधन नहीं होता आर्थिक आधार की श्रेणी में आरक्षण दिया जाना सम्भव नहीं है।

2– जो पिछड़ा वर्ग समय के साथ पिछड़ा नहीं रहा है, जिसे सर्वोच्च न्यायलय ने क्रिमिलेयर कहा है उसे अनुसूचित जाति व जनजाति से अलग किया जावे। वह देश की मूल धारा में माना जावेगा; किन्तु जिनका पिछड़ापन अभी शेष है उन्हें आरक्षण का लाभ मिलता रहेगा।

3– संविधान की 9वीं सूची में रखने मात्र से कोई अधिनियम वैध नहीं होगा, यदि उसकी वैधानिकता संविधान के आधारभूत सिद्धान्त, मूल अधिकारों के विरूद्ध होने से चुनौती दी जा सकती है।

यहां यह लिखना समीचीन होगा कि 50 प्रतिशत के आरक्षण का सिद्धान्त मूल रूप से माना जावेगा; किन्तु असामान्य स्थिति में अपवाद हो सकता है जैसे किसी दूर दराज क्षेत्र में रहने वाला विशिष्ट व्यक्ति मूल धारा से अलग पिछड़ेपन में जी रहा है। इस बाबत सावधानी की आवश्यकता है। बालाजी के केस में 60 प्रतिशत आरक्षण को अवैध माना गया है। छतारा संघ के केस में सुप्रीम कोर्ट ने 73 प्रतिशत को अवैध माना है।

तमिलनाडू के केस में 69 प्रतिशत आरक्षण था। उसे वैध करने के हेतु 9वीं सूची में डाला गया था। एम नागराज के केस में सर्वोच्च न्यायालय ने पुन: यह स्पष्ट कर दिया कि 50 प्रतिशत से अधिक का आरक्षण वैध नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्णय में यह भी स्पष्ट कर दिया कि संवैधानिक बेसिक स्ट्रक्चर के विरूद्ध होने पर 9वीं सूची में डालने पर भी कानून वैध नहीं होगा। राजस्थान में आरक्षण 2008 के अधिनियम से 68 प्रतिशत किया गया था, वह वैध नहीं था। उसे 9वीं सूची में भी नहीं डाला गया। यह भी सही था कि आर्थिक स्तर पर आरक्षण हो ही नहीं सकता। गुजरात में सवर्णो को 10 फीसदी आरक्षण दिये जाने पर पुन: बहस जोर पकड़ने लगी। यह आरक्षण वैधानिक नहीं था।

वोटों के लिये आरक्षण की मांग उठने लगी। हरियाणा की मांग 10 प्रतिशत विशेष पिछड़ा वर्ग जाटों का आरक्षण की थी। गुजरात में 10 प्रतिशत आरक्षण आर्थिक आधार पर मांगा गया। राजस्थान में 5 प्रतिशत आरक्षण गुर्जर सहित 8 अन्य जातियों को व 14 प्रतिशत आर्थिक आधार पर चाहा गया। यह आवाज उठने लगी कि आरक्षण नहीं तो वोट नहीं। लोग मांग को लेकर तोडफोड पर, दंगा करने पर सड़कों पर आ गये।

कुछ दिनों पूर्व ही बिहार विधानसभा ने कानून पारित किया कि 65 प्रतिशत आरक्षण बिहार के लोगों को जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व Other Backward Classes (OBC) से हैं, पब्लिक एम्प्लायमेंट व शिक्षण संस्थानों के एडमिशन में होना चाहिये; किन्तु पटना हाईकोर्ट ने ऐसा आरक्षण देने से मना कर दिया और निश्चित सिद्धान्त को दोहराया कि 50 प्रतिशत से अधिक का आरक्षण कानून वैध नहीं है। यह समानता के सिद्धान्त के विरूद्ध है। बिहार सरकार का 85 प्रतिशत का आरक्षण Caste Survey Report, 2023 पर आधारित था। यह आरक्षण Proportionate Representation के सिद्धान्त पर आधारित था। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर बिहार की 85 प्रतिशत आबादी एससी, एसटी, ओबीसी की आंकी गई थी। बिहार राज्य में 65 प्रतिशत आरक्षण दिये जाने की बात उठी, चूंकि यह 50 प्रतिशत की सीमा से अधिक था अत: हाईकोर्ट में चुनौती देने पर इस आरक्षण को वैध नहीं माना गया। पटना हाईकोर्ट ने बालाजी व इन्द्रा साहनी के केस का आलम्बन लिया। इस केस का Special Circumstance का केस भी नहीं माना गया। इन्द्रा साहनी के 9 जजों की पीठ ने यह स्पष्ट करार दिया है कि 50 प्रतिशत से अधिक की Ceiling Limit को संविधान के अनुच्छेद 16(1) व 16(4) की परिस्थितियों के आधार पर ही तय करना होगा। के कृष्णा मूर्ति बनाम भारत संघ के केस में यह और भी स्पष्ट कर दिया कि Ceiling Limit का उल्लंघन करने के लिये जो मापदण्ड हैं उन्हें बेकवर्ड क्लासेज के लोग के हेतु लोकल बॉडीज् जो जनरल एरिया में है, आँका नहीं जा सकता। बिहार राज्य की सरकार ने एम नागराज के केस का आलम्बन लिया किन्तु हाईकोर्ट ने उसे नहीं माना क्योंकि कोर्ट ने यह माना कि Quantifiable Data उपलब्ध होने मात्र से Ceiling Limit को क्रोस करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। यह कारण Exceptional Circumstance की परिभाषा में भी नहीं आते। माननीय पटना हाईकोर्ट ने राकेश कुमार व चेबोलू लीली प्रसाद राव के केसों के निर्णयों का भी परीक्षण किया और यह कहा कि ये केस dsl Local Self Governance Institution के बाबत जहां आरक्षण पंचायतों के लिये हैं वहां लागू नहीं होते और अनुच्छेद 15(4) व 16(4) के अन्तर्गत नहीं लाया जा सकता।

> **आरक्षण सामाजिक न्याय के लिये है। यह माना जाता है कि धर्म आधारित आरक्षण मान्य नहीं है। संविधान के प्रियम्बल में भारत के लोगों ने भारत के ही लोगों को वचन दिया कि लोगों को सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक न्याय नहीं मिलेगा। इनमें सामाजिक न्याय को प्राथमिकता दी गई।**

पटना हाईकोर्ट ने माना कि केस जनहित अभियान बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया के सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के सिद्धान्त के अनुसार यह स्वीकार किया कि Economically Weaker Sections (EWS) का आरक्षण जो आर्थिक कमजोर नागरिकों के हेतु था वह EWS Quota पर लागू नहीं होता क्योंकि वह केवल एससी, एसटी, ओबीसी पर लागू होता है, इसके अतिरिक्त 50 प्रतिशत लिमिट Inflexible रूल नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का मुख्य अंश इस प्रकार है:–

**Reservation for economically weaker sections of citizens up to 10% in addition to the existing resevations does not result in violation of any essential feature of the Constitution and does not cause any damage to the basic structure of the Constitution of India on account of breach of the ceiling limit of 50%. This is because that ceiling limit itself is not inflexible and in any case applies only to the reservations envisioned by Articles 15(4), 15(5) and 16(4) of the Constitution of India, the Court observed in the EWS case. **

आरक्षण सामाजिक न्याय के लिये है। यह माना जाता है कि धर्म आधारित आरक्षण मान्य नहीं है। संविधान के प्रियम्बल में भारत के लोगों ने भारत के ही लोगों को वचन दिया कि लोगों को सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक न्याय नहीं मिलेगा। इनमें सामाजिक न्याय को प्राथमिकता दी गई। उच्च वर्ग में लोगों ने दलितों के साथ बहुत अत्याचार किये हैं, उन्हें घृणा की दृष्टि से देखा जाता था। हरिजन जब गांव में सफाई के लिये आता था तो उसे गले में बंधी हुई घंटी बजानी पड़ती थी, ताकि उच्च जाति के कहे जाने वाले लोग रास्ते से दूर हो जावे, कहीं हरिजन की छाया उन पर न पड़ जावे।

संविधान में समानता का अधिकार (Right of Equality) सबको दिया है। संविधान ने Equal Opportunity का अधिकार भी सबको दिया है। जैसा ऊपर कहा है। आरक्षण समानता के अधिकार का ही एक रूप है। आरक्षण संविधान की दैन है, उसे कोई समाप्त नहीं कर सकता। इसी प्रकार संविधान की पालना सबको करना है। आरक्षण समानता के अधिकार की दैन है। संविधान ने उसे दिया है, संविधान ही उसे समाप्त कर सकता है। अभी अभी जो चुनाव देश में लोकसभा के लिये हुये उसमें सत्ता में जो पार्टी है उसके विरूद्ध I.N.D.I.A ग्रुप ने आरोप लगाये कि वह पार्टी आरक्षण व संविधान समाप्त करना चाहती है, उसका परिणाम हुआ कि 400 पार के स्थान पर बहुमत का आंकडा भी सत्ता पक्ष बड़ी कठिनाई से प्राप्त कर सका। देश के संविधान के अनुसार कोई भी पार्टी संविधान भंग नहीं कर सकती और न आरक्षण ही समाप्त कर सकती है; क्योंकि जो भी कार्य होंगे वे सब संविधान के अनुसार ही होंगे। समता आन्दोलन समिति आरक्षण की समालोचक है। इसका मानना है कि आरक्षण दलितों व पिछड़ों के हित में है तथा सामाजिक समरसता के लिये भी आवश्यक है। इसके अध्यक्ष पाराशर नारायण शर्मा हैं। कुछ दिनों पूर्व समिति का वार्षिक अधिवेशन था। अपने उद्बोधन में पाराशर शर्मा ने कहा कि वे सबके साथ समानता के व्यवहार के पक्ष में हैं। उनका मत है कि ओबीसी वर्ग में पिछड़ों व वंचितों को आरक्षण का लाभ मिलना चाहिये। वे चाहते हैं कि ईडब्ल्यूएस के पांचों मापदण्ड उन पर भी लागू हों तथा क्रिमीलेयर की व्यवस्था को अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग में भी लागू हो। उन्होंने अपने भाषण में कहा कि ओबीसी का उपवर्गीकरण किया जाना भी आवश्यक है ताकि अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति में वंचितो और दलितों तक आरक्षण व सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंच सके। लेखक ने श्री पाराशर नारायण शर्मा के नाम का उल्लेख इसलिये किया है कि वे समता आन्दोलन समिति से जुडे हुये हैं और उनके उपरोक्त विचारों से सहमत हैं।

इस लेख में लेखक ने पटना हाईकोर्ट के निर्णय का उल्लेख इसलिये किया है कि इसमें माननीय सुप्रीम कोर्ट के सभी निर्णयों का उल्लेख है, जहां उन्होंने 50 प्रतिशत अधिक आरक्षण का अवैध करार दिया है और स्पष्ट किया है कि EWS का आरक्षण वर्तमान आरक्षण से भिन्न है जो SC/ST/OBC के आरक्षण पर लागू है और EWS कोटा इससे भिन्न है तथा इसे भी सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का आलम्बन प्राप्त है। पटना हाईकोर्ट के निर्णय के विरूद्ध अपील सुप्रीम कोर्ट में पेश की जा चुकी है। प्रश्न है जब उपरोक्त रेफर किये सुप्रीम कोर्ट के निर्णय सैद्धान्तिक रूप से 50 प्रतिशत से अधिक की सीमा को अवैध करार दे चुके हैं तथा EWS के अतिरिक्त आरक्षण को भी Uphold सुप्रीम कोर्ट कर चुका है तो अपील में (एसएलपी) में क्यों केस को मेरिट पर पुन: सुना जावे? इन्द्रा साहनी व एस नागराज तथा जनहित अभियान का निर्णय इस विषय पर अन्तिम माने जाने चाहिये; क्योंकि ये सभी निर्णय संविधान पीठ के हैं। निर्णयों की Finality को भी अनुच्छेद 21 के तहत त्वरित निर्णय के मूल अधिकार का भाग माना जावे लेखक की यह प्रार्थना है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# विश्वविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव होने चाहिए या नहीं ?



**प्रो. अशोक कुमार**

आज, भारत में छात्रसंघ चुनाव लिंगदोह समिति की सिफारिशों और सर्वोच्च न्यायालय के दिशा–निर्देशों के अनुसार होते हैं। इन नियमों का उद्देश्य चुनावों को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाना है और यह सुनिश्चित करना है कि छात्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले लोग वास्तव में उनके हितों का प्रतिनिधित्व करते हैं। भारतीय विश्वविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव होने चाहिए या नहीं, यह एक जटिल प्रश्न है, जिस पर वर्षों से बहस होती रही है। दोनों पक्षों के मजबूत तर्क हैं और अंतिम निर्णय व्यक्तिगत मूल्यों और विश्वासों पर निर्भर करता है।

**छात्र संघ चुनावों के पक्ष में तर्क:-**

**छात्र प्रतिनिधित्व :-** चुनाव छात्रों को विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ अपनी चिंताओं और मुद्दों को उठाने के लिए एक मंच प्रदान करते हैं। यह छात्रों को उनकी शिक्षा और परिसर के जीवन में अधिक सक्रिय भूमिका निभाने में सशक्त बनाता है।

**नेतृत्व विकास :-** चुनाव प्रक्रिया छात्रों को नेतृत्व कौशल, सार्वजनिक बोलने और बहस करने की क्षमता, और टीम वर्क विकसित करने का अवसर प्रदान करती है।

ये कौशल भविष्य के लिए फायदेमंद हो सकते हैं, चाहे छात्र किसी भी करियर का चयन करें।

**राजनीतिक जागरूकता :-** चुनाव छात्रों को राजनीतिक प्रक्रिया और उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करते हैं। यह उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित कर सकता है और चुनावों में भाग लेने और अपने समुदायों में योगदान करने के लिए प्रेरित कर सकता है।

**विविधता और समावेश :-** चुनाव विभिन्न पृष्ठभूमि और विचारधाराओं के छात्रों को प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्रदान करते हैं। यह परिसर में अधिक समावेशी और स्वागत योग्य वातावरण बनाने में मदद कर सकता है।

**छात्रसंघ चुनावों के खिलाफ तर्क:**

**राजनीतिकरण :-** चुनाव परिसर में राजनीतिक दलों और गुटों के बीच विभाजन पैदा कर सकते हैं। इससे तनाव, संघर्ष और यहां तक कि हिंसा भी हो सकती है।

**ध्यान भंग :-** चुनाव प्रचार और गतिविधियों में छात्रों का बहुत अधिक समय लग सकता है, जिससे उनकी पढ़ाई और शैक्षिणक प्रदर्शन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

**अनुचित प्रभाव :-** कुछ का तर्क है कि चुनावों में अक्सर धन, शक्ति और प्रभाव वाले छात्रों या समूहों का अनुचित लाभ होता है।

**प्रासंगिकता :-** कुछ का मानना है कि छात्रसंघ अब उतने प्रासंगिक नहीं हैं जितने पहले हुआ करते थे। आधुनिक विश्वविद्यालयों में छात्रों की चिंताओं का प्रतिनिधित्व करने के लिए कई अन्य तरीके मौजूद हैं, जैसे कि छात्र समितियां और प्रशासन के साथ सीधा संवाद।

**निष्कर्ष :-** छात्रसंघ चुनावों का विषय जटिल है और इसके पक्ष और विपक्ष दोनों में मजबूत तर्क हैं। नई शिक्षा नीति में छात्रों की भागीदारी देखकर वास्तव में आश्चर्य होता है। विभिन्न समिति में छात्रों का जुड़ाव विश्वविद्यालयों का है लेकिन छात्रसंघ का कोई उल्लेख नहीं है। मैं चाहता हूं और आशा करता हूं कि जब योजना का विवरण आएगा, तो छात्रसंघ के गठन और कार्य के बारे में कुछ योजना होगी यह प्रत्येक विश्वविद्यालय और उसके छात्र समुदाय पर निर्भर करता है कि वे तय करें कि उनके लिए क्या सही है।

**प्रो. अशोक कुमार**
**पूर्व कुलपति कानपुर, गोरखपुर विश्वविद्यालय, विभागाध्यक्ष राजस्थान विश्वविद्यालय।**

# खेतड़ी के भोपालगढ़ ग्राम के मुख्य द्वार पर गेट लगाने से ग्रामीणों में आक्रोश

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी कस्बे की पहाड़ी स्थित भोपालगढ़ ग्राम के मुख्य द्वार पर लोहे का गेट लगा देने से लोगों में आक्रोश पनप रहा है। गुरूवार को कस्बे के ग्रामीणों की ओर से एसडीएम को ज्ञापन देकर लोहे का गेट हटाने की मांग की है। एसडीएम सविता शर्मा को ग्रामीणों की ओर से दिए ज्ञापन में बताया कि भोपालगढ़ ग्राम करीब तीन सौ साल पुराना है, जिसमें खेतड़ी के तत्कालीन राजपरिवार के दो महल बने हुए हैं।

भोपालगढ़ के परकोटा बना हुआ है तथा इसमें जाने के लिए चारों दिशाओं में चार दरवाजे लगाए गए थे। इन दरवाजों से क्षेत्र के ग्रामीण, राजपरिवार व राज के कर्मचारी सदा से आते जाते थे। भोपालगढ़ ग्राम में ऐतिहासिक शिव मंदिर, सती मंदिर भी बना हुआ है। खेतड़ी व आसपास के ग्रामीण इन्हीं दरवाजों से मंदिर में पूजा अर्चना के लिए आते हैं। अभी तीन–चार दिन पहले पुरातत्व विभाग द्वारा भोपालगढ़ के मुख्य द्वार पर लोहे का गेट लगा दिया गया।



**ग्रामीणों ने गेट हटवाने की मांग को लेकर एसडीएम सविता शर्मा को ज्ञापन दिया।**

गेट लगा देने से आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तथा पहाड़ी पर हादसा होने का खतरा भी बना हुआ है। विभाग द्वारा बिना इजाजत के भोपालगढ़ के बने सिंह की हवेली की मरम्मत भी करवाई जा रही है, जिससे ग्रामीणों में काफी विरोध बना हुआ है। भोपालगढ़ में बने दोनों महल ठिकाने की संपत्ति है, जिसका विवाद भी सर्वोच्च न्यायालय में चल रहा है। भोपालगढ़ ग्राम में शिव मंदिर, सती मंदिर के अलावा अमर कुंड, गोपीनाथ मंदिर, बालाजी मंदिर, जमाई माता मंदिर बने हुए हैं, जहां लोग जात जडूले के लिए आते हैं। लोगों ने बताया कि सावन के महीने में शिव मंदिर में काफी संख्या में लोग पहुंचकर जलाभिषेक करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि विभाग द्वारा

**■ ग्रामीणों की ओर से एसडीएम को ज्ञापन देकर लोहे का गेट हटाने की मांग की**

लगाए गए गेट से आमजन में काफी विरोध है। य

ादि प्रशासन ने मामले में जल्द ही कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की तो ग्रामीणों की ओर से आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान एसडीएम ने मामले की जानकारी जुटाकर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर श्याम सिंह, रघुवीर प्रसाद, गौरव स्वामी, वासूदेव तिवाड़ी, लालसिंह, रामवतार, पवन कुमार शर्मा, संदीप कुमार, गोपाल, सोहनलाल, महेंद्र कुमार, सुनील, मदनलाल, हिरालाल, राहुल, संजय नालपुरिया, रौनक, बहादुर मल, जितेंद्र, महावीर, रोहिताश, राजू, अशोक, उमेश सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

# सुरजा देवी की पार्थिव देह सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज में दान की

**बीकानेर (निसं)।** वर्तमान समय में मेडिकल कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र–छात्राओं के प्रायोगिक अध्ययन हेतु मानव मृत शरीर की आवश्यकता रहती है जिससे विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता में बढ़ोतरी होती है। देह दान को लेकर बीकानेर के नागरिक भी जागरूक है।

इस क्रम में गुरूवार को सुरजा देवी पत्नी मोतीलाल लेघा निवासी गजनेर रोड़ कोठारी अस्पताल के पास, का निधन हो जाने पर उनकी पूर्व इच्छानुसार उनके परिजनों ने सुरजा देवी का पार्थिव देह एस.पी. मेडिकल कॉलेज के शरीर रचना विभाग को सुपूर्द किया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी, एनाटॉमी विभाग के डॉ. जसकरण, डॉ. गरिमा तथा वरिष्ठ तकनिशियन मोहन व्यास ने पार्थिव देह को पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

प्राचार्य सोनी ने सुरजा देवी के परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि वर्तमान में देह दान महादान की श्रेणी में आता है, सुरजा देवी के इस निर्णय से अनेक मेडिकल स्टूडेण्ट्स लाभान्वित होंगे। उल्लेखनीय है कि सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी द्वारा सर्व समाज में देह दान हेतु जन–जागरूकता अभियान नियमित रूप से चलाया जा रहा है, इस अभियान से प्रभावित होकर आम जन देह दान का फॉर्म भर रहे हैं। वर्ष 2019 से लेकर आज तक कुल 67 देह दान एस.पी. मेडिकल कॉलेज बीकानेर को प्राप्त हो चुकी है जिसमें 46 पुरूष एवं 21 महिलाओं की पार्थिव देह शामिल है। अक्टूबर 2022 से डॉ. गुंजन सोनी के प्राचार्य एवं नियंत्रक पद पर पदभार ग्रहण करने से लेकर आज तक देहदान की इच्छा जताने के लिए कुल 117 लोगों ने मरणोपरान्त अपनी देह दान करने का फॉर्म भरा हुआ है जिसमें 95 फॉर्म पुरूषों के तथा 54 फॉर्म महिलाओं के शामिल है। हालांकि हमारे देश में मृत्यु के उपरांत देहदान बहुत कम किया जाता है लेकिन ये समय की जरूरत है। देश के कुछ शीर्ष नेताओं ने ऐसा करके एक मिसाल भी पेश की है।





**प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी ने देहदानी सुरजादेवी को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।**


**■ वर्ष 2019 से लेकर आज तक 67 देह दान एस.पी. मेडिकल कॉलेज को प्राप्त हो चुकी है**

## पैंथर ने गाय के बछड़े को शिकार बनाया

**मंडफिया, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र भदेसर के धीरजी का खेड़ा गांव में बीती रात को एक पैंथर ने गाय के बछड़े का शिकार कर लिया। सुबह जब मालिक अपने बाड़े में पहुंचा तो इस बात की जानकारी हुई। इसके बाद तुरंत इसकी सूचना ग्रामीणों को दी। धीरजी खेड़ा गांव में बुधवार रात को एक पैंथर बाड़े में घुसकर एक गाय के बछड़े पर हमला कर दिया।

बाड़े के मालिक सुरेश सुथार ने बताया कि सुबह जब 6 बजे वह पशुओं का दूध निकालने बाड़े में गया तो मौके पर गाय का बछड़ा गायब मिला। गाय के बछड़े को जब आसपास ढूंढना शुरू किया तो कुछ ही दूर पर गाय का बछड़ा मृत पड़ा मिला। इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी गई। मौके पर टीम पहुंची और जांच करने पर गाय के बछड़े पर पैंथर का हमला होना बताया। पूर्व में भी भदेसर क्षेत्र के गांवों में कई बार पैंथर की हलचल देखी गई थी। पहले भी इन क्षेत्रों में पैंथर कई पशुओं को अपना शिकार बना चुके हैं। इस घटना से ग्रामवासियों में भारी भय व्याप्त है।

## राशिफल शुक्रवार 19 जुलाई, 2024



**पंडित अनिल शर्मा**


आषाढ़ मास, शुकल पक्ष, त्रयोदशी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2081, शूल नक्षत्र रात्रि 2:55 तक, ऐन्द्रयन योग रात्रि 2:41 तक, कौलव करण प्रात: 8:13 तक, चन्द्रमा आज धनु राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–कर्क, चन्द्रमा–धनु, मंगल–वृष, बुध–कर्क, गुरू–वृष, शुक्र–कर्क, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज रवियोग रात्रि 11:00 तक है और रात्रि 2:55 से पुन: आरम्भ होगा। आज बुध मघा सिंह में रात्रि 8:46 पर प्रवेश करेगा। आज प्रदोष व्रत है।


**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 7:29 तक, लाभ–अमृत 7:24 से 10:49 तक, शुभ 12:33 से 2:14 तक, चर 5:36 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 5:48, सूर्यास्त 7:17




**मेष**

परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्य के लिए बाहर जा सकते हैं। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**सिंह**

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से व्यावसायिक अनुबंध बनेंगे। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।




**धनु**

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा। महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे।




**वृष**

शुभ कार्यों में व्यवधान आ सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। मित्रों/रिश्तेदारों से वाद–विवाद हो सकता है।




**कन्या**

घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। मांगलिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**मकर**

अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी।




**मिथुन**

परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।




**तुला**

आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।




**कुंभ**

आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।




**कर्क**

स्वास्थ्य से संबंधित चिन्ता दूर होगी। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**वृश्चिक**

आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



**मीन**

व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। नवीन कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

# बजट को देखकर लगता है हमारा क्या है, सब कुछ तो ठाकुर का है : हरीश चौधरी

## बीजेपी विधायकों ने हरीश चौधरी पर जातिवाद फैलाने और एक वर्ग को आहत करने का आरोप लगाया

- संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा हम सब एक हैं, आहत करने वाली टिप्पणी नहीं करनी चाहिए
- विधायक अमृतलाल मीणा ने कहा हरीश चौधरी एससी-एसटी को ठाकुर बता रहे थे। वो कितने सच्चे, कितने काले हैं, इसकी जांच होनी चाहिए। मीणा ने कहा कि देश की पाइपलाइन, पूरी रिफाइनरी खा गए

**जयपुर,** (वि.सं.)। विधानसभा में अनुदान मांगों पर बहस के दौरान कांग्रेस विधायक हरीश चौधरी ने बजट की तुलना ठाकुर का कुआं कविता से की। हरीश चौधरी ने कहा क्रांतिकारी कवि ओमप्रकाश वाल्मीकि ने ठाकुर का कुआं कविता के जरिए भेदभाव का दर्द बयां किया था। वो ही दर्द इस बजट को पढ़कर दिखेगा।

उन्होंने कहा कि मैं कम पढ़ा जरूर हूं, केवल पोस्ट ग्रेजुएट हूं। चूल्हा मिट्टी का, मिट्टी तालाब की, तालाब ठाकुर का, भूख रोटी, रोटी बाजरे की, बाजरा खेत का, खेत ठाकुर का। बैल ठाकुर का, हल ठाकुर का, हल की मूठ पर हथेली अपनी। फसल ठाकुर की, कुआं ठाकुर का खेत-खलिहान ठाकुर के। हमारा क्या है, हमारा कुछ नहीं है, सब कुछ ठाकुर का है। हम आरक्षण के नाम पर दर्द बयां करते हैं तो हंसी उड़ाई जाती है। 80 फीसदी संसाधन ऊंची जातियों के पास हैं। हम पिछड़ों के पास क्या है। हम लोग जो ओबीसी में पिछड़े आते हैं उनका क्या है। केवल 17 परसेंट मिला। नौकरियों में रोस्टर के नाम पर खेल किया जाता है। ओबीसी वोट के समय ही याद आते हैं।

बीजेपी विधायकों ने हरीश चौधरी पर जातिवाद फैलाने और एक वर्ग को आहत करने का आरोप लगाया। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने सभापति से इसे कार्यवाही से निकालने की मांग की। पटेल ने कहा हम सब एक हैं, आहत करने वाली टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। पटेल ने हरीश चौधरी से कहा कि आपने जो बोला आपके विषय के अनुकूल नहीं है, आपको स्वीकार करना पड़ेगा आप किसी को ठेस नहीं पहुंचा सकते। इस पर सभापति संदीप शर्मा ने कहा कि जो सदन के अनुकूल नहीं होगा उसको कार्यवाही से निकाल दिया जाएगा।

बीजेपी विधायक अमृतलाल मीणा ने हरीश चौधरी पर पलटवार किया। उन्होंने कहा हरीश चौधरी एससी-एसटी को ठाकुर बता रहे थे। वो कितने सच्चे, कितने काले हैं, इसकी जांच होनी चाहिए। मीणा ने कहा कि देश की पाइपलाइन, पूरी रिफाइनरी खा गए। उस एरिया में जाकर देखें, किसी पर उंगली उठाने से क्या होता है। सब जानते हैं पूरे बाड़मेर को लूट लिया। आदिवासी को ठाकुर कह रहे हैं। यह सहन नहीं होगा, नहीं सहेगा राजस्थान, नहीं सहेगा एससी-एसटी।

इस पर हरीश चौधरी ने कहा हिम्मत है तो कर लो, यह आवाज मजदूर पिछड़ों की है, तमाम लोग इकट्ठे हो जाएं यह दबा नहीं सकते हैं। हरीश चौधरी जर खरीद लोगों के आगे नहीं झुकेगा।

# 'प्रदेश में 7 अगस्त को 1 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जाएंगे'



अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार ने गुरूवार को सभी जिलों के कलेक्टरों को शासन सचिवालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्देश दिए।

- इस अभियान में वन विभाग 60 लाख और ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग 40 लाख पौधे लगाएगा

**जयपुर ।** अतिरिक्त मुख्य सचिव, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज अभय कुमार ने गुरूवार को कहा कि प्रदेश में "हरियालो राजस्थान" अभियान के तहत 7 अगस्त हरियाली तीज के शुभ अवसर पर प्रदेश में 1 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने के लिए पूर्व में ही आवश्यक तैयारियों को सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि समय रहते पौधों के लिए गड्ढे खोदे जाए। साथ ही यदि किसी जिले में पौधों की उपलब्धता नहीं है तो पूर्व में ही सूचित करें ताकि समय रहते उपलब्ध कराए जा सकें।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की इस महत्वाकांक्षी पहल को सफल बनाने के लिए सभी जिलों के कलेक्टरों को शासन सचिवालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान प्रदेश को हरियाली से भरने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

अभय कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान में हमारा लक्ष्य न केवल अधिक से अधिक पौधे लगाना है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना है कि वे पौधे जीवित रहें और फल-फूल सकें। सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने जिलों में इस अभियान को सफलता पूर्वक लागू करे और इसकी निगरानी करें।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि इस कार्यक्रम में महिलाओं की विशेष भागीदारी सुनिश्चित की जाए। जिसमें महिला जनप्रतिनिधि, महिला अधिकारी/कर्मचारी, लखपति दीदी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका, आशा सहयोगिनी, राजीविका सखी, नरेगा महिला मेट, महिला स्वयं सहायता समूहों के सदस्य, स्कूल एवं कॉलेज की छात्राएं आदि हर स्तर के कार्यक्रम में भागीदारी हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण अभियान में महिलाओं को जोड़ा जाए। साथ ही जिला, ब्लॉक, ग्राम पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करते हुए प्रत्येक गांव में वृक्षारोपण किया जाए। उन्होंने कहा कि राजीविका की महिलाएं इस कार्य में बढ़-चढ़ कर भाग ले, यह सुनिश्चित किया जाए। ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़ कर भाग ले और प्रदेश को हरा-भरा बनाने में अपना योगदान दे।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरिजीत बनर्जी ने कहा कि वन विभाग द्वारा 7 अगस्त से वृक्षारोपण के दौरान लगने वाले पौधे वन भूमि में ही लगाए जाऐंगे। उन्होंने कहा कि चूंकि इस दिन बड़े स्तर पर वृक्षारोपण होना है। अतः श्रमिकों की समस्या नहीं हो यह सुनिश्चित किया जाए। शासन सचिव, पंचायती राज रवि जैन ने कहा कि पौधों के वृक्षारोपण के बाद उन्हें फोटो सहित राज जिओ ट्री एप पर अपलोड करें।

इस महत्वपूर्ण अभियान में ग्रामीण एवं पंचायती राज, राजीविका, जलग्रहण विकास, शिक्षा, कृषि एवं उद्यानिकी, वन एवं पर्यावरण, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, सार्वजनिक निर्माण, एनएएचआई, उद्योग, रीको, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी, जल संसाधन, चिकित्सा, खनिज, नगरीय विकास, स्वायत्त शासन एवं आवासन सहित अन्य विभागों की भागीदारी रहेगी। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# इन्टेलीजेंस ट्रेनिंग अकादमी में एविएशन सिक्युरिटी ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के लोगों का अनावरण

- डीजी इंटेलिजेंस अग्रवाल ने आईबी में कांस्टेबल के पहले बैच से संवाद किया

**जयपुर।** पुलिस महानिदेशक इन्टेलीजेंस, राजस्थान संजय अग्रवाल ने इन्टेलीजेंस ट्रेनिंग अकादमी, जयपुर में राज्य विशेष शाखा के प्रथम बार चयनित कांस्टेबल के बैच से संवाद किया। अग्रवाल ने इस मौके पर एविएशन सिक्यूरिटी ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, जयपुर के लोगो का भी अनावरण किया।

डीजी अग्रवाल ने आईबी के प्रथम बैच के कांस्टेबल प्रशिक्षुओं से संवाद कर सभी प्रशिक्षणार्थियों को वर्तमान में तकनीकी विकास के परिदृश्य में आसूचना एवं सुरक्षा की दृष्टि से मन लगाकर प्रशिक्षण प्राप्त करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के अन्त में अकादमी निदेशक दीपक भार्गव ने प्रशिक्षण के दौरान भविष्य की चुनौतियों के अनुसार किये जा रहे नवाचारों के अन्तर्गत सोशल मीडिया निगरानी, साईबर सुरक्षा एवं ड्रोन प्रशिक्षण के संबंध में अवगत कराया। साथ ही संस्था में चल रहे नवीनीकरण कार्यों की जानकारी दी।





समारोह के दौरान अग्रवाल ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शालीनी सक्सेना को डीजी नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) द्वारा प्रदत्त डीजी डिस्क प्रदान की। एएसटीआई के इन्स्ट्रेक्टर हीरालाल शर्मा, सुमिता शर्मा, राजकुमार शर्मा, विकास टिबरेवाल को बीसीएएस इन्स्ट्रेक्टर चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया। साथ ही उप निरीक्षक रामचन्द्र कुमावत को स्क्रीनर चिन्ह एवं प्रमाण पत्र तथा एएसटीआई की स्थापना में उत्कृष्ट कार्य करने पर रमेश शर्मा को प्रमाण पत्र मय चिन्ह प्रदान किया गया।

इस अवसर पर महानिरीक्षक पुलिस सुरक्षा राजेश मीणा, उप महानिरीक्षक पुलिस एसएसबी विकास शर्मा, उप महानिरीक्षक पुलिस इन्टेलीजेंस डॉ. राजीव पचार, उप महानिरीक्षक पुलिस एवं निदेशक, इन्टेलीजेंस प्रशिक्षण अकादमी जयपुर के प्रशिक्षणार्थी एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

# दिलावर ने सदन में माफी मांगी

**जयपुर,** (वि.सं.)। आदिवासियों के डीएनए वाले बयान पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने विधानसभा में आज माफी मांग ली है। विधानसभा में आज प्रश्नकाल शुरू करने से पहले ही दिलावर को स्पीकर ने बोलने की इजाजत दी। दिलावर के खड़े होते ही विपक्ष ने आपत्ति की, लेकिन स्पीकर ने कहा कि आपको सुनना पड़ेगा। इसके बाद दिलावर ने कहा कि यदि विपक्षा को या मेरे आदिवासी भाईयों को मेरे बात करने से, मेरे बोलने से या कुछ बातों से कष्ट हुआ है तो मैं उसके लिये खेद प्रकट करता हूं। गौरतलब है कि विपक्षी कांग्रेस और बीएपी ने मदन दिलावर का सदन में बहिष्कार कर रखा था। दिलावर जैसे ही सदन में शिक्षा से जुड़े सवालों या किसी मुद्दे का जवाब देने खड़े होते थे, विपक्ष हंगामा करता था।

# जैसलमेर में हुए गौशालाओं के फर्जीवाड़े में पूर्व मंत्री सालेह मोहम्मद के शामिल होने का आरोप

## पिछली सरकार के समय दो साल में 51 करोड़ 23 लाख रुपये का अनुदान उठा लिया गया : कालीचरण सराफ

**जयपुर,** (वि.सं.)। जैसलमेर जिले की गौशालाओं में कांग्रेस राज के दौरान हुए फर्जीवाड़े में बीजेपी विधायक कालीचरण सराफ ने पूर्व मंत्री सालेह मोहम्मद और उनके नजदीकी लोगों के शामिल होने का आरोप लगाया।

सराफ ने कहा कि जिन 12 गौशालाओं का अनुदान रोका गया वे पूर्व मंत्री सालेह मोहम्मद और उनके नजदीकी लोगों की गौशालाएं थीं। उन्होंने गड़बड़ी की, लेकिन राजनीतिक पहुंच के कारण उनकी जांच नहीं हुई। उन्होंने कहा कि इन गौशालाओं में 7129 गायें बताई गई और जांच के दौरान केवल 310 मिलीं। आपने अनुदान तो रोक दिया पर क्या यह सही है कि पिछली सरकार के समय दो साल में 51 करोड़ 23 लाख रुपये का अनुदान उठा लिया गया। उस पर क्या वसूली की कार्यवाही करेंगे।

जवाब में पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि इस मामले की एसीबी में जांच प्रक्रियाधीन है। 32 गौशालाओं ने फर्जी तरीके से अनुदान उठाया, वहां जांच करवाने पर पाया गया कि जितनी गायों की संख्या बताई थी, उतनी गायें जांच में मौके पर नहीं मिलीं। अनुदान में फर्जीवाड़ा हुआ तो वसूली भी करेंगे। उन्होंने कहा कि कोई कितनी भी पहुंच वाला आदमी हो, यदि जांच में फर्जीवाड़ा पाया गया तो कार्यवाही करेंगे और वसूली भी करेंगे।

# पुलिस की सक्रियता के चलते फायरिंग की घटनाओं में आई कमी : दिनेश एम.एन.

**जयपुर।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पुलिस एजीटीएफ एवं अपराध दिनेश एमएन ने कहा कि पराधियों की धर पकड़ एवं इनकी गतिविधियों पर निगरानी के सकारात्मक परिणाम स्वरूप प्रदेश में फायरिंग की घटनाओं में इस साल बड़ी गिरावट दर्ज की गई है।

पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एडीजी दिनेश एमएन ने बताया कि फायरिंग के प्रकरणों में वर्ष 2023 के मुकाबले इस वर्ष जून महीने तक दर्ज किए गए प्रकरणों की संख्या में 41.89 प्रतिशत, घायलों की संख्या में 59.56 एवं मृतकों की संख्या में 44.44 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। एमएन ने बताया कि प्रदेश में फायरिंग के मामले में साल 2021 में जून महीने तक 223 प्रकरण दर्ज हुए। जिसमें 129 घायल व 32 की मौत हो गई। साल 2022 में जून महीने तक 272 प्रकरण दर्ज हुए, जिसमें 151 घायल व 30 की मौत हो गई।

इसी प्रकार साल 2023 में जून महीने तक 265 प्रकरण दर्ज हुए, जिसमें 183 घायल व 27 की मौत हो गई। इसकी तुलना में साल 2024 में जून महीने तक 154 प्रकरण दर्ज हुए, जिसमे 74 घायल व 15 की मौत हुई है।

एन्टी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने 16 दिसम्बर2023 से अब तक 37 ईनामी अपराधी गिरफ्तार किये गये। इनमें 1 लाख का 1, 50 हजार के 6, 35 हजार के 3, 25 हजार के 11, 20 हजार के 2, 15 हजार का 1, 10 हजार के 5 और 5 हजार के 8 ईनामी शामिल है। इनमें 25 हजार का ईनामी आतंकवादी मेराजूद्दीन को गिरफ्तार किया था।

वहीं अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही में कुल 14 अपराधी गिरफ्तार कर 8,628 किलोग्राम डोडा चुरा व पोस्त, 2 किलो 50 ग्राम अफीम 534 कार्टून अवैध अग्रेजी शराब एवं 124 कार्टून अवैध देशी शराब जब्त की गई।

अवैध हथियारों के विरूद्ध कार्रवाई में कुल 17 अपराधी गिरफ्तार कर 68 अवैध हथियार, 19 मैग्जीन व 112 कारतूस जब्त किए गए।

राजू ठेहट गैंग को हथियार सप्लाई करने वाले अपराधी को करौली से 9 अवैध देशी पिस्टल, 16 मैगजीन व 02 कारतूस के साथ गिरफ्तार किया।

डकैतों व बदमाशों को हथियार सप्लाई करने वाले अपराधियों को धौलपुर से 20 अवैध हथियार व 32 कारतूस के साथ गिरफ्तार किया।

# बिजली-पानी के मुद्दे पर सदन में हंगामा

- कांग्रेस के बिजली बैंकिंग समझौते के कारण अन्य राज्यों को पीक सीजन में वापस लौटानी पड़ती है : हीरालाल नागर

**जयपुर,** (वि.सं.)। विधानसभा में आज शून्यकाल के दौरान बिजली संकट के मुद्दे पर कांग्रेस विधायकों ने हंगामा किया। कांग्रेस विधायक हरिमोहन शर्मा ने शून्यकाल में पर्ची के माध्यम से बिजली संकट का मुद्दा उठाते हुए कहा कि आज बिजली को लेकर त्राहिमाम है। कोई सुनने वाला नहीं है। कोई बिजली,पानी मांगने आंदोलन करता है तो सरकार जेल में डाल देती है। बूंदी में हमने प्रदर्शन किया तो हमारे नेताओं के खिलाफ ही मुकदमे कर दिए।

इसके बाद उर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने जवाब में कहा कि कांग्रेस सरकार ने दूसरे राज्यों से समझौते किए और पीक सीजन में जब राजस्थान में डिमांड ज्यादा होती है बिजली बैंकिंग समझौते के तहत उन राज्यों को वापस लौटानी पड़ती है।

उन्होंने कहा कि जुलाई से सितंबर तक बिजली वापस लौटाने के समझौते कांग्रेस सरकार ने किए, इससे ही दिक्कत हुई है। कांग्रेस राज के कारनामों से जनता को दिक्कत हुई है।

मंत्री के जवाब के दौरान ही कांग्रेस विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया।

# भील प्रदेश हमारा अधिकार : थावरचंद

**जयपुर,** (वि.सं.)। बीएपी विधायक थावरचंद गहलोत भील प्रदेश लिखी टी-शर्ट पहनकर सदन में पहुंचे। उन्होंने विधानसभा में भील प्रदेश की मांग उठाई। थावरचंद ने कहा कि आज जब मैं सदन में बोल रहा हूं उस समय मानगढ़ धाम में 4 राज्यों के 10 लाख आदिवासी महासम्मेलन में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम आदिवासियों को गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और राजस्थान में बांट दिया गया है। हमारी बोली, संस्कृति, रीति-रिवाज एक है, तो हम सब मिलकर भील प्रदेश क्यों नहीं बना सकते हैं। मैं भी प्रदेश की मांग जाति के आधार पर नहीं कर रहा हूं। जब गुजराती के नाम पर गुजरात, मराठी के नाम पर महाराष्ट्र, पंजाबी के नाम पर पंजाब राज्य बन सकता है तो भीली बोली के आधार पर भील प्रदेश क्यों नहीं बन सकता है।


**तीये की बैठक**



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करते है कि मेरी धर्मपत्नी श्रीमती यशोदा कँवर का स्वर्गवास 17.07.2024 हो गया है। जिनकी तीये की बैठक 19.07.2024 को सांय 5 से 6 बजे तक निवास स्थान- प्लॉट नंबर 4 बागडो की ढाणी शेखावत मार्ग हरनाथपुरा कालवाड रोड झोटवाडा पर होगी।

**शोकाकुलः** ठा सा शम्भु सिंह, (पति) भवर सिंह, विजय सिंह (जेठसा) विजेंद्र, राहुल (बेटा) माहीराज (पोता) युवराज, लक्ष्यप्रताप (दोयता) एवं समस्त चौहान परिवार

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**शोक संदेश**



अत्यंत दुःख के साथ सूचित कर रहे हैं कि हमारे पूजनीय पिताजी

**कॉमरेड श्री आर.पी. तिवारी जी**

का देवलोक गमन दिनांक 17.07.2024 को हो गया है। जिनकी फूल चुनने की रस्म दिनांक 19.07.2024 (शुक्रवार) को प्रातः 9 बजे किशोरपुरा मुक्तिधाम में होगी।

**नियमित बैठक (12 वें तक), स्वनिवास- 1/25, स्वामी विवेकानन्द नगर, कोटा पर रहेगी।**

शोकाकुल परिवार : श्रीमती इन्द्रा तिवारी (धर्मपत्नी), गोविन्द तिवारी (भ्राता), उषा दीक्षित (बहन), राजीव तिवारी (बीमा अन्वेषक)-दीप्ती, क्रांति तिवारी-पुष्पा, पीयूष तिवारी (दैनिक राष्ट्रदूत)-आशाश्री (पुत्र-पुत्रवधु), अदिति-राहुल मिश्रा, अर्चना-अंतिम तिवारी, अवनिका-तनु शर्मा (पुत्री-दामाद), बृजभूषण तिवारी, सिद्धार्थ तिवारी (भतीजे), रमन, राधिका (भतीजी), सोनल तिवारी-मधु (पौत्र-पौत्रवधु), अमृता, कृतिका (पौत्रियाँ), मोहित (पौत्र), श्रीवासु, श्रीअंश (पड़पौत्र), गौरव मिश्रा-निक्की (नाती-नाती बहू), अनमोल, पीहू (नातिन) एवं समस्त तिवारी परिवार।

**क्रांति तिवारी (पीसीसी सदस्य) 92524 58760**



**दी ब्रह्मपुरी रिफ्यूजी कोआपरेटिव हाऊसिंग सोसायटी लिमिटेड**
**87, सिंधु भवन, कंवर नगर, राजमल का तालाब, जयपुर।**

**सूचना**

दी ब्रह्मपुरी रिफ्यूजी को- ऑपरेटिव हाऊसिंग सोसायटी लिमिटेड, 87, कंवर नगर, जयपुर के द्वारा प्लाट नम्बर 10-बी के लिए श्री चूहड़मल पुत्र श्री रतनचन्द को जारी मूल आवंटन खो गया है। स्व. श्री चूहड़मल के वारिसान द्वारा डुप्लीकेट आवंटन पत्र के लिए आवेदन किया है। समस्त को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिनों में सोसायटी को सूचित करें अन्यथा डुप्लीकेटआवंटन पत्र जारी कर दिया जावेगा।

सचिव 9928130565 अध्यक्ष 9829067379

रजि.नं. 2387-एल दिनांक-23.12.1966

**खुदाबादी सोनार को-आपरेटिव हाऊसिंग सोसायटी लि. जयपुर**

कार्यालय प्लाट नं. 16, श्री कल्याण विहार सांगानेर जयपुर

**आम सूचना** समिति के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की विशेष आम सभा दिनांक 05.08.2024 को समिति कार्यालय 16 श्री कल्याण बिहार सांगानेर जयपुर पर प्रात 11.00 बजे आयोजित की जावेगी। जिसमें बकाया ऑडिट कराने एवं ऑडिटर की नियुक्ति किये जाने का निर्णय लिया जाना है। अतः सभी सदस्य आवश्यक रूप से उपस्थित होने का कष्ट करें। कोरम के अभाव में स्थगित आम सभा उसी दिनांक को उसी स्थान पर एक घंटे पश्चात आयोजित की जावेगी। (अध्यक्ष/मंत्री) 9784248795

**नाम परिवर्तन**

मै पिंकल कुमारी पत्नी दीपक कुमार जाखड़ आर्मी नं. 3207973-एल पता- ग्राम घण्डावा पो. बिगोदना, तह. सुरजगढ, जिला झुंझूनूं राज. 333026, मेरे पति के आर्मी दस्तावेज में मेरा नाम पिंकल देवी दर्ज है, जो कि गलत है, सही नाम पिंकल कुमारी है, अत पिंकल कुमारी दर्ज करें।

I have changed my name from Vanshikha Maheshwari to Vanshika Maheshwari D/o Naveen Maheshwari. I should be known by Vanshika Maheshwari only in future. Address. 468-A, Vivek Vihar, New Sanganer Road, Sodalam, Jaipur-302019

I have changed my name after marriage Shilpa Nathani to Shilpa Choudhary for all purpose in future. R/o 1-2, Peari Green Acre, Shri Gopal Nagar, Jaipur-302019

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा अभिभाष्य श्री मालीराम शर्मा पुत्र श्री प्रभूदयाल जी शर्मा उम्र 60 वर्ष, निवासी 164/39 प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर राजस्थान जो रामराजपुरा गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर रजि. नम्बर 2750/एल द्वारा विकसित आवासीय योजना अरिहन्त एन्क्लेव में स्थित प्लॉट संख्या 467 कुल क्षेत्रफल 183.33 वर्गगज को जरिये इकरारनामा क्रय कर रहा है जिसकी रजिस्ट्री आगामी 10 दिवस में करवायेगा जिस किसी को भी उक्त प्लॉट के संबंध में आपत्ति हो मुझसे या मेरे अभिभाष्या से सम्पर्क कर लेवे। सूचित रहे।

अधिवक्ता-निरंजन कुमार रईसवाल (राज. हाईकोर्ट जयपुर राजस्थान) मोबाईल नम्बर 9079866943

**आम सूचना** सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि मूल आवंटी श्री श्याम सुन्दर कोठारी पुत्र श्री कालूलाल जी, जयपुर के पक्ष में निष्पादित प्लॉट नम्बर डी-193 ए, गाँधीनगर योजना, मोती मार्ग बापू नगर टोंक रोड, जयपुर के विक्रय पत्र दिनांक 28.05.1958 के साथ सलंग्न समस्त स्टाम्प पेपर एवं साईट प्लान कहीं खो गए है जिसके सम्बन्ध में पूर्व में समस्त स्टाम्प पेपर बाबत दिनांक 16.07.2012 को पुलिस थाना गाँधीनगर, जयपुर एवं दिनांक 14.06.2024 को उक्त प्लॉट नम्बर डी-193 ए, गाँधीनगर योजना, मोती मार्ग, बापू नगर, टोंक रोड, जयपुर के साईट प्लान गुम होने के बाबत रवि सौंखिया पुत्र श्री दिनेश सौंखिया निवासी प्लॉट नं. डी-193 ए, मोती मार्ग, बापू नगर, जयपुर हाल निवासी मकान नं. ए-7, सुभाष नगर, शास्त्री नगर, जयपुर द्वारा जरिये विक्रय पत्र दिनांक 17.10.2012 खरीद कर रखा है। द्वारा गुमशुदगी दिनांक 06.07.2024 को पुलिस थाना शास्त्री नगर पर दर्ज करवाई गई थी। उक्त प्लाट नं. डी-193 ए, गाँधीनगर योजना, मोती मार्ग, बापू नगर, जयपुर को खरीदने हेतु भारतीय स्टेट बैंक आरसीपीसी जयपुर में ऋण के लिए आवेदन प्राप्त हुआ है, यदि किसी को आपत्ति हो तो सात दिवस में सम्पर्क करें बाद मियाद आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। (दीपक पारीक) अधिवक्ता मो. 9414238509

**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय सहायक कलेक्टर (फास्ट ट्रैक) श्रीमाधोपुर
पूणीसिंह आदि विरूद्ध पूर्णन्द्र आदि
दावा बाबत इस्तकरार हक, स्थाई निषेधाज्ञा एवं दुरूस्ती रिकार्ड
मुकदमा नम्बर-37/2023

बनाम

1. पूर्णचन्द पुत्र श्री झाबरमल अग्रवाल, 2. इन्द्र मल पुत्र श्री झाबरमल अग्रवाल, 3. सांवरमल पुत्र श्री झाबरमल अग्रवाल, 4. माया देवी पुत्री श्री झाबरमल अग्रवाल, 5. प्रेमलता वेवा झाबरमल समस्त जाति महाजन निवासीगण निवासीगण ग्राम झाडली तहसील श्रीमाधोपुर जिला सीकर (राज.)

वादीगण पूणीसिंह ने आपके विरूद्ध दावा बाबत इस्तकरार हक, स्थाई निषेधाज्ञा एवं दुरूस्ती रिकार्ड के लिये वाद पंजीकृत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 23.07.2024 को दिन में 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या सुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन मे साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह वाद ता. 15 माह 07 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

मोहर अदालत न्यायाधीश-(फास्ट ट्रैक) श्रीमाधोपुर (नीम का थाना)

**खोया पाया**

मेरे मकान नम्बर 8/HMM/18, इन्दिरा गांधी नगर, जगतपुरा का डिक्लेरेशन लेटर कहीं खो गया मिलने पर सूचित करें। मेवाराम-8696199400

मकान नम्बर 194/205 प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर का मूल आवंटन पत्र, मूल नाम हस्तानांतरण पत्र कहीं खो गए है मिलने पर सूचित करें कुसुम पटवारी-9887031390

मेरे आवास 42/22/10 स्वर्ण पथ, मानसरोवर जयपुर का मूल आल्लोटमेंट लेटर कहीं खो गया है, जो कि आवासन मण्डल द्वारा जारी है कृपया मिलने पर सूचित करें विजय कुमार-9929672300

मैं बनवारी लाल मीणा पुत्र राम किशोर निवासी सीतारामपुरा कोटखावदा चाकसू मेरा एक प्लॉट नंबर 154 (25x36=100 वर्गगज) शिक्षा सागर वार्ड नंबर 26 टोंक रोड चाकसू स्कीम में है जिसके किसान मजदूर गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर द्वारा जारी मूल दस्तावेज खो गए है मिलने पर संपर्क करें-9929365323

मैं शोएब अहमद मेरे मकान नम्बर 40 शिकारियों की मोरी, घोड़ा निकास रोड जयपुर की असल रजिस्ट्री मय नक्शा जिसका GRN नम्बर 0091843253 है कहीं गिर गये है मिलने पर सूचित करें। मो.नं. 9829009484

मेरे एवं मेरी पत्नी मृदुलारानी जैन के पैनकार्ड, आधारकार्ड की फोटोकॉपी तथा प्लॉट नं. जी-1-15 अपरैलपार्क, जगतपुरा, जयपुर के फैक्ट्री निर्माण के मूल डॉक्यूमेन्ट्स तथा इसी की रजिस्ट्री की फोटोकॉपी कहीं खो गई है। मिलने पर सूचित करें। रविकुमार जैन पुत्र स्व. डी.सी. जैन, सी-240 तिलक नगर, जयपुर-9414320885

**आम सभा की सूचना**

क्रमांक-15 दिनांक-18.07.2024

समिति के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा दिनांक 02.08.2024 को प्रात 11 बजे समिति कार्यालय तंवर भवन नाडी का फाटक बैनाड रोड पर आयोजित की जायेगी, आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है बैठक का एजेण्डा निम्नानुसार है- 1. गत आमसभा की पुष्टि। 2. समिति की गत वर्षो की आडिट का अनुमोदन एवं आडिट अनुपालना पर विचार। 3. अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति से कोरम के अभाव में स्थगित आम सभा पुन 01 घण्टे बाद उसी स्थान पर आहूत की जायेगी।

मंत्री
लक्ष्मण डूंगरी कची बस्ती गृह निर्माण सहकारी समिति लि.

**नगर निगम ग्रेटर जयपुर**
पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, जयपुर

क्रमांक :– जसअ/2024–25/60 दिनांक: 16.07.2024

**ई–निविदा सूचना क्रमांक :– 19/2024–25**

नगर निगम ग्रेटर जयपुर के झोटवाडा, मानसरोवर, मुरलीपुरा तथा विद्याधर नगर जोन के ट्रांसफर स्टेशनो से सेवापुरा कचरागाह तक कचरा, मलबा एवं ट्रांसफर स्टेशन पर आने वाली अन्य समस्त सामग्री परिवहन का कार्य हेतु पंजीकृत फर्म्स से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, विस्तृत सूचना एवं शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट www.jaipurmc.org, www.sppp.raj.nic.in and www.eproc.rajasthan.gov.in पर स्टेट पब्लिक प्रोक्यूरमेन्ट के UBN No. JMC2425GLOB00310 पर देखी जा सकती है।

उपायुक्त (गैराज) नगर निगम ग्रेटर जयपुर

राज.संवाद/सी/24/2417

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, फुलेरा जिला जयपुर**

क्रमांक-न.पा.फु/2024-25/721 **विज्ञप्ति सूचना** दिनांक-18.07.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्तियों ने आवासीय भू-उपयोग परिवर्तन हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है।

| क्र.सं. | प्रार्थी का नाम | स्थान | उपयोगार्थ | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती सुशीला देवी पत्नी श्री स्व. श्री बजरंग लाल अग्रवाल | आवासीय भूखण्ड न्यू कॉलोनी सांभर रोड, फुलेरा | आवासीय से व्यवसायिक | 833.33 वर्गगज |

उपरोक्त व्यक्ति को व्यवसायिक भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने में कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन से सात (7) दिवस में इस कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद मयाद उक्त व्यक्ति के पक्ष में प्रकरण का निष्पादन कर दिया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका मण्डल, फुलेरा

**कार्यालय पंचायत समिति गोविन्दगढ़, जयपुर**
Email: bdo.jai.gov@gmail.com, Phone No. 01423-230025

क्रमांक-पंसगो/लेखा/ई-निविदा/2024/22 दिनांक-16.07.2023

**ई-निविदा सूचना संख्या /2024-25**

पंचायत समिति गोविन्दगढ एवं अधीनस्थ ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभिन्न योजनाओं में स्वीकृत कार्यो/संकर्म हेतु ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत प्रतिष्ठानों/संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में आनलाईन निविदायें आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण eproc.rajasthan.gov.in व sppp.rajasthan.gov.in से upload/download की व देखी जा सकती है।

NIB NO. online- PFA2425A0099 TO PFA2425A0103 AND PFA2425A0105
PFA2425SSOB00104, PFA2425SSOB00106, PFA2425SSOB00107
UBN NO. offine- PFA2425SSOB00104, PFA2425SSOB00106, PFA2425SSOB00107
NIB Code: PFA2425A0104, PFA2425A0106, PFA2425A0107

विकास अधिकारी
पंचायत समिति, गोविन्दगढ़, जयपुर

# किसानों के अलावा राजस्थान में बिना एन.ओ.सी. कोई नहीं कर सकेगा भूजल का दोहन : कन्हैयालाल

## भू-जल दोहन की एन.ओ.सी. भी इसी शर्त पर मिलेगी कि उपयोग के निर्धारित अनुपात में भूजल रिचार्ज करना पड़ेगा

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान में भू-जल का दोहन किसानों के अलावा अन्य किसी कोई भी बिना एन.ओ.सी. नहीं कर सकेगा। प्रदेश में गिरते भू-जल स्तर को देखते हुए राज्य सरकार ने यह निर्णय लिया है।

भूजल मंत्री कन्हैयालाल ने बताया कि अधिक भूजल दोहन पर रोक लगाने के लिए सभी नए और विस्तारित उद्योग, उद्योग जो विस्तार करना चाहते हैं, बुनियादी ढांचा परियोजना, खनन परियोजना थोक जलापूर्ति, शहरी जल आपूर्ति योजनाएं एवं खारा जल निष्कर्षण हेतु भूजल के उपयोग के लिए एनओसी की अनिवार्यता को कठोरता से लागू करने का निर्णय लिया गया है। इनके द्वारा जितनी मात्रा में भूजल का दोहन किया जाएगा, उसके निर्धारित अनुपात में भूजल का रिचार्ज किया जाना जरूरी होगा, तभी जाकर इस श्रेणी को एनओसी प्रदान की जाएगी।

वहीं कुछ श्रेणियां में एनओसी लेने की छूट भी दी गई है। साथ ही केन्द्रीय भूमि जल प्राधिकरण द्वारा प्रदत्त गाईडलाइन की पालना नहीं करने पर अवैध ट्यूबवेलों को सील करने, विद्युत सप्लाई को रोकने, उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने जैसे कदम उठाये जाएंगे। भूजल मंत्री कन्हैया लाल ने बताया कि वर्ष 2023 के भूजल संसाधन के आंकलन के अनुसार राज्य के कुल 302 ब्लॉकों में से 216 ब्लॉक्स में अतिभूजल दोहन (100 प्रतिशत से अधिक) किया जा रहा है।


भूजल मंत्री कन्हैयालाल

प्रदेश के केवल 38 क्षेत्र भूजल की दृष्टि से सुरक्षित क्षेत्र हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में न केवल भूजल का स्तर गिर रहा है बल्कि भूजल में बढ़ते टीडीएस, नाइट्रेट और फ्लोराइड के कारण भूजल की गुणवत्ता में भी कमी आई है। प्रदेश में भूजल का दोहन लगभग 148 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में गिरता भूजल स्तर चिंता का विषय है और इस संबंध में तुरंत एक्शन लिया जाना जरूरी है।

### इनके लिए एनओसी लेना अनिवार्य होगा

भूजल विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने बताया कि बड़े उद्योग बिना एनओसी भूजल दोहन नहीं कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि

- सभी नए और पुराने बड़े उद्योगों को भू-जल दोहन के लिए सरकार से मंजूरी लेनी पड़ेगी : भूजल मंत्री

सभी नए और मौजूदा उद्योग, उद्योग जो विस्तार करना चाहते हैं, आधारभूत ढांचे से जुड़ीं परियोजनाएं, खनन परियोजनाएं, वृहत जल आपूर्ति, शहरी जल आपूर्ति योजनाएं, खारा जल निष्कर्षण के लिए एनओसी लेना अनिवार्य होगा।

### इन श्रेणियों में एनओसी की अनिवार्यता की छूट

डॉ. शर्मा ने बताया की कुछ श्रेणियां में एनओसी लेने की छूट दी गई है। व्यक्तिगत घरेलू उपभोक्ता द्वारा पीने के पानी एवं घरेलू कार्यों में उपयोग का पानी, ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजनाएं, सशस्त्र सेना और केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल प्रतिष्ठान, कृषि कार्य के लिए, छोटे और लघु उद्योग (10 क्यूबिक मीटर प्रतिदिन से कम भूजल निकालते हैं), सभी उद्योग-खनन आधारभूत परियोजनाएं जो केवल पीने या घरेलू उपयोग के लिए 5 क्यूबिक मीटर प्रतिदिन तक भूजल निकालते हैं, आवासीय अपार्टमेंट और ग्रुप हाउसिंग सोसायटी, पीने के पानी एवं घरेलू कार्य के लिए (प्रतिदिन 20 क्यूबिक मीटर भूजल का दोहन), सरकारी योजनाओं के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की आवासीय इकाइयां को एनओसी लेने से छूट दे गयी है।

### एन.ओ.सी. के लिए ये रहेगी अनिवार्यता

एनओसी प्राप्त करने के लिए कुछ अनिवार्य शर्तें रखी गई हैं। जिसमें टेलिमेटरिक सिस्टम युक्त टैंपर प्रूफ डिजिटल वाटर फ्लो मीटर लगाना, रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं रिचार्ज स्ट्रक्चर का निर्माण, डिजिटल जल प्रवाह मीटर के साथ पिजोमीटर लगाना, समय-समय पर भूजल की गुणवत्ता का विश्लेषण और मॉनिटरिंग आवश्यक होगी।

इसकी अतिरिक्त कुछ विशिष्ट दिशा निर्देश भी दिए गए हैं, जिसके अनुसार उद्योगों को उचित जल प्रबंधन की तकनीक काम में लेनी होगी जिससे भूजल पर निर्भरता कम हो सके। उपचारित या अनुपचारित जल को एक्वायफर में डालना पूर्णतया निषेध होगा। साथ ही भूजल को प्रदूषित करने की रोकथाम करने के प्रयासों को सुनिश्चित करना होगा। खनन उद्योगों के लिए खनन गतिविधियों, डस्ट सस्पेंशन के दौरान किए जाने वाली जल निकासी प्रक्रिया के दौरान काम में लिए गए जल का उपयोग करना अनिवार्य किया गया है। आधारभूत ढांचों के प्रोजेक्ट में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निर्माण अनिवार्य किया गया है।

### ट्यूबवेल खुदाई मशीन का पंजीकरण अनिवार्य

प्रदेश में ट्यूबवैल की खुदाई की ड्रिलिंग रिंग (खुदाई मशीन) का रजिस्ट्रेशन भी अनिवार्य होगा और इन पंजीकृत ड्रिलिंग रिग्स द्वारा खोदे गए ट्यूबवेल का डेटाबेस भी रखा जाएगा।

### जिला व उपखंड मजिस्ट्रेट पालना के लिए अधिकृत

केन्द्रीय भूमि जल प्राधिकरण ने भूजल दोहन के लिए एनओसी का उल्लंघन करने वालों, एनओसी के लिए आवेदन नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का जिला कलक्टर और प्रत्येक उपखंड के एसडीएम को अधिकार दिए हैं। राज्य सरकार ने सभी जिला मजिस्ट्रेट एवं उपखंड मजिस्ट्रट से केंद्रीय भूमि जल प्राधिकरण द्वारा प्रदत्त गाइडलाइंस की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। भूजल दोहन के लिए केंद्रीय भूमि जल प्राधिकरण की एनओसी लेना अनिवार्य होगा। गाइडलाइन का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अवैध ट्यूबवेलों को सील करना, अवैध ट्यूबवेलों की विद्युत सप्लाई को रोकना, उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पर्यावरण सुरक्षा एक्ट के तहत कार्रवाई की जायेगी।

# जे.डी.ए. टीम ने तीसरे दिन हटाए 125 से ज्यादा अवैध अतिक्रमण

## प्रवर्तन टीम ने जयपुरिया अस्पताल से दुर्गापुरा फ्लाई ओवर तक कार्रवाई की



-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । जयपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने गुरूवार को जयपुरिया अस्पताल से जय जवान मार्ग से एस.एल.मार्ग होते हुए दुर्गापुरा रेल्वे फ्लाई ओवर तक करीब 125 अतिक्रमण हटाए। पिछले 3 दिनों में जे.डी.ए. प्रशासन शहर में करीब 575 अवैध कब्जे व अतिक्रमण ध्वस्त करने की कार्रवाई कर चुका है।

जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल ने बताया कि जयपुर की तमाम मुख्य सड़कों, सेक्टर रोड व अन्य मार्गों पर यातायात आवागमन को सुगम बनाने के लिए सड़कों से अवैध कब्जे और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई चल रही है। गुरूवार को प्रवर्तन टीम ने जयपुरिया अस्पताल से दुर्गापुरा रेल्वे फ्लाई ओवर तक सड़क के दोनों तरफ करीब 3 कि.मी. दूरी में करीब 125 अतिक्रमणों को हटवाया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि इस रूट पर 3 कि.मी. दूरी में सड़क सीमा में दुकान-मकानों के चबूतरे, सीढ़ियां, रैम्प, बाउण्ड्रीवाल, चाय-नाश्ते की थड़ियां, ठेले, तिरपाल-बाँस-तम्बू की झोपड़ी, रैलिंग, जालियां, टेबल कुर्सियां, होर्डिंग-साइन बोर्ड लगाकर कब्जे किए हुए थे। प्रवर्तन दस्ते ने जेसीबी और मजदूरों की सहायता से इस अतिक्रमण को हटाया। कार्रवाई के दौरान पुलिस जाप्ता भी मौजूद था।

- जे.डी.ए. प्रशासन पिछले 3 दिनों में शहर में 575 से ज्यादा अवैध कब्जे व अतिक्रमण ध्वस्त कर चुका

# ‘सामाजिक न्याय-अधिकारिता विभाग का बजट इस बार 30 प्रतिशत बढ़ाया’

- मंत्री अविनाश गहलोत ने सदन में कहा, ‘‘भजनलाल सरकार ने पेंशन में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर जरूरतमंदों को सामाजिक सुरक्षा दी’’

**जयपुर** (विसं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार ने महंगाई के बावजूद आमजन को राहत पहुंचाने के लिए बजट को बढ़ाकर विकसित राजस्थान-2047 का स्वरूप दिया है। सामाजिक न्याय एवं सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं के संचालन के लिए राज्य सरकार ने विभाग के बजट में पिछले वर्ष की तुलना में 30 प्रतिशत की वृद्धि की है। आमजन को राहत देने के लिए 100 दिन की कार्ययोजना बनाकर उसे समयबद्ध रूप से क्रियान्वित भी किया।

अविनाश गहलोत गुरुवार को विधानसभा में मांग संख्या -31 (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग) की अनुदान मांगों पर हुई बहस का जवाब दे रहे थे। चर्चा के बाद सदन ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की 1 खरब 18 अरब 72 करोड़ 89 लाख 37 हजार रूपये की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित कर दीं।

मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के विकास और सशक्तीकरण के लिए एससीएसपी एवं टीएसपी फंड्स को 1000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1500 करोड़ रुपये किया है। आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग के युवाओं को रोजगार, बालिकाओं को सम्बल तथा परिवारों की सामाजिक सुरक्षा के लिए पहली बार 150 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। श्री गहलोत ने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों के उत्थान व उन्हें राहत प्रदान करने के लिए अनुजा निगम एवं अन्य पिछडी जाति विकास निगम आदि के माध्यम से इस वित्तीय वर्ष में 100 करोड़ रुपये की सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। पहली बार अनुजा निगम के माध्यम से ईडब्ल्यूएस को ऋण उपलब्ध कराने के लिए 25 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। अविनाश गहलोत ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी के लिए कानून तो बना दिया था, लेकिन इसके लिए कोई बजट प्रावधान नहीं किया। हमारी सरकार ने इसके लिए बजटीय प्रावधान कर वास्तव में जरूरतमंदों को राहत प्रदान की है। विभाग द्वारा 31 मई, 2024 तक समस्त लाभार्थियों को पेंशन का भुगतान किया जा चुका है। साथ ही, जून, 2024 माह का भुगतान शुरू हो चुका है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पहली बार मस्कुलर डिस्ट्रॉफी जैसी गम्भीर बीमारी से ग्रसित विशेष योग्यजनों को एक लाख रुपये तक की व्हील चेयर देने की घोषणा की है।

# कई आदिवासी धर्म परिवर्तन करके ईसाई बन जाते हैं, इसकी जांच होनी चाहिए : समाराम

## विधायक समाराम ने सदन में कहा कि, ‘‘जिन्होंने धर्म बदल लिया, उनको जनजाति सूची से हटाना चाहिए, क्योंकि ये अपना धर्म तो ईसाई बताते हैं और आदिवासियों के लिए बनी योजनाओं का फायदा उठाते हैं।’’

-विधानसभा संवाददाता-

**जयपुर** । विधायक समाराम ने गुरूवार को विधानसभा में टी.ए.डी. और सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान कहा कि, मैं आदिवासी क्षेत्र से आता हूं। यहां कई आदिवासी अपना धर्म परिवर्तन करके ईसाई बन जाते हैं, इसकी जांच होनी चाहिए। जिन्होंने अपना धर्म बदल लिया, उनको जनजाति की लिस्ट से हटाया जाना चाहिए, क्योंकि ये अपना धर्म तो ईसाई बताते हैं और आदिवासियों के लिए बनी योजनाओं का फायदा लेते हैं। जो आदिवासी खुद को हिंदू नहीं मानते है, उन्हें आरक्षण का लाभ भी नहीं मिलना चाहिए।

विधायक समाराम ने कहा कि हर आदिवासी हिंदू है, क्योंकि हिंदू वहीं है, जो सनातन से चला आ रहा है। आदिवासी भी सनातनी है। ऐसे लोगों को जनजाति की लिस्ट से हटाया जाना चाहिए, जो खुद को हिंदू नहीं मानते हैं, क्योंकि जनजाति का आरक्षण केवल हिंदुओं को ही दिया गया है। समाराम से पहले किशनगंज से भाजपा विधायक ललित मीणा ने भी सदन कहा था कि जो लोग अपना धर्म परिवर्तन कर लेते हैं, उन्हें आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए।

- विधायक गणेश घोघरा ने आदिवासियों को हिंदू धर्म से अलग बताते हुए भिन्न कोड तय करने और आदिवासियों को आठ लीटर मुहएं रखने की अनुमति देने की मांग उठाई

भाजपा के कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर ने विधानसभा में कहा कि, रोस्टर में एससी-एसटी के पद घटाए जा र रहे हैं। पद कम नहीं होने चाहिए। उन्होंने बिजली के कनेक्शनों में एससी-एसटी को प्राथमिकता देने, हर जिले में वृद्धा आश्रम बनाने, नशा मुक्ति केन्द्र खोलने की मांग करते हुए चित्तौडगढ़ में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में संयुक्त निदेशक स्तर का का अधिकारी लगाने की आवश्यकता जताई।

डूंगरपुर से कांग्रेस विधायक गणेश घोघरा ने सदन में आदिवासियों के लिए अलग से कोड लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा- जब देश में जैन धर्म, बौद्ध धर्म, हिन्दू और मुस्लिम धर्म का कोड अलग है तो फिर आदिवासियों का कोड अलग क्यों नहीं हो सकता है। गणेश घोघरा ने आदिवासी कोड की मांग करके एक बार फिर आदिवासियों को हिन्दू धर्म से अलग बता दिया है। इसके साथ ही घोघरा ने जातिगत जनगणना की मांग भी की है। उन्होंने कहा- देश में जातिगत जनगणना होनी चाहिए। उसी से पता चलेगा कि देश में कितने आदिवासी हैं, उसी के अनुसार हमें आरक्षण मिलना चाहिए।

घोघरा ने कहा कि आदिवासियों की परम्परा में ही वार-त्यौहार (महुएं देशी शराब का रूप) का चलन है। एकाध लीटर सभी आदिबासी घरों में रखते हैं, लेकिन पुलिस उन्हें पकड़ती है और मामले दर्ज हो जाते हैं। सरकार टीएसपी एरिया में आठ लीटर महुएं को रखने की परमिशन दें और अगर ऐसा नहीं किया जा सकता है तो शहरों की बार-शराब की दुकानों को भी बंद कर दे। उन्होंने माही डेम का पानी सबसे पहले बांसवाड़ा में पेयजल के लिए देने, जनसंख्या के आधार पर टीएसपी में आरक्षण, प्रशासनिक भर्ती में छह फीसदी आरक्षण, जातिगत जनगणना कराने, आदिवासियों के लिए हिन्दू, मुस्लिम, जैन इत्यादि की तरह अलग से कोड बनाने, एरिया में उद्योग धंधे विकसित करने, मनरेगा में मजदूरी दिवस दो सौ दिन करने की मांग की।

रानीवाड़ा से कांग्रेस के विधायक रतन देवासी ने चर्चा के दौरान कहा कि सिरोही से सटे जालौर इलाके में 40 फीसदी एसटी वर्ग के लोग रहते हैं, लेकिन यहां टीएसपी एरिया नहीं है। सरकार को चाहिए कि वे इसके लिए प्रयास करें और तब तक उन्हें टीएसपी एरिया में चल रही योजनाओं का फायदा दें। उन्होंने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से दिए जाने वाले दो लाख रूपए के रोजगार लोन पर मार्जिन मनी का प्रावधान हटाने, विशेष योग्यजन को स्कूटी की जगह रोजगार के लिए ई-रिक्शा देने का प्रावधान करने, टीएसपी एरिया में एसटी वर्ग को कृषि कनेक्शन में प्राथमिकता देने, जयपुर में कोचिंग छात्रों के लिए हॉस्टल बनवाने, आवासीय छात्रावास के साथ स्कूल के अलावा कॉलेज भी बनवाने की मांग भी की है।

## सार-समाचार

### आमजन ने किया मंत्री राठौड़ का स्वागत



**जयपुर** । कैबिनेट मंत्री व झोटवाड़ा विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने गुरूवा रको क्षेत्र की जनता के साथ संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने जनता से झोटवाड़ा विधानसभा के विकास के संबंध में विस्तार से चर्चा की। कैबिनेट मंत्री कर्नल राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना देखा है। जन-जन के विकास से ही झोटवाड़ा व प्रदेश का विकास संभव है। भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार प्रदेश के समग्र विकास के लिए संकल्पित है। जन संवाद में क्षेत्रवासी झोटवाड़ा में जारी विकास कार्यों से संतुष्ट नजर आए एवं उन्होंने मंत्री व झोटवाड़ा विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ का आभार जताया है।

### शिकायत निराकरण समिति की बैठक

**जयपुर** । प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में राज्य स्तरीय शिकायत निराकरण समिति की एग्रीकल्चर इन्श्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड के फसल कटाई प्रयोगों के प्रकरणों में विसंगतियों के निस्तारण के लिए गुरूवार को पंत कृषि भवन में प्रमुख शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी वैभव गालरिया की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गालरिया ने बाड़मेर, बीकानेर, हनुमानगढ़, अजमेर, जोधपुर, नागौर और फलौदी जिलों के विभिन्न मौसम सत्रों के प्रकरणों के निस्तारण के लिए जिलों के अधिकारियो और बीमा कंपनी के अधिकारियों से चर्चा कर योजना प्रावधानों के अनुरूप कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि खरीफ 2023 का 899 करोड़ रूपये का क्लेम कृषकों को वितरित किये जा चुके है। शेष मुआवजे की राशि में आ रही दिक्कतों को दूर कर जल्द से जल्द किसानों को दे दी जायेगी। रबी 2023-24 के लिए कम्पनियों को दी जाने वाली सब्सिडी में से लगभग 461 करोड़ रूपये स्वीकृति जारी हो चुकी है। शेष फसल कटाई प्रयोगों में आ रही आपत्तियों का भी जल्द निस्तारण किया जा रहा है। बैठक में आयुक्त उद्यानिकी जयसिंह, विभागीय अधिकारी और एग्रीकल्चर इन्श्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### 35 किलो मांस जब्त, दुकान सीज

**जयपुर** । नगर निगम हैरिटेज की पशु प्रबंधन शाखा ने गुरुवार को बिना लाइसेंस और खुले में मीट बेचने वाली दुकानों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक दुकान सीज की है। हेरिटेज निगम के पशु प्रबंधन शाखा उपायुक्त राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि हेरिटेज निगम की ओर से बिना लाइसेंस और खुले में मांस बेचने पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। गुरुवार को निगम टीम ने पठानों का चोक, ब्रह्मपुरी, हांडीपुरा, घोड़ा निकास रोड, कसाइयों की मोरी, चार दरवाजा इलाके में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई दुकानों पर खुले में मीट बेचा जा रहा था । जिस पर कार्रवाई करते हुए 7300रुपए का चालान किया गया। साथ ही एक मीट दुकान को सीज किया गया। इसके अलावा 35 किलो अवैध मीट को जब्त कर नष्ट कराया गया। पशु प्रबंधन उपायुक्त राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि शाखा की ओर से लगातार कार्रवाई की जाएगी। नियमों के विपरीत दुकान चलाने पर आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं दूसरी ओर सतर्कता उपायुक्त पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में टीम ने अस्थाई अतिक्रमण हटाया। गुरुवार को गंगापोल, भट्टा बस्ती, गौरी पार्क, नायला हाउस, सोफिया स्कूल तक अभियान चला कर सड़क और बरामदे से अस्थाई अतिक्रमण हटाया। इस दौरान राजस्व निरीक्षक बैद्यनाथ कौशिक के नेतृत्व में दस्ते ने एक ट्रक सामान जब्त किया है।

### पत्रकारों ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

**जयपुर** । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पत्रकार समाज के प्रहरी और लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप में समाज को जागरूक करने का काम करते हैं। पत्रकार संवेदनशीलता के साथ काम करते हुए निष्पक्षता और पूरी सच्चाई के साथ प्रत्येक घटना को जनता के सामने लाते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार निर्भीकता के साथ काम कर रही इस कौम को और अधिक सशक्त बनाने के लिए निरंतर काम कर रही है। शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर परिवर्तित बजट 2024-25 में पत्रकारों के लिए हुई घोषणाओं के आभार समारोह में सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पत्रकारों ने शर्मा को साफा, शॉल तथा स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों के साथ संवाद भी किया। इस दौरान राज्यभर से आए वरिष्ठ पत्रकार मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा शुरू से ही यह मानना है कि पत्रकारिता के क्षेत्र में अच्छा काम करने वाले पत्रकारों का आंकलन होना चाहिए। इसलिए सरकार द्वारा इस वर्ष के परिवर्तित बजट में उत्कृष्ट पत्रकारिता करने वाले पत्रकारों के लिए स्व. बिशन सिंह शेखावत पत्रकारिता पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। साथ ही, पत्रकार कल्याण के लिए बजट में स्वतंत्र पत्रकारों के लिए अधिस्वीकरण की आयु सीमा में छूट, अधिस्वीकृत पत्रकारों के लिए राजस्थान जर्नलिस्ट हैल्थ स्कीम सहित विभिन्न कदम उठाए गए हैं। उन्होंने पत्रकारों को आश्वस्त किया कि आगे भी राज्य सरकार लोकतंत्र के इस स्तंभ को मजबूत बनाने का काम करेगी।

# राजस्थान विवि. में छात्रों पर लाठीचार्ज



**छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर गुरूवार को राजस्थान यूनिवर्सिटी के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों को पुलिस ने थप्पड़ व डंडे मारे।**

**जयपुर** । प्रदेश में छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर गुरुवार को राजस्थान यूनिवर्सिटी के बाहर प्रदर्शन कर रहे छात्र नेताओं पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। लाठी और थप्पड़ मारते हुए छात्र नेताओं को जबरन पुलिस वैन में बैठाया।

दरअसल, यूनिवर्सिटी के बाहर सभी छात्र संगठन संयुक्त प्रदर्शन कर रहे थे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) को भी प्रदर्शन में शामिल होना था, लेकिन प्रदर्शन से पहले एबीवीपी इस मुद्दे पर पीछे हट गई।

सुबह 11 बजे से ही यूनिवर्सिटी के बाहर बड़ी संख्या में छात्र नेता जुट गए थे। इस दौरान पुलिस की ओर से भारी जाप्ता विश्वविद्यालय में मौजूद रहा। प्रदर्शन दौरान कॉमर्स कॉलेज अध्यक्ष आदित्य शर्मा और पुलिस के बीच बहस हो गई। इसके बाद पुलिस ने उन्हें उठाकर जीप में बैठाया और हिरासत में ले लिया।

बता दें कि पूर्व सीएम अशोक गहलोत भी छात्र संघ चुनाव कराने की मांग कर चुके हैं। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए पिछले साल छात्र संघ चुनाव स्थगित करने के फैसले पर भी सफाई दी और प्रदेश में फिर से छात्र संघ चुनाव बहाल करने की मांग की थी।

राजस्थान यूनिवर्सिटी के 18 पूर्व अध्यक्ष जिनमें सांसद हनुमान बेनीवाल, विधायक कालीचरण सराफ समेत कई नेता शामिल हैं, वे भी सीएम भजनलाल शर्मा को लेटर लिखकर प्रदेश में एक बार फिर छात्र संघ चुनाव बहाल करने की मांग कर चुके हैं। हालांकि सरकार अब तक यह क्लियर नहीं कर पाई कि इस बार भी चुनाव होंगे या नहीं।

### छात्रों पर पुलिस का लाठी चार्ज बर्दाश्त के बाहर : खाचरियावास

**जयपुर** । पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि राजस्थान विश्वविद्यालय में पुलिस ने गुरूवार को जिस तरह से छात्रों पर लाठीचार्ज किया है, वह बर्दाश्त के बाहर है। पुलिस को यह समझना पड़ेगा कि छात्र संघ चुनाव छात्रों का लोकतांत्रिक अधिकार है। अगर छात्र विधानसभा की ओर आगे बढ़ रहे थे, तो विधानसभा पर प्रदर्शन करना छात्रों का अधिकार है। खाचरियावास ने कहा कि जिस तरह से पुलिस ने छात्रों के कपड़े फाड़ दिए। उन्हें बहरेमी से पीटा गया। ऐसे समय में जब विधानसभा चल रही है, तब प्रदेश के सबसे बड़े विश्वविद्यालय में पुलिस छात्रों को दौड़ा-दौड़ा कर पीट रही थी। इसी विश्वविद्यालय में हम लोग भी पढ़े हैं। छात्र राजनीति भी की है लेकिन इस कदर पुलिस का परिसर के अंदर घुसकर छात्रों पर लाठियां बरसाना गलत है।

# ‘भारत सरकार से बजट में सहकारी बैंकों के लिए पूंजीकरण सहायता की मांग’

**जयपुर** (कासं)। ऑल इण्डिया को-ऑपरेटिव बैंक एम्पलाईज फैडरेशन के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक चेन्नई में संपन्न हुई। बैठक में भाग लेकर आए फैडरेशन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सहकार नेता सूरज भान सिंह आमेरा ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष तमिलनाडु से जी वाईरप्पन ने की। एआईबीईए के राष्ट्रीय महासचिव सीएच वेंकटचलम ने मुख्य अतिथि के रूप में संबोधन दिया । आमेरा ने भी मुद्दों पर बैठक को संबोधित किया ।

सहकार नेता आमेरा ने बताया कि बैठक में सहकारी बैंकिंग व्यवस्था व सहकारी साख आंदोलन को सक्षम , सुदृढ़ व पारदर्शी बनाए जाने पर विचार करते हुए देश के किसानों के हित में सहकारी बैंकों के पूँजीगत संसाधन के लिए भारत सरकार से सहकारी बैंको के लिए बजट में पुनर्पूंजीकरण सहायता का बजट प्रावधान करते हुए सहायता जारी करने की माँग की गई। भारत सरकार द्वारा हर वर्ष व्यावसायिक बैंको के लिए करोड़ों रूपये की पूँजीगत सहायता जारी की जाती है लेकिन किसानों व कृषि से जुड़े सहकारी बैंकों को कोई पूँजीगत सहायता नहीं दी जा रही है जबकि सहकारी बैंकों से करोड़ों रुपये का आयकर उगाया जाता है, जिससे सहकारी बैंक कमजोर हो रहे है।

आमेरा ने बताया कि बैठक में भूमी विकास बैंकों का सविलयन व समामेलन में पीएलडीबी को एसएलडीबी की शाखा बनाकर इस



**ऑल इण्डिया को-ऑपरेटिव बैंक एम्प्लाइज फैडरेशन की राष्ट्रीय पदाधिकारी बैठक चेन्नई में संपन्न हुई।**

- ‘शीतकालीन सत्र में दिल्ली में संसद पर रैली व धरना आयोजित करेंगे’

सेक्टर को पूँजीगत सहायता से आर्थिक पुनरुद्धार करना, सहकारी बैंकिंग में सीसीबी को अपैक्स बैंक की शाखाए बनाकर टू टियर बैंकिंग व्यवस्था से राज्य में एक बड़ा सहकारी बैंक बनाना, पेक्स कार्मिक के सेवा शर्तों में वेतन भुगतान सुनिश्चित करना , सहकारी कर्मियों को सामाजिक सुरक्षा के लिए पेंशन सुविधा लागू करना, ईपीएस 95 से देय उच्च पेंशन जारी करना , सहकारी बैंकों पर आयकर प्रावधान समाप्त कर पहले की तरह आयकर फ्री करना, बैंकिंग रेगुलेशन एक्ट के प्रावधान व रिजर्व बैंक के निर्देश प्रभावी रूप से लागू करना, नेट व डिजिटल बैंकिंग स्वीकृति के लिए उदारता बरतना सहित अरबन बैंकिंग व्यवस्था में हो रहे ग़बन व घोटालो से आमजन को सुरक्षित करना आदि मुद्दों पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किए गये।

आमेरा ने बताया कि फ़ैडरेशन के अखिल भारतीय आव्हान पर इन सभी मुद्दों व माँग को लेकर अगस्त-सितंबर माह में सहकारी बैंक कर्मचारी व अधिकारी राज्यों में सेमिनार व सम्मेलन आयोजित कर कार्मिको को जागरूक अभियान चलायेंगे, पोस्टर व बेज जारी करेंगे , राज्यो में विधान सभा पर राज्य स्तरीय धरने प्रदर्शन आयोजित करेंगे व संसद के शीतकालीन सत्र में दिल्ली में एआईबीईए व एआईसीबीईएफ मिलकर संयुक्त रूप से सहकारी बैंक के लिए जंतर मन्तर से रैली आयोजित कर संसद पर धरना देंगे।



## International Retainer Day

International Retainer Day was first celebrated in 2021 when it was founded in collaboration with the retainer company, Vivera, which is a subsidiary of the Invisalign teeth alignment company. This company works with dentists and orthodontists to provide comfortable, clear retainers, that are easily wearable and less obvious than traditional braces and retainers. Some people have to wear their retainers all the time, while others wear them just at night, taking them out just for eating. International Retainer Day works to encourage orthodontic patients that wearing a retainer is key to keeping their smiles straight and beautiful for many years to come!

#LIFE-HACKS

# Are you stuck in a rut?

Don't worry, it is much more common than you think!



Living the hustle life can often leave you feeling like you have to keep working tirelessly day after day. And in doing so, you can end up feeling stuck sometimes, which is more common (and normal) than you think. The lack of motivation to get things done can be off-putting. Believe us, we know the feeling. If you've been feeling stuck off-late, and are trying to get back into your routine, here are six easy tips to help you get back on track and regain your lost motivation.

### Understand the Root Cause

Oftentimes, understanding the *root cause* behind your lack of motivation can help you get back on track. And once you do, you will be able to approach it more effectively. For instance, if you find out that your colleagues are demotivating you by indulging in a lot of negative talk, you can start keeping your distance, which can help you maintain a more positive mindset and regain your motivation.

### Practice Mindfulness

It is important to practice *mindfulness*, especially when you're low on motivation. It doesn't have to involve hard-core meditation (although, it is great if you decide to do so). It can be as simple as reciting positive affirmations whenever you feel unmotivated. Or you could even discuss it with your loved ones, who will readily uplift you with their encouraging words.

### Explore it all

Sometimes, the primary reason as to why you are unable to get out of a rut is because you lack interest in what you're doing. The best thing to do, to deal with such situations is to *explore* with an open heart. Try out as many things as you possibly can, and leave nothing on your plate. In the end, you will have at least one thing to look forward to.

### Prioritise Rest

Sometimes, the lack of motivation stems from your body's need to *rest and relax*. Not every time you feel like 'you do not feel like working,' should you push yourself to work. Some days, it's better to just take it light and slow. Even if it is a Monday!

### Switch Distractions with Productive Habits

Imagine this. You're in the middle of work and suddenly, a friend texts you. You reply, thinking that it'll be a short break and before you know it, two hours have passed. Doesn't feel right, does it? This might be your sign to just swap your distractions with healthy, productive habits. Need a break from work? Try reading. *Switching such distractions* with healthy habits will still keep your brain active and you will be able to get back to work much quicker than you would otherwise.

### Just Start

This might seem strange, but sometimes, the toughest part of a task is to simply *start*. If you have to hit the gym early in the morning, the most difficult thing might just be actually getting out of bed in the morning. Want to get done with an important exam revision? Sitting at your desk and opening your book might just be tougher than the actual study. Once you train your brain to simply start, not paying much heed to whether you want to start or not, you will end up realising that the actual task is not half as hard as actually starting it is. And starting only takes about a few minutes. Sweet!





# The Other Heroes Of 71



In 1971, India had won the war. General Manekshaw was in Dhaka. He ordered to call *Paagi*. He would have dinner with him today. A helicopter was sent. While boarding the helicopter, one of Paagi's bags was left behind. The helicopter was landed back to pick it up. As per the rules, the officers opened the bag before placing it in the helicopter and were stunned because it contained two *rotis*, onions and a dish made of gram flour (*gathia*). In dinner, Sam *Sahab* ate one *roti* and Paagi ate the other.



Ranchhoddas



Anjali Sharma
*Senior journalist & wildlife enthusiast*

The old shepherd in the photo was actually the biggest confidant of the army. In 2008, Field Marshal Manekshaw was admitted to Wellington Hospital, Tamil Nadu. In his serious illness and semi-conscious state, he would often take one name, '*Paagi-Paagi*!' One day, the doctors asked, "Sir, who is this *Paagi*?"

Sam *Sahab* himself briefed.

In 1971, India had won the war. General Manekshaw was in Dhaka. He ordered to call *Paagi*. He would have dinner with him today. A helicopter was sent. While boarding the helicopter, one of Paagi's bags was left behind. The helicopter was landed back to pick it up. As per the rules, the officers opened the bag before placing it in the helicopter and were stunned because it contained two *rotis*, onions and a dish made of gram flour (*gathia*). In dinner, Sam *Sahab* ate one *roti* and Paagi ate the other.

A border post in Suigaon International Border area of North Gujarat was named *Ranchhoddas post*. This was the first time that an army post was named after a common man and his statue was also installed.

*'Paagi'* means guide, the person who shows the way in the desert. General Sam Manekshaw used to call Ranchhoddas Rabari by this name.

Ranchhoddas was from Pethapur Gadhdo village, adjacent to Pakistan border in Banaskantha district of Gujarat. He used to rear sheep, goats and camels. His skill was such that he could tell how many people were riding on a camel by looking at its footprints. He could estimate everything from weight to age by looking at human footprints. He could estimate how long ago the footprints were and how far they might have gone with utmost accuracy, as if a computer was doing the calculations. At the beginning of the 1965 war, Pakistan Army captured Vidhkot, situated on the Kutch border in Gujarat, India. In this encounter, about 100 Indian soldiers were killed and a contingent of 10,000 soldiers of the Indian Army had to reach Charkot in three days. Then, Ranchhoddas Pagi was needed for the first time! Due to his command over the desert routes, he had taken the army to its destination twelve hours before the scheduled time. He was personally selected by Sam *Sahab* to guide the army and a special post was created in the army, '*Paagi*,' which means expert of feet.

In the 1971 war, along with guiding the army, it was also part of Pagi's work to deliver ammunition to the front. Pagi played an important role in the victory, in which the Indian tricolour was hoisted on the Palinagar city of Pakistan. Sam *Sahab* himself gave a cash prize of 300 from his own pocket.

Pagi also received three honours for his contribution in the 65 and 71 wars, *Sangram* Medal, Police Medal and *Samar Seva* Medal!

Ranchhoddas Pagi's life changed when, aged 58, he was appointed the police guide by the Banaskantha Superintendent of Police, Vanraj Singh Jhala.

He was recruited by the Indian Army as a scout.

The Pakistani army captured many villages in the Kutch area just before the Indo-Pakistani War of 1965. Pagi went into the captured areas to gather information from both, villagers and his own relatives. It is said that he also helped during war, at Harami *nala,* at a Channel of Sir Creek, which is a Heaven for infiltrators and Smugglers.

Field Marshal Sam Manekshaw died on 27 June 2008, and in 2009, aged 108 years, Pagi also took 'voluntary retirement' from the army. Pagi died in 2013, aged 112. Even today, he is a part of *Gujarati folk* songs. His tales of bravery will be sung for ages. Ranchhoddas Rabari i.e., our 'Pagi' became immortal in Indian military history forever due to his patriotism, valor, bravery, sacrifice, dedication and decency.

The Gujarat State School Textbook Board has introduced a chapter on Ranchhod Pagi in its Gujarati subject textbook, for class 7 for the 2023-24 academic year. *Pagi*, the Indian Army scout, who helped the armed forces during the 1971 Indo-Pak war, was immortalised by Sanjay Dutt in the movie '*Bhuj: The Pride of India,*' which also starred Ajay Devgn. The movie, based on the India-Pakistan War of 1971, had Dutt as Pagi, who helps the Indian Armed Forces in Kutch. The new textbook, which has come into effect from June 2023 onwards, has a chapter titled '*Ek Manas nu Sainya*' (One Man's Army) that tells the story of Ranchhod Pagi, a brave and strong member of the Pagi community and tracker, who helped the Indian Army on the India-Pakistan border of Kutch.


Dr Kamlesh N. Parmar, Deputy Director (Education) said that the chapter is written by author, Ravji Gabani, and aims to inform children about Ranchhod Pagi and the fading Pagi community. "It also tries to inculcate a sense of patriotism among children," he said. The chapter also mentions the *Ranchhod Das check-post* at the Kutch border, named in his honour. The Government of India and the Indian Army awarded him several medals for his contribution. The new chapter is expected to provide children a glimpse of the rich history and culture of Gujarat.

rajeshsharma1049@gmail.com

## #71 LORES












#J'ADORE

# Creative & Stylish

Add some personality and interest to your everyday outfits with minimalist jewellery

All things minimal are in vogue, of late. Whether it concerns clothing, home décor, interior designs, or jewellery, *minimalism* has a real moment. Minimalist jewellery, in particular, is a versatile choice that can complement a wide range of clothing styles and looks.

The good part of minimalist jewellery is that it adds elegance and accent to a look without going overboard. If you have an uncomplicated sense of fashion, this guide, on all the details surrounding minimalist jewellery, will help you keep up with the current trends.



### Layered Chains

*Layering necklaces* is one of the latest trends that has become a huge hit! It looks classy, feminine, and less fussy. But layering does not mean you put together all the possible neckpieces that you own. You can invest in two or three chains of different lengths, and probably, of different metals, to pair with an outfit with an open neckline.

### Hoop Earrings



*Hoop earrings* are the go-to accessory for every woman and are timeless. Geometric shapes, clean lines, and mixed metals are some of the characteristics that this highly sought-after accessory presents. From professional suits to casual T-shirts or joggers, hoops of any shape or size look modern and emphasize simplicity. Plus, they are great as everyday wear.

### Cuff Bracelets



Every now and then, you will notice everyone, including bloggers, college students, and models showing their love for *cuff bracelets* and joining the minimalist jewellery bandwagon. The combination of a watch and bangle or bracelet, with delicately engraved gemstones or studs, makes the accessory versatile and suitable for all kinds of outfits, from casual to party wear.

### Florals




*Florals* are often associated with summer dresses or the tablescape at a dinner party, but the trend is in full bloom in the accessories sphere. Floral earrings are especially having a moment and are a fun twist on the whimsical look of tucking a flower behind your ear. The style works with statement earrings, flower-encrusted hoops or bracelet charms.

### Initial Jewellery



Jewellery is so personal and the *initial and name jewellery* trend proves it! Wearing a customizable name necklace, initial ring or both is a fun way to make a 'this is me!' statement. Initial jewellery can also be a meaningful way to show your connection to someone else, whether it's your significant other, parent or child's initials. Adding a piece to your collection will keep them close to you all day.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# नौ सूत्रीय मांगों को लेकर राशन डीलरों का अजमेर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

## राशन डीलरों ने कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर शहर के राशन डीलर्स ने अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। राशन डीलर संघ की ओर से जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपकर राशन डीलरों के मानदेय में बढ़ोत्तरी कर 30 हजार करने सहित विभिन्न मांगों के समाधान मांग की। वहीं मांग पूरी नहीं होने पर 20 जुलाई को जयपुर में महापड़ाव तथा एक अगस्त से राशन वितरण व्यवस्था बंद करने की चेतावनी भी दी है।

अजमेर राशन डीलर संघ के पदाधिकारियों औंकार सिंह, पवन गोस्वामी, लोकेश शर्मा व सुरेश सहित अन्य ने जिला कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में मांग की कि राशन विक्रेता को प्रतिमाह 30 हजार रुपए मानदेय देने, गेहूं पर 2 प्रतिशत छीजत देने की बात कही, क्योंकि जो गेहूं आता है उसमें एफसीआई से काफी कम तौल बैठता है। गत 5 से 6 माह से राशन विक्रेता का केन्द्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा दिया गया कमीशन नहीं दिया गया है, उसे तुरंत जारी करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि समय पर कमीशन का भुगतान नहीं होने व मानदेय कम होने

**■ मानदेय बढ़ाने व कमीशन राशि देने की मांग, मांग पूरी नहीं होने पर एक अगस्त से वितरण व्यवस्था बंद की दी चेतावनी**

से आर्थिक स्थिति खराब होने से परिवार के भूखे मरने की स्थिति है। उन्होंने आधार सीडिंग की राशि, प्रवासी योजना के गेहूं का कमीशन व ई-केवाईसी का सीडिंग का मेहनताना देने की मांग की है। उन्होंने बताया कि ई-मित्र संचालक आधार कार्ड अपडेट के 150 रुपए चार्ज वसूल रहे हैं, जबकि राशन डीलरों को सरकार द्वारा कोई भी चार्ज नहीं दिया गया है जो मानवीय मूल्यों के विरुद्ध है।

जयपुर में महापड़ाव बीस को व एक अगस्त से वितरण व्यवस्था बंद की दी चेतावनी: प्रदर्शनकारी राशन डीलरों ने कहा कि प्रदेश की सरकार मानदेय में शीघ्र बढ़ोतरी करे। वहीं केंद्र व राज्य से मिलने वाला कमीशन की राशि का भुगतान नहीं होने से आर्थिक दयनीय हो गई है। बच्चों की फीस, किताबें, ड्रेस आदि तक उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं, ऐसी स्थिति में बच्चे शिक्षा प्राप्त करने से वंचित हो रहे हैं। परिवार के पालन-पोषण करने में भी आर्थिक स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। राशन डीलरों ने 20 जुलाई को जयपुर में महापड़ाव करने तथा 31 जुलाई तक का मानदेय व कमीशन का भुगतान नहीं होने पर 1 अगस्त से वितरण व्यवस्था बंद करने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि यदि प्रदेश में राशन वितरण व्यवस्था बिगड़ती है तो उसकी जिम्मेदारी सरकार व प्रशासन की होगी।

# अवैध खनन पर कार्रवाई करने गई वन विभाग की टीम पर हमला

## खनन माफिया ने ट्रैक्टर से टक्कर मारकर सरकारी वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया

**पाटन, (निसं)।** ग्राम पंचायत स्यालोदड़ा में हरियाणा राज्य की सीमा से लगते हुए पहाड़ में अवैध खनन पर कार्रवाई करने गई वन विभाग की टीम पर अवैध खनन करने वाले लोगों ने हमला कर दिया। इस दौरान खनन माफिया ने ट्रैक्टर से टक्कर मारकर वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया।

वन विभाग के गश्ती दल प्रभारी फॉरेस्टर महेश कुमार ने बताया कि स्यालोदड़ा में लगातार अवैध खनन की शिकायतों पर वन विभाग की चौकी स्थापित की गई है। गुरुवार की सुबह क्षेत्रीय वन अधिकारी के नेतृत्व में गश्ती दल के सात सदस्यों के साथ स्यालोदड़ा वन क्षेत्र में टीम गश्त करने के लिए गई हुई थी। इस दौरान हरियाणा राज्य से पाच

**■ टीम जब ट्रैक्टरों का पीछा कर रही थी तो पहाड़ से लोगों ने सरकारी वाहन पर पत्थर फेंकने शुरू कर दिए**

ट्रैक्टर अवैध खनन कर राजस्थान की सीमा में स्थापित क्रेशरों पर पत्थर डालने के लिए जा रहे थे। वन विभाग की टीम ने उनको रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने वन विभाग की गाड़ी पर ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास किया और सरकारी वाहन को टक्कर मारते हुए वापस हरियाणा की ओर फरार हो गए। इस दौरान तीन ट्रैक्टरों ने रास्ते के बीच में ही पत्थर खाली कर दिए। जब हमारी टीम उन ट्रैक्टरों का पीछा कर रही थी तो वहां पहाड़ से लोगों ने सरकारी वाहन पर पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। जिस कारण वे फरार होने में कामयाब हो गए। टीम ने हरियाणा बॉर्डर तक उनका पीछा किया।

क्षेत्रीय वन अधिकारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि जब टीम करवाई करने जाती है तो ये लोग हमारे वाहन की रैकी करते हैं। आज हमारी टीम कार्रवाई करने गई तो अवैध खनन करने वाले लोगों ने हमें मारने की नीयत से ट्रैक्टर से हमारे वाहन को टक्कर मार दी।अवैध खनन माफियाओं के खिलाफ राजस्थान वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी, साथ ही पुलिस में मामला दर्ज करवाया जाएगा।

# गाड़ी को ओवरटेक करते समय स्कूल बस का सुंतलन बिगड़ा

## बस के खड्डे में जाने से बच्चे चिल्लाए, सड़क किनारे रूक जाने से बड़ा हादसा होने से टला

**खेतड़ी, (निसं)।** माजरी गांव से पचेरी की ओर आ रही बस पीपल मोड़ पर ओवरटेक करते समय स्कूल बस का संतुलन बिगड़ने से बस खड्डे में जा पहुंची। इस दौरान बच्चों की जान पर आफत बन आई थी, लेकिन बस सड़क किनारे रूक जाने से बड़ा हादसा होने से टल गया।

जानकारी के अनुसार पचेरी कलां

**■ ग्रामीणों के कहने पर स्कूल संचालक ने पुलिस को बुलाने की धमकी दी**

के उमराव सिंह आर्य एजुकेशन ग्रुप द्वारा संचालित सोनी देवी इंटरनेशनल स्कूल की बस सुबह स्कूल के बच्चों को लेकर स्कूल आ रही थी। रास्ते में ओवरटेक की लापरवाही से बस का संतुलन बिगड़ने पर खड्डे में चल गई, जिससे बच्चे डरकर चिल्लाने लगे। बच्चों की आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तथा बच्चों को बस से निकालकर सड़क पर खड़ा किया। ग्रामीणों ने स्कूल बस के ड्राइवर को इस तरह की लापरवाही ना करने की बातें कही तथा कागज़ व फिटनेस प्रदुषण एवं बस की बीमार हालात को लेकर सवाल उठाया तो स्कूल मलिक ने धमकी देते हुए कहा कि आपको पूछने का अधिकार नहीं है।

स्कूल के बच्चों व बस को लेकर कुछ नहीं कहना चाहिए तथा पुलिस में शिकायत कर कार्रवाई करवा देने की



माजरी गांव से पचेरी की ओर आ रही स्कूल बस संतुलन बिगड़ने से खड्डे में जा पहुंची।

धमकी दी। स्कूल के डायरेक्टर संदीप यादव का वीडियो वायरल होने से आमजन में इस बात की चर्चा है कि बस के कागज एवं जिस प्रकार से स्कूल बस की कंडीशन होती है, वह पूरी नहीं करने पर तथा अपनी गलतियों को छुपाने पर ग्रामीणों को धमकी देने की बात गले नहीं उतरती। उन्होंने कहा कि एक बार अपनी बस पर नजर मार के देखे कि यह बस स्कूल के बच्चों को बैठक लाने के लायक है या नहीं। बस के टायरों में कट लगी हुई है तथा टायर फटने से बड़ा हादसा हो सकता है।

घटना को लेकर स्कूल डायरेक्टर संदीप यादव ने कहा कि बारिश का मौसम के कारण स्कूल बस का संतुलन बिगड़ने के कारण सड़क से नीचे उतरकर बस गड्ढे में चली गई, जिसके कारण बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहां मौजूद लोग वीडियो में कहासुनी करते नजर आ रहे हैं उनका स्कूल से कोई लेना-देना नहीं है। बच्चों को बाद मे दूसरी बस से लेकर आ गए थे।

# बजरी से भरा ट्रक पकड़ा, चालक गिरफ्तार

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर शहर की कोतवाली थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने कार्रवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट से प्रतिबंधित अवैध बजरी से भरे हुए ट्रक को जब्त किया है। साथ ही ट्रक चालक को भी गिरफ्तार किया है, जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है।

थाना प्रभारी प्रवेंद्र रावत ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में इन दिनों अवैध बजरी परिवहन रोकने को लेकर लगातार पुलिस की ओर से कार्रवाईयां की जा रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को जरिये मुखबिर सूचना मिली थी कि अवैध चंबल बजरी से भरा एक ट्रक मध्य प्रदेश से आगरा की ओर जा रहा है। जिस सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए नेशनल हाईवे 44 पर चंबल बजरी से भरा ट्रक जब्त किया है। साथ ही आरोपी ट्रक चालक को भी हिरासत में लिया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध बजरी परिवहन करने वालों ने पुलिस



कोतवाली थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने अवैध बजरी से भरे ट्रक को जब्त किया।

की आंखों में धूल झोंकने के लिए ट्रक में टमाटर की रैक बनवाकर अवैध बजरी परिवहन का काला कारोबार कर रहे हैं। पुलिस की टीम ने बजरी से भरे ट्रक को जब्त कर आरोपी चालक को हिरासत में लिया है।

# मोहर्रम में टोकाटाकी के बाद झगड़ा हुआ

**झुंझुनूं, (निसं)।** शहर में मोहर्रम में कुछ युवकों को टोकने पर लड़ाई हो गई। जानकारी के मुताबिक पीपली चौक के पास आटा चक्की चलाने वाला इलियास मोहर्रम देखने के लिए अपनी पत्नी के साथ गया था।

वहां पर कुछ युवक बार-बार महिलाओं के बीच घुस रहे थे। जिस पर इलियास ने युवकों को टोका और एक तरफ खड़ा होकर मोहर्रम देखने की बात कही, जिस पर युवक भड़क गए और इलियास के साथ ही धक्का मुक्की करने लग गए, लेकिन थोड़ी देर बाद जब इलियास अपनी पत्नी के साथ घर लौटा तो 30 से 35 की संख्या में युवक लाठियों से लैस होकर आए, जिन्होंने इलियास के साथ मारपीट की और उसकी आटा चक्की में भी तोड़फोड़ मचाई। इलियास ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी।

पुलिस मौके पर तो पहुंची, लेकिन कोई कार्रवाई करने की बजाय इलियास को ही बोल गई कि वह रात-रात कहीं और चला जाए। सुबह थाने आकर रिपोर्ट करने की बात भी कही। इलियास ने आरोप लगाया है कि आधे घंटे बाद पुलिस वापिस आई, जो उसे गिरफ्तार करने की धमकी दे गई। अब वह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाना चाहता है, लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही। वहीं मारपीट की घटना के बाद से वह दहशत में है और डरा हुआ बैठा है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में तगावली मोड़ पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक युवक एमआर था जो डॉक्टर का कॉल करके वापस अपने घर की ओर लौट रहा था। युवक की मौत को लेकर परिजनों ने जिला अस्पताल प्रबंधन धौलपुर पर उपचार नहीं दिए जाने का आरोप लगाया है।

बाइक सवार मृतक युवक मनीष त्यागी (28) पुत्र राजेंद्र निवासी सुरक्षा विहार कॉलोनी धौलपुर के परिजनों ने

**■ अस्पताल प्रबंधन पर उपचार नहीं दिए जाने का लगाया आरोप**

बताया कि मनीष लूपिन कंपनी में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के पद पर तैनात था। बुधवार रात को मनीष डॉक्टर से मिलकर बाइक से वापस घर की ओर लौट रहा था, जहां रास्ते में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों से मिली सूचना के बाद मृतक के साथी उसे लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे, जहां मेडिकल कॉलेज में मौजूद स्टाफ ने एक्सीडेंट केस का हवाला देते हुए युवक को बिना प्राथमिक उपचार दिए ट्रॉमा हॉस्पिटल में भेज दिया, जहां लाते वक्त युवक ने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक के साथियों ने बताया कि अगर युवक को मेडिकल कॉलेज में प्राथमिक उपचार दे दिया जाता तो उसकी जान बचाई जा सकती थी। घटना के बाद मृतक के शव को जिला अस्पताल धौलपुर की मोर्चरी में रखवाया गया। जिसका परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# युवक ने लड़की का वीडियो बनाया

## युवक ने लड़की से अश्लील हरकतें कर अपमानित किया और धमकी दी

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के भीमगंज थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में छत पर नहा रही लड़की का समुदाय विशेष के एक युवक ने न केवल पास की बिल्डिंग से वीडियो बना लिया, बल्कि टोकाटाकी करने पर उसने छत कूदकर लड़की से अश्लील हरकतें करते हुये उसे जातिगत अपमानित किया और परिवार सहित जान से मारने की भी धमकी दी।

पीड़िता के चिल्लाने पर परिजन व आसपास मौजूद लोग वहां पहुंचे और आरोपी युवक को दबोच कर उसकी धुनाई कर दी और पुलिस के सुपुर्द कर

**■ परिजन व आसपास मौजूद लोग पहुंचे और आरोपी युवक की धुनाई कर पुलिस को सौंपा**

दिया गया। वहीं लड़की के काका ने इस घटना को लेकर भीमगंज थाने में रिपोर्ट दी है। भीमगंज थाना क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी भतीजी के साथ हुई घटना की रिपोर्ट देते हुए बताया कि गुरुवार सुबह साढ़े दस बजे परिवादी की भतीजी छत पर नहा रही थी।

इस दौरान पास में ही एक व्यवसायिक प्रतिष्ठान की बिल्डिंग पर काम करने के लिए आया मीरां नगर निवासी इब्राहिम अब्बासी पुत्र साबिर अब्बासी जो कि नहाती हुई लड़की को देखते हुये अपने मोबाइल से अश्लील वीडियो बना लिया और लड़की की नजर पड़ने पर उसने आरोपित को टोका तो वह अनाधिकृत रूप से पीड़ित लड़की के मकान की छत पर कूद गया और लड़की का गला पकड़कर उसे नीचे गिरा दिया। उसके साथ अश्लील हरकतें की। लड़की को जातिगत अपमानित करते हुये वीडियो वायरल कर बदनाम करने की धमकी दी। साथ ही इस घटना के बारे में किसी को बताने पर लड़की को उसके परिवार सहित जान से मार देने की भी धमकी दी।

इससे पहले लड़की के चिल्लाने पर परिजनों के साथ ही आस-पास मौजूद लोग मौके पर पहुंच गये और आरोपित को दबोच कर उसकी धुनाई कर दी। सूचना पर मौके पर पहुंची भीमगंज पुलिस ने उक्त युवक को डिटेन कर उसका मेडिकल व प्राथमिक उपचार करवाया है। उधर, घटना की सूचना मिलने पर हिंदू संगठन के कार्यकर्ता भी भीमगंज थाने पर जुट गये और सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए हंगामा किया।

# गाड़ी लूटने की नीयत से किराए पर ले गए, गाड़ी मालिक की कर दी हत्या

**श्रीकोलायत, (निसं)।** बज्जू कस्बे से कुछ लोग बोलेरो गाड़ी किराए पर लेकर गए और बीच रास्ते में गाड़ी चालक की हत्या कर शव रोही में फेंक दिया और गाड़ी लेकर फरार हो गए।

बज्जू थाना प्रभारी आनंदकुमार ने बताया कि देवाराम पुत्र करणाराम खिलेरी दोपहर करीब 4.15 बजे थाने आया और उसने बताया कि उसके पिता करणाराम (45) पुत्र सीताराम खिलेरी गाड़ी चलाते हैं। देर शाम करीब सात बजे खाजूवाला बस स्टैंड से कुछ अज्ञात युवाओं ने उन्हें बीकमपुर छोड़ने का बोला। इस पर उसके पिता बोलेरो गाड़ी लेकर रवाना हो गए। इसके बाद ना उनका मोबाइल लग रहा है और ना कोई संपर्क हो पा रहा है। इस पर बज्जू पुलिस ने करणाराम के मोबाइल नंबर लिए, तो मोबाइल बंद बताया और जांच शुरू की।

पुलिस जांच शुरू करते ही सूचना मिली कि बज्जू से करीब 30 किलोमीटर दूर भड़ल गांव से आगे रोही में सड़क से 25 मीटर दूर एक शव मिला है। पुलिस ने मौके पर जाकर देखा और परिजनों से शिनाख्त करवाई, तो शव करणाराम पुत्र सीताराम खिलेरी का पाया गया। पुलिस के अनुसार आशंका है कि अज्ञात युवक बज्जू से गाड़ी किराए पर लेकर बीकमपुर के लिए निकले और बीच रास्ते में भड़ल के पास पहले से ही गाड़ी लूटने की योजना बना चुके युवकों ने करणाराम के सिर पर चोट मारी। इसके बाद करणाराम के हाथ,पैर बांधकर व मुंह में भी ठूंस दिया और रोही में फेंक दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची व घटनास्थल का जायजा लिया।

# राहगीरों से मोबाइल छीनने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**हिंडौन सिटी, (निसं)।** सड़क पर चलते राहगीरों के मोबाइल छीनकर भागने वाली गैंग का पर्दाफाश करते हुए हिंडौन की नई मंडी थाना पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो मोटरसाइकिल भी जब्त की है। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से कड़ी पूछताछ करने में जुटी है।

हिंडौन नई मंडी थाने के उप निरीक्षक सोहन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि हिंडौन क्षेत्र में राहगीर महिला-पुरुषों से मोबाइल छीनने की हो रही घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम के द्वारा मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने गैंग के सदस्य दीपेश शुक्ला, केशव शर्मा, विवेक शर्मा, गोविंद गुर्जर एवं देवेंद्र कोली को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लोगों



पुलिस ने मोबाइल लूट के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया।

से छीने गए 10 मोबाइल भी बरामद किए हैं। साथ ही दो मोटरसाइकिलों को भी जब्त किया है। उन्होंने बताया कि आरोपी सड़क पर बात करते हुए जाने वाले राहगीरों के मोबाइल छीनकर भाग जाते थे। गिरफ्तार किए आरोपियों से पुलिस कड़ी पूछताछ में जुटी है। जिससे गत दिनों में हुई मोबाइल चोरी व छीनने की घटनाओं का खुलासा होने की उम्मीद है।

# युवक पर चाकू से हमला

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के पावटा सी रोड रूपनगर में एक युवक पर उसके बुआ के बेटे भाई ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसके पेट, गला और शरीर के अन्य हिस्सों पर जख्म लग गए। बाद में आरोपी भाग गया। लहूलुहान युवक को अस्पताल ले जाया गया। इस बारे में महामंदिर थाने में मामला दर्ज कराया गया है। इनके बीच में दुकान के हिसाब को लेकर तकरार हुई थी। फिलहाल आरोपी हाथ नहीं लगा है।

पार्श्वनाथ नगर स्थित परिहार नगर माता का थान निवासी कैलाश सोनी ने मामला दर्ज करवाया है। इसमें बताया कि वह सुनारी का कार्य करता है। उसके भाई की दुकान घोड़ों का चौक क्षेत्र में आई हुई है। 17 जुलाई की सुबह वह बाइक पर अपने बुआ के बेटे भाई पाली के जैतारण निवासी विष्णु पुत्र नवरतन सोनी को लेने पावटा सी रोड रूपनगर पर आया था। विष्णु और वह दोनों साथ ही काम करते हैं, इसलिए वह उसे लेने आया था। बाइक रोकने पर विष्णु ने गाड़ी के पीछे बैठते ही चाकू से अचानक से हमला कर दिया, जिससे उसके गले पेट और शरीर के अन्य हिस्सों पर गहरे जख्म लग गए।

# विद्यालय की अव्वल छात्रा को अध्यापिका ने हवाई सफर करवाया

**झुंझुनूं, (निसं)।** समय के साथ राजकीय विद्यालयों में भी परिवर्तन की बयार चरम पर है। शिक्षा में नए नए नवाचारों के माध्यम से राजकीय विद्यालय भी विद्यार्थियों की नामांकन संख्या में वृद्धि के लिए नए नए शैक्षिणक नवाचार कर रहे हैं।

उसी कड़ी में देरवाला स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की व्याख्याता अनिता चौधरी ने अपनी पूर्व घोषणा के अनुसार कक्षा 12वीं में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर हवाई यात्रा के माध्यम से देश की सांस्कृतिक विरासत का भ्रमण करवाने का वायदा किया था। जिसकी परिणति में छात्रा पायल मीणा ने 2023-2024 में 12वीं कक्षा में 92 प्रतिशत अंक हासिल करते हुए इस मुकाम को हासिल करने में सफलता अर्जित की है। जिसकी एवज में विद्यालय की



व्याख्याता अनिता चौधरी ने छात्रा पायल मीणा को दिल्ली से जयपुर की हवाई यात्रा करवाई।

व्याख्याता अनिता चौधरी ने छात्रा को दिल्ली से जयपुर की हवाई यात्रा करवाई एवं दिल्ली एवं जयपुर का भ्रमण करवाया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम गत छह वर्षों से लगातार शत प्रतिशत रहा है। प्रधानाचार्य रुचिरा ने हवाई सफर से लौटी छात्रा पायल मीणा एवं व्याख्याता अनिता चौधरी का माला पहनाकर एव साफा ओढ़ाकर स्वागत किया एवं विद्यार्थियों को भविष्य में और अधिक अंक प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित किया।

## संक्षिप्त

### पांच परिवादों का मौके पर निस्तारण

**दूदू, (निसं)।** पंचायत समिति सभागार में गुरुवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर गोपाल परिहार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्राप्त 29 परिवादों में से पांच परिवादों का मौके पर निस्तारण किया गया। जनसुनवाई के दौरान सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना पेयजल आपूर्ति विद्युत कटौती में नरेगा बकाया भुगतान गोचर भूमि से अतिक्रमण हटाने खाद्य सुरक्षा एवं आम जन से जुडी समस्याएं प्राप्त की गई। पडासोली निवासी वृद्ध निर्मला देवी को पेंशन एवं शांति देवी को मनरेगा बकाया भुगतान पर तत्काल कार्रवाई की जाकर लाभान्वित किया गया। परिहार ने अन्य प्राप्त परिवादों के निस्तारण करने के संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई की जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवलाल बैरवा उपखंड अधिकारी योगेश सिंह देवल दूदू बलबीर सिंह मौजमाबाद जिला रसद अधिकारी सौरभ जैन मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार विद्युत विभाग जेपी बैरवा विकास अधिकारी महेश सिंह राठौड़ सहित जिला एवं उपखंड स्तर के अधिकारी मौजूद रहे।

### धरना 22वें दिन भी रहा जारी

**कोटपूतली, (निसं)।** चतुर्भुज बचाओ आंदोलन के तहत ग्राम चतुर्भुज, तरियाला, ढाणी रामनगर के ग्रामीणों द्वारा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को स्थानांतरित करवाने की मांग को लेकर दिया जा रहा धरना गुरूवार को लगातार 22 वें दिन भी बदस्तुर जारी रहा। चतुर्भुज बचाओ आंदोलन के एक प्रतिनिधि मंडल ने चंद्रशेखर शर्मा व दिलीप यादव के नेतृत्व में स्थानीय पंचायत समिति में आयोजित जिला कलेक्टर की जनसुनवाई में उक्त समस्या से जिला कलेक्टर को अवगत करवाते हुये समाधान की मांग की। जिस पर जिला कलेक्टर ने कहा कि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के संबंध में एक कमेटी गठित की गई है। वह जल्द ही रिपोर्ट पेश करेगी। इस दौरान जिला पार्षद अमीचंद धानका, किशन लाल स्वामी, गिरिराज भारती, गंगादीन आर्य, गिरधारी लाल आर्य, विक्रम सैन, रोहित समेत महिलायें मौजूद रही।

### पौधारोपण व पद दंगल कार्यक्रम कल

**दौसा, (निसं)।** दौसा सांसद मुरारी लाल मीणा के 66 वें जन्मदिन पर 20 जुलाई को कृष्ण मुरारी वाटिका में विशाल पौधारोपण एवं पद दंगल कार्यक्रम आयोजित किया जावेगा। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता मुकेश राणा ने बताया कि दौसा सांसद मुरारीलाल मीणा का 20 जुलाई को 66 वां जन्मदिन है। उनके 66 वें जन्मदिन पर भांकरी रोड पर स्थित कृष्ण मुरारी वाटिका में विशाल पौधारोपण तथा पद दंगल कार्यक्रम आयोजित किया जावेगा। उन्होने सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### चोरी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**दूदू, (निसं)।** जिले के अधीन मोजमाबाद थाने की पुलिस ने खेत में लगी सोलर पंप केबल मोटर चुरा कर ले जाने के दर्ज प्रकरण में पुलिस ने कार्रवाई कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी संजय मीणा ने बताया कि पालूं कला निवासी नानची देवी जाट ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवा कर अवगत कराया की 25 मई की रात को खेत में लगे सोलर पंप पर केबिल चोर चुरा कर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी रामेश्वर लाल निवासी मालेडा को गिरफ्तार कर लिया।

### गुरु पूर्णिमा महोत्सव आज

**निवाई, (निसं)।** अद्वैत आश्रम राहोली में शुक्रवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा। श्रद्धालु रामकिशोर सैनी ने बताया कि जीवानंद गिरी महाराज के सानिध्य में आश्रम पर स्थित मंदिर एवं समाधि स्थल पर सुरानंद गिरी महाराज का पूजन एवं महाआरती का आयोजन दोपहर 1 बजे किया जाएगा। पूजा कार्यक्रम सुबह 7 बजे से शाम तक चलेगा। इसी दिन सत्संग कार्यक्रम प्रवचन एवं प्रसादी का आयोजन भी किया जाएगा।

### प्रवेश चयन सूची का प्रकाशन

**मालपुरा, (निसं)।** स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कुल मालपुरा में कक्षा 1 से 5 तक प्रवेश फार्म जमा करवाने की अन्तिम तिथि 22 जुलाई घोषित की गई। प्रधानाचार्य हंसराज जाट ने बताया कि चयनित विधार्थी अपना आवेदन फार्म पूर्ण कर कार्यालय समय प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक जमा करवा सकते है।

# आबादी के मध्य से ठेका हटाने की मांग, किया प्रदर्शन



सूचना मिलने पर बौंली पुलिस मौके पर पहुंची एवं धरना प्रदर्शन कर रहे महिला, पुरुषों को समझाइश कर वहां से हटाया।

- पूर्व में भी प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है लेकिन सुनवाई नहीं हुई

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** नगर पालिका बौंली मुख्यालय के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय रोड, धार्मिक स्थल, विद्यालय व आबादी के मध्य शराब की दुकान को हटाने की मांग को लेकर मोहल्ले के महिला, पुरुषों ने दुकान के बाहर विरोध प्रदर्शन करते हुए शराबियों को खदेड दिया एवं दुकान के बाहर धरना देकर बैठ गए। सूचना पाकर बौंली पुलिस मोके पर पहुंची एवं धरना प्रदर्शन कर रहे महिला, पुरुषों को समझाकर वहां से हटाया।

इस समस्या को लेकर गुरुवार को पंचायत समिति कार्यालय पर जनसुनवाई के दौरान भी मोहल्ले वासियों ने एक हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंप कर शराब की दुकान को हटाने की मांग की। मांग पत्र में अंकित किया गया है कि शराब की दुकान बालिका आवासीय विद्यालय रोड पर स्थित है उसके सामने ही परशुराम आश्रम पर शिवालय व हनुमान मंदिर है पास में ही लाल बहादुर शास्त्री विद्यालय है, इस मार्ग से छात्र-छात्राए एवं महिलाएं अधिकतर आती जाती रहती है। शराब की दुकान व उसके आसपास सदैव अपराधिक व असमाजिक तत्वों का जमावडा रहता है ये लोग शराब का नशा करने के बाद महिलाओं व बालिकाओं से अपशब्दों का प्रयोग कर छींटाकशी करते रहते है। इस कारण इस मोहल्ले में हमेशा अशांति एवं लडाई झगडे की आशंका रहती है। इस बारे में पूर्व में भी अनेकों बार प्रशासन को अवगत कराया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

इस बारे में जब बौंली सर्किल इंस्पेक्टर अवतार सिंह से जानकारी चाहि गई तो उन्होंने बताया कि शराब की दुकानों का आवंटन आबकारी विभाग करता है पुलिस ने तो मौके पर पहुंचकर महिला, पुरुषों को समझाइश का कार्य किया है। शराब की दुकान के आवंटन को लेकर एसडीओ वहां की लोकेशन व्यवस्था और जगह देखकर निर्धारित करता है। इस बारे में जब बौंली एसडीएम विनीता स्वामी से मोबाइल पर जानकारी चाहिए गई तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। आबकारी विभाग के शराब दुकानों का आवंटन करता सीआई सतीश मैहर को इस बारे में दो बार फोन किया गया तो उन्होंने भी फोन नहीं उठाया।

### शंकर शर्मा को जन्मदिन पर बधाई दी

**दौसा, (निसं)।** विभिन्न सामाजिक, राजनैतिक एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों ने गुरुवार को दौसा के पूर्व विधायक शंकर शर्मा के जन्मदिन पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किये। इधर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने जयपुर पहुंचकर पूर्व विधायक शंकर शर्मा को मालाए साफा पहनाकर बधाई दी। दौसा के पूर्व विधायक शंकर शर्मा के जन्मदिन पर गुरुवार को वृक्षारोपण सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस दौरान विप्र फाउण्डेशन के प्रदेश महामंत्री संगठन कैलाश तिवाडी, प्रदेश महामंत्री शिरीष शर्मा, जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, युवा नेता राकेश कुमार शर्मा गुमानपुरा, लोकेश आर्यन, वरिष्ठ युवा नेता अनिल निमला, विकास तिवाडी, अवधेश शर्मा, मुकेश शर्मा, गजेन्द्र झाला, परमानन्द शर्मा, सियाराम शर्मा सहित अनेक पदाधिकारियों ने पौधारोपण किया। वही दूसरी ओर भाजपा के पदाधिकारियों ने भी चिकित्सालय में फल वितरण किये तथा जयपुर निवास पहुंचकर पूर्व विधायक शंकर शर्मा को जन्मदिन की बधाई दी। उधर दीपक हरियाणा ने नीलकण्ठ महादेव मंदिर का जलाभिषेक कर पूर्व विधायक शंकर शर्मा की दीर्घायु की कामना की।

### आग से हजारों का सामान राख

**निवाई, (निसं)।** राहोली रोड पर स्थित सूरिया पावर हाउस के सामने रखी एक थडी में मंगलवार की रात अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग से थडी में रखा करीब पचास हजार रूपए का परचूनी एवं जनरल स्टोर का सामान जल गया।

गांव हरभगतपुरा बासडा निवासी श्योजीराम प्रजापत ने बताया कि वह राहोली रोड पर स्थित सूरीया पावर हाउस के सामने चाय, बीडी, गुटखा, सिगरेट, नमकीन सहित अन्य परचूनी का सामान थडी लगाकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा है। मंगलवार की रात थडी में अज्ञात कारणों से आग लग गई जिसके चलते थडी में रखा करीब पचास हजार रूपए का सामान जल गया। उसने बताया कि आग से थडी एवं छाया के लिए लगा हुआ छप्पर भी राख हो गया। बुधवार की सुबह वह दुकान खोलने गया तब उसे आगजनी का पता लगा। आगजनी की सूचना पर हल्का पटवारी सुनिता कंवर ने घटना स्थल पर पहुंचकर आग से हुए नुकसान की मौका रिपोर्ट तैयार की।

# बजट में आयकर छूट बढ़ाने, पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग



अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में ज्ञापन कलेक्टर देवेन्द्र कुमार को सौंपा।

**दौसा, (निसं)।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम एक ज्ञापन जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार को सौंपकर केन्द्र सरकार के प्रस्तावित बजट में आयकर छूट बढाने, पुरानी पेंशन योजना की बहाली करने सहित अनेक मांगों को शामिल किये जाने की मांग की है।

जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा बजट प्रस्तुत किया जावेगा। महासंघ ने प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर राजस्थान राज्य में पुन प्रभावी की गई पुरानी पेंशन योजना को निरन्तर रखने, नवीन पेंशन योजना में प्रदेश के कर्मचारियों की काटी गई राशि लगभग 41 हजार करोड रूपये राज्य सरकार को लौटाते हुए कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में जमा करवाने, आठवां वेतन आयोग के गठन की घोषणा करने, आयकर छूट की सीमा बढाने, अन्य पिछडा वर्ग एवं आर्थिक पिछडा वर्ग में 8 लाख रूपये तक की वार्षिक आय वालों को निर्धन मानकर आरक्षण प्राप्त करने में प्रदान की जा रही छूट के आधार पर सरकारी कर्मचारियों, अधिकारियों के लिए भी आयकर छूट की सीमा को 3 लाख से बढाकर 8 लाख किये जाने, आयकर धारा 80 सी की छूट को पुनः बहाल किये जाने, गृह ऋण पर बैंक ब्याज की छूट को पुनः बहाल किये जाने, कोविड संक्रमण काल में सरकारी कर्मचारियों का माह जनवरी 2019 से माह जून 2021 की अवधि में फ्रीज किये गये मंहगाई भत्ते के एरियर राशि के भुगतान की घोषणा करने, विभिन्न विभागों में नियमित पदों पर संविदा कार्मिकों की नियुक्ति की प्रथा को समाप्त करने के साथ ही विभिन्न विभागों में लाखों नियमित रिक्त पदों को नियमित नियुक्ति से भरने की मांग की है।

इस दौरान राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के प्रदेश अध्यक्ष फैलीराम मीणा, मुकेश चन्द मीना, रामधन मीना, कजोड मीणा, कमलराम मीना, रघुवीर अवस्थी, सीताराम मीना, राजाराम परेवा, लोकेश कुमार, दामोदर प्रमाद शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## प्रवेश नवीनीकरण की अंतिम तिथि आज

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय में प्रवेश नवीनीकरण की अंतिम तिथि 19 जुलाई की गई है।

प्राचार्य डॉ. आर.के. सिंह ने बताया कि गत सत्र में नियमित विद्यार्थी के रूप में परीक्षा दी है, उन्हें आगामी कक्षाओं में अध्ययन हेतु प्रवेश नवीनीकरण करवाना है। अतः स्नातक पार्ट द्वितीय (सेमेस्टर-3), तृतीय एवं स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध के लिए विद्यार्थी अपने रिजल्ट का इंतजार किए बिना आगामी कक्षा में फीस जमा करावाकर अपना प्रवेश नवीनीकरण कवाये। प्रवेश नवीनीकरण के लिए ई-मित्र पर फीस जमा करवाने की अंतिम तिथि 19 जुलाई है, जो विद्यार्थी गत सत्र की परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो जायेंगे उन्हें फीस लौटा दी जायेगी। स्नातक पार्ट द्वितीय(सेमेस्टर-3), तृतीय एवं स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध में अध्यापन कार्य 01 जुलाई से प्रारम्भ हो गया है। अतः विद्यार्थी महाविद्यालय समय सारणी के अनुसार अपनी अपनी कक्षाओं में उपस्थित होकर अध्ययन करें। छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त करने एवं विश्वविद्यालय के नियमानुसार परीक्षा में बैठने के लिए 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। नोडल अधिकारी देशराज यादव ने बताया कि महाविद्यालय में स्नातक पार्ट प्रथम में अंतरिम प्रवेश सूची तथा प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन 22 जुलाई 2024 को किया जायेगा। प्रवेश सूची एवं प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों द्वारा महाविद्यालय में दस्तावेज सत्यापन एवं ई-मित्र पर शुल्क जमा करवाने की अंतिम तिथि 25 जुलाई है।

### बिजली कटौती पर लिखा पत्र

**अलवर, (निसं)।** अलवर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली विभाग लगातार 2 से 3 घंटे तक बिना घोषणा किए अघोषित बिजली की कटौती कर रहा है जिसे ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। इसी को लेकर माधोगढ की सरपंच सुषीला देवी ने मुख्यमंत्री राजस्थान को पत्र लिखा है। सरपंच सुषीला देवी ने अपने पत्र में कहा है कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले 6 महिनों से एलडी मैसेज के नाम पर रोजाना दो से तीन घंटे बिजली बिना सूचना के काटी जा रही है जो ग्रामीणों के साथ अन्याय है बिजली विभाग के इस रवैये से आमजन का सरकार के प्रति गुस्सा बढ रहा है इसलिए यह कटौती को बंद कर ग्रामीणों के साथ न्याय किया जाए। उन्होंने अपने पत्र में बताया कि बरसात के मौसम में मच्छरों की भरमार है बिजली ना होने मच्छरों के काटने से ग्रामीणों को बिभिन्न बीमारियों को झेलना पड रहा है।

## श्रीमाधोपुर में मेडिटेशन सेमिनार आयोजित

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** महात्मा गाँधी स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय, श्रीमाधोपुर में मेडिटेशन सेमिनार का आयोजन गुरुवार को किया गया। महाविद्यालय के एनसीसी सीटीओ सुरेश सामोता ने बताया कि महाविद्यालय प्रागंण में ध्यान सत्र (मेडिटेशन सेमिनार) का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि कर्नल एस. डी. मिठारवाल एडीएम-3 राज बटालियन एनसीसी सीकर, सीओ कर्नल बलवीर सिंह 1 राज. बटालियन जयपुर, सिस्टर सपना, सिस्टर रोशनी सिंह मेडिटेशन टीम, जयपुर, प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र सैनी, उपप्राचार्य विजेन्द्र पूनिया, कला संकाय प्रभारी सुशीला देवी, विज्ञान संकाय प्रभारी वीरेन्द्र यादव ने भूतपूर्व दिवंगत जनरल सी.डी.एस. विपिन रावत तथा संस्था के संस्थापक स्व. चौ. प्रताप सिंहखर्रा के आवक्ष चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

मेडिटेशन टीम से सिस्टर रोशनी सिंह, सिस्टर सपना ने हार्ट फुलनेस संस्थान के बारे में बताया कि यह संस्था 160 देशों में निःशुल्क ध्यान सत्रों का आयोजन करती है साथ ही सिस्टर सपना ने बताया कि यदि हम डॉक्टर की सलाह के अलावा भी मेडिटेशन करना शुरु कर दें तो हमारे जीवन में अनेक सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं। कार्यक्रम में मंच संचालन व्याख्याता अभिषेक कुमावत ने किया। इस अवसर पर प्रमोद वर्मा, जितेन्द्र सिंह दायमा, रोहित शर्मा,शारीरिक शिक्षक रामसिंह जाट, सुनिल चौधरी, मांगीलाल कुमावत सहित समस्त स्टाफ उपस्थित था।

# नीमकाथाना-सीकर स्टेट हाईवे गड्ढों में तब्दील, वाहन चालक व राहगीर दुखी



सड़क के गहरे गड्ढों में तब्दील होने से वाहन चालक, राहगीर व छोटे वाहन चालकों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है।

- पिछले पांच सालों से उक्त मार्ग के खस्ता हालात
- 22 जुलाई से पुनः आन्दोलन शुरू किये जाने का ऐलान

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के डाबला रोड से गुजर रहे नीमकाथाना-सीकर स्टेट हाईवे पर ग्राम नारेहडा में सडक के गहरे गड्ढों में तब्दील हो जाने के कारण ना केवल वाहन चालकों को बल्कि राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। इतना ही नहीं उक्त सड़क मार्ग पर ग्राम नारेहडा के पास ओवरलोड वाहन बीचों बीच फंसे रहते है जिससे छोटे वाहन चालक भी काफी परेशानी झेलते नजर आते हैं।

इसको लेकर कस्बे के डाबला रोड़ व ग्राम नारेहडा में विगत एक वर्ष के अन्तराल में दो बार धरना प्रदर्शन किये जा चुके है लेकिन समस्या जस की तस है। जानकारी अनुसार कांग्रेस शासन में राज्य सरकार द्वारा नीमकाथाना स्टेट हाईवे को फोर लेन में किये जाने की घोषणा की गई थी, लेकिन विधानसभा चुनाव आने के बाद मामला ठण्डे बस्ते में चला गया। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद इसे रद्द कर दिया गया। जिसको लेकर ग्रामीणों ने विगत दिनों ग्राम नारेहडा में धरना देकर सडक के पुनर्निर्माण की मांग की थी। जिसको जल्द से जल्द हल करवाये जाने का आश्वासन देकर धरना समाप्त करवाया गया था। इस बार के बजट में सरकार ने इस मार्ग को ग्रीन फिल्ड एक्सप्रैस वे में तब्दील किये जाने की घोषणा की है लेकिन घोषणाओं के बीच सडक की हालत बद से बदतर होती जा रही है। विगत पाँच वर्षो में इस सडक को सुधारने के लिये कोई प्रयास नहीं हुये है। दरअसल नारेहडा से पनियाला बाईपास निर्माण के बाद इस मार्ग को पुनः बनाने की योजना के चलते सडक क्षतिग्रस्त अवस्था में ही पडी हुई है साथ ही इसको लेकर हुई विभिन्न घोषणाओं ने इसकी मरम्मत का रास्ता भी नहीं खोला। बारिश के मौसम में नारेहडा गौशाला से लेकर चेतनानंद मंदिर तक सडक गड्ढों में तब्दील हो गई है। साथ ही इस पर बारिश का पानी भरने से तालाब बन गया है। गुरूवार को सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास की अगुवाई में अर्जुन कुमावत व ओमसिंह लम्बरदार ने जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की जनसुनवाई में पहुंचकर पुनः इस समस्या से अवगत करवाया तो जिला कलेक्टर ने मंत्री के पास जाने की बात कही। राधेश्याम शुक्लावास ने बताया कि ग्रामीणों ने आन्दोलन शुरू करने की बात कही तो जिला कलेक्टर ने कहा कि इस संबंध में कोई चारा नहीं है, सारे प्रयास किये जा चुके है। इस पर ग्रामीणों ने आगामी 22 जुलाई से नारेहडा में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू करने का निर्णय लिया है।

जिसमें एम्बुलेंस के अलावा सभी वाहनों का चक्का जाम रहेगा। इस सम्बंध में जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने पीडब्ल्यूडी अतिरिक्त मुख्य सचिव संदीप वर्मा व आरएसआरडीसी प्रबंध निदेशक को पत्र लिखकर कोटपूतली को नीमकाथाना से जोडने वाले स्टेट हाईवे एसएच 37 बी की टू लेन सडक को फोर लेन निर्माण हेतु स्वीकृत हो चुकी 178 करोड रूपयों की राशि से सडक निर्माण हेतु स्वीकृत हुये टेंडर का कार्य जल्द से जल्द शुरू किये जाने की मांग की है। वही कोटपूतली-नीमकाथाना मार्ग में ग्राम नारेहडा में सडक की स्थिति बहुत खराब है। इससे ग्रामीणों में भारी रोष है एवं बार-बार धरना प्रदर्शन कर सडक मार्ग को अवरूद्ध किया जा रहा है। अतः जल्द से जल्द कोटपूतली-नीमकाथाना टू लेन सडक से फोर लेन सडक निर्माण हेतु टेंडर अनुमोदन करवाया जायें। साथ ही वैकल्पिक व्यवस्था हेतु ग्राम नारेहडा में सडक दुरूस्तीकरण के लिये आवश्यक मरम्मत राशि भी स्वीकृत की जायें, जिससे आमजन को राहत मिल सकें। जिला कलेक्टर ने दो बार दूरभाष द्वारा भी पीडब्ल्यूडी मुख्यालय जयपुर के एसीएस से उक्त टेंडर को पूरा किये जाने की मांग की जा चुकी है।

## सार-समाचार

### डॉ. सैयद अब्द हन्नान को दी बधाई



**टोंक, (निसं)।** 6 जुलाई को घोषित हुए परिणाम एफएमजीआई की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए डॉ. सैयद अब्द हन्नान अहमद को कांग्रेस के कई नेताओं एवं शहरवासियों ने बधाई दी तथा उनके घर पर पहुंचकर माल्यापर्ण किया। डॉ.सैयद अब्द हन्नान को फॉरेन मेडिकल ग्रेज्युशन एग्जाम (एफएमजीआई) उत्तीर्ण करने पर उनके परिजनों में खुशी का माहौल है तथा बधाई देने वाले लगातार जारी है। ज्ञात रहे कि यह परिक्षा उनके लिए होती है जो भारत के बाहर से मेडिकल की परिक्षा देकर आते है। जिसके बाद वह सरकारी या निजी तौर से डॉक्टर कर प्रेक्टिस कर सकते है। इस दौरान बधाई देने वालों में कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता जैसे सैयद सउद सईदी, इम्जेयाज खान, पार्षद हकीकत हसन, अताउल्लाह खान कांग्रेस जिला प्रवक्ता युसुफ यूनीवर्सल, तारिक हुसैन, खालिद खान, पार्षद सुनील बंसल, प. राजेश शर्मा, हुमायु खान इत्यादि कार्यकर्ता व शहरवासी मौजूद रहे।

### सात दिवसीय आमुखीकरण कार्यशाला



**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम कंवरपुरा स्थित कृषि महाविधालय में रेडी विधार्थियों के लिये सात दिवसीय आमुखीकरण कार्यशाला का शुभारम्भ गुरूवार को हुआ। समन्वयक व प्रभारी डॉ. नीरज कुमार मीणा ने वर्ष भर होने वाली गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये विधार्थियों को किसान के सम्पर्क में रहकर व्यावहारिक ज्ञान अर्जित करने व उनकी समस्याओं के समाधान के लिये कहा। अधिष्ठाता डॉ. सुरेन्द्र सिंह ने खेतों पर विभिन्न प्रकार के खरपतवारों, फसलों व पशुओं की बीमारी से सम्बंधित रिकॉर्ड रखने का सुझाव दिया। डॉ. पार्वती दीवान ने पुस्तक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान अर्जित करने की बात कही। डॉ. सुरेन्द्र कुमार ने धन्यवाद् ज्ञापित किया। संचालन डॉ. सुशीला ऐचरा ने किया। इस दौरान बडी संख्या में स्टॉफ सदस्य व विधार्थी मौजूद रहे।

### अवसाद से निकालने के गुर सिखाए

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** एसबीएन पीजी कॉलेज श्रीमाधोपुर के कैंपस में 3 राज एनसीसी बटालियन सीकर के एडीएम कर्नल सर्वदमन मिठारवाल व सूबेदार विद्याधर ने गुरुवार को एसबीएन एनसीसी कैडेट्स को मेडिटेशन मोटिवेशनल सेमिनार में अवसाद से बाहर निकालने के गुर सिखाए। एसबीएन कालेज एनसीसी लेफ्टिनेंट डॉ. मुकेश बल्डवाल व जीसीआई अनीता दूसाद, प्राचार्य डॉ एसके जाट और खेल सचिव बनवारी लाल जीतरवाल ने एडीएम कर्नल का तिलक लगाकर, सापा पहनाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। प्राचार्य डॉ एस के जाट ने बताया कि एडीएम कर्नल ने कैडेट्स को बताया कि कैसे योग द्वारा खुद को और दूसरों को अवसाद से बाहर निकाला जा सकता है। उन्होंने बताया कि टेक्नोलॉजी का दुरुपयोग हो रहा है और युवा इस कारण से परिवार व समाज से दूर होते जा रहे हैं, जिसके परिणाम स्वरुप वे अवसाद में चले जाते हैं, जिन्हें अवसाद से बाहर निकालने का सबसे अच्छा माध्यम योग है, जिससे ध्यान एकाग्र कर वापस सामान्य स्थिति में आ सकते हैं। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ मुकेश बल्डवाल ने बताया कि ध्यान केंद्रित करके तब तक प्रयासरत रहे,जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए। यह मोटिवेशनल सेमिनार अगले तीन दिवस तक चलेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### पीड़ित पुलिस मित्र से मिले नवीन शर्मा

**नारायणपुर, (निसं)।** नारायणपुर थाने में 3 साल से पुलिस मित्र के रूप में कार्य कर रहे युवक मोहित मीणा पर जानलेवा हमले के 7 दिन बाद भी आरोपी पुलिस की पकड से दूर हैं। पीडित मोहित मीणा पर 12 जुलाई को बाईपास पर स्थित बालाजी होटल पर कुछ बदमाशों द्वारा पलटा, सरिया, डंडे आदि से जानलेवा हमला कर दिया गया था। घटना के बाद पीडित ने नारायणपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। मारपीट की घटना को 7 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। इससे परिजनों का पुलिस प्रशासन के खिलाफ रोष बना हुआ हैं। वही गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद के प्रदेशाध्यक्ष नवीन शर्मा ने पीडित मोहित मीणा से मिलकर उनकी कुशलक्षेम जानी। इस दौरान पीड़ित ने प्रदेशाध्यक्ष को ज्ञापन देकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा पुलिस मित्र पर जानलेवा हमले की घटना निंदनीय हैं और पुलिस द्वारा 7 दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों को पकडा नहीं जाना कही न कही पुलिस की कार्य शैली पर सवाल उठाता हैं। उन्होंने कहा कि शीघ्र प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की जायेंगी। इस मामले में बानसूर डीएसपी सत्यप्रकाश ने बताया कि अभी मामले पर अनुसंधान चल रहा हैं शीघ्र आरोपियों की गिरफ्तारी की जायेंगी।

### आश्रितों को सहायता स्वीकृत की

**टोंक, (निसं)।** जिला कलेक्टर डॉ.सौम्या झा ने अलग-अलग दुर्घटनाओं में मृतक 9 व्यक्तियों के आश्रितों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से 9 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। जिला कलेक्टर ने बताया कि दुर्घटना में मृतक धनराज पुत्र सूरजमल भील निवासी ग्राम इंद्रपुरा कॉलोनी देवली गांव तहसील देवली, मृतक गिर्राज जाट पुत्र सुखदेव निवासी ग्राम सिरोही तहसील निवाई, मृतक हजारी लाल जाट पुत्र श्योजीराम जाट निवासी ग्राम सुनारा तहसील निवाई एवं मृतक अयान पुत्र मोहम्मद इसरार शेखों का मोहल्ला पंचकुइयां दरवाजा पुरानी टोंक तहसील टोंक, मृतक देवलाल गुर्जर पुत्र केसर लाल गुर्जर ग्राम बिशनपुरा तहसील टोंक के आश्रितों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की हैं। इसी प्रकार मृतक रमेश सिंह पुत्र मोहन सिंह निवासी कृष्णा कॉलोनी तहसील टोंक, मृतक रणजीत खारवाल पुत्र मोती निवासी रामनगर कॉलोनी तहसील निवाई, मृतक मोजीराम पुत्र चौथमल माली तहसील उनियारा, मृतक गोविंदराम सभनानी पुत्र ताराचंद निवासी वार्ड नंबर 14 हरिजन बस्ती तहसील निवाई के आश्रितों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की हैं।

### वाणिज्य कॉलेज में साक्षात्कार आज

**अलवर, (निसं)।** राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय अलवर में 19 जुलाई शुक्रवार को एक्सिस बैंक में सहायक प्रबंधक पद हेतु रोज़गार मेले का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्य प्रो. सत्यभान यादव ने बताया कि कॉलेज प्रशासन की पहल के चलते एक्सिस बैंक में उक्त पदों की भर्ती हेतु जयपुर से एनएनआईटी प्लेसमेंट ड्राइव के द्वारा उनके प्रतिनिधियों द्वारा साक्षात्कार आयोजित किए जाएँगे। इस रोज़गार मेले में 30 वर्ष से कम आयु वाले ऐसे युवा भाग ले सकते है जिन्होंने 10वीं, 12वीं, स्नातक में अथवा स्नातकोत्तर उपाधि 50 प्रतिशत या अधिक अंकों से किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की हो। इससे पहले भी कई जानी मानी कंपनियों द्वारा इस तरह के कैम्प आयोजित किए जा चुके है जिससे सैकडों विद्यार्थियों को रोज़गार प्राप्त हुआ। प्राचार्य प्रोफेसर यादव ने बताया अधिक जानकारी के लिये अभ्यर्थी महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल से संपर्क कर सकते है।

### दूदू में बंदरों का आतंक

**दूदू, (निसं)।** जिला मुख्यालय पर बंदरों के आतंक से आमजन परेशान हो रहा है। बंदरों द्वारा छतों पर लगी पानी की टंकियां एवं लगे एनटीनो को तोडफोड कर आर्थिक नुकसान पहुंचा रहे हैं। वही छतों पर आम जन का जाना मुश्किल हो रहा है। इतना ही नहीं जगह-जगह राहगीरों से सामान छीनकर ले जाते हैं।

## संक्षिप्त

### डॉ. मनीषा प्रजापत ने किया नाम रोशन

**अलवर, (निसं)।** अलवर के वैशाली नगर निवासी डॉ मनीषा प्रजापत ने उत्तर प्रदेश की चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी (मेरठ )से एम.बी.बी.एस की परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण कर परिवार का नाम रोशन किया। अलवर के वैशाली नगर रहने वाली मनीषा प्रजापत ने उत्तर प्रदेश की चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी के एफिलेटेड मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त कर न केवल अपने परिवार का बल्कि अपने गांव व क्षेत्र का नाम रोशन किया। जिसको लेकर मनीषा के पिताजी विश्राम प्रजापत ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मनीष प्रजापत न केवल परिवार में बल्कि पूरे गांव में एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त करने वाली प्रथम लडकी है। मनीषा प्रजापत लक्ष्मणगढ तहसील के ठुमरेला गांव की निवासी है। मनीषा प्रजापत ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को देते हुए कहा कि उनके माता-पिता की वजह से ही वह यह मुकाम हासिल कर पाई है। इसके अलावा मनीषा प्रजापत की सफलता ने गांव के अनेक छात्र-छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित किया।



डॉ. मनीषा

### चेतन ने गोल्ड तथा सिल्वर मेडल जीता

**फुलेरा, (निसं)।** ग्राम पंचायत काचरोदा के अधीन ढाणी नागान के निवासी चेतन प्रकाश कुमावत ने वर्ल्ड चैम्पियनशिप में जीत हांसिल कर भारत का नाम रोशन किया। गौरतलब है कि चेतन प्रकाश कुमावत ने कजाकिस्तान में 15 से 19 जुलाई तक चल रही 11वीं वर्ल्ड स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैम्पियनशिप में 76 किलो भार वर्ग में हिस्सा लिया। इस दौरान कुमावत ने इनक्लाइन बेंच प्रेस में एक गोल्ड मेडल तथा हेग लिफ्टिंग व बायसैप करल में एक सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। इसके चलते पूरे फुलेरा में हर्ष का माहौल व्याप्त है। इसी क्रम में सामाजिक कार्यकर्ता पवन कुमावत सहित कई लोगों ने मोबाईल पर बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की है। साथ ही आगे बताया कि चेतन प्रकाश के फुलेरा आगमन पर एक कार्यक्रम आयोजित कर भव्य स्वागत किया जाएगा।



चेतन प्रकाश

### शपथ ग्रहण समारोह कल

**दौसा, (निसं)।** रोटरी क्लब दौसा का शपथ ग्रहण समारोह 20 जुलाई को रामदरबार अयोध्या में आयोजित किया जावेगा। इधर गुरुवार को रोटरी क्लब का जत्था अयोध्या के लिए रवाना हुआ। नवनिर्वाचित रोटरी क्लब के सचिव गजेन्द्र झाला ने बताया कि रोटरी क्लब दौसा का 21वां शपथ ग्रहण समारोह 20 जुलाई को रामायण होटल अयोध्या में आयोजित किया जावेगा। इससे पूर्व रोटरी क्लब के सभी पदाधिकारी अयोध्या में रामदरबार का दर्शन करेगें। गुरुवार को रोटरी क्लब का दल अयोध्या के लिए रवाना हुआ। वहीं दौसा रेल्वे स्टेशन पर पुष्प वर्षा कर पदाधिकारियों का स्वागत किया।

### विवाहिता ने जहर खा आत्महत्या की

**टोंक, (निसं)।** थाना पुरानी टोंक क्षेत्र के गुर्जर मोहल्ला मे निवास करने वाली 40 वर्षीय युवती ममता गुर्जर पत्नी लेखराज गुर्जर ने 18 जुलाई को प्रात: अज्ञात कारणों के चलते सैलफोस की गोलिया खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। थाना सूत्रों के अनुसार मृतका विवाह 20 वर्ष पूर्व हुआ था। मृत्यु के कारण अज्ञात है, परिजनों की तरफ से कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। मेडिकल बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया।

### हरभावता में किया पौधारोपण

**निवाई, (निसं)।** गांव हरभावता में राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में गुरुवार को पौधारोपण किया गया। प्रिंसिपल बबीता कुमारी ने बताया प्रकृति को बचाने के लिए बच्चों के साथ मिलकर 51 पौधे लगाए गए। योगाचार्य अशोक गुर्जर ने कहा कि पेड लगाकर प्रकृति को बचाना हमारा परम उद्देश्य है। इस अवसर पर रूमाली बाई गुर्जर, शिक्षक कैलाशचंद चौधरी सहित कई विद्यार्थी मौजूद थे।

# अतिक्रमण, जमीन विवाद जैसी शिकायत लेकर पहुंचे परिवादी

**खैरथल, (निसं)।** खैरथल तिजारा जिला सचिवालय पर तीसरे गुरुवार को होने वाली त्रिस्तरीय जनसुनवाई की गई। जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में हुई जनसुनवाई में अतिक्रमण, पेयजल लाइन को दुरुस्त कराए जाने सहित 96 शिकायतें दर्ज की गई। जिला कलेक्टर ने आमजन की परिवेदनाओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये।

जिला कलेक्टर की त्रिस्तरीय जनसुनवाई में प्रमुख रूप से अतिक्रमण हटवाने, पेयजल की पाइपलाइन दुरुस्त कराने, खेत से रास्ता खुलवाने, सडक, आवासीय पट्टा बनवाने, नामांतरण, सडक पर कचरा फेंकने, जमीन विवाद सहित विभिन्न विषयों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। रास्ते पर कचरा डालने की शिकायत पर जिला कलेक्टर ने नगर परिषद आयुक्त को तुरंत कचरा साफ कर रिपोर्ट कार्यालय को भेजने के निर्देश दिए वही अन्य शिकायतों पर जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आमजन के प्रति जवाबदेही के साथ समस्याओं का निस्तारण कर राहत देने के निर्देश दिए।

इस दौरान जिला कलेक्टर शुक्ला ने जनसुनवाई में आये विभिन्न परिवादियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आमजन से जुडे प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुए राहत दी जाये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की भावना के अनुरूप आमजन को अधिक से अधिक राहत देने के लिये सभी विभाग-अधिकारी मिलकर काम करें ताकि जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन लाभान्वित हो सके।




तीसरे गुरुवार को होने वाली त्रिस्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में हुई।

■ संबंधित अधिकारी जनता की समस्याओं का निस्तारण कर राहत प्रदान करें : कलेक्टर शुक्ला

जनसुनवाई के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, अतिरिक्त जिला कलक्टर सुरेंद्र सिंह यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी धर्मेंद्र यादव, अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग बाबूलाल माली,सूचना एवं प्रौद्योगिकी के उपनिदेशक अजय यादव, कोष अधिकारी सुरेश कुमार बंसल, सीएमएचओ अरविंद गेट सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी एवं वीसी के माध्यम से उपखंड स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**मालपुरा, (निसं)।** उपखण्ड क्षेत्र की इंदोली ग्राम पंचायत के हिंडोला गांव के ग्रामीणों ने गुरूवार को उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई में पहुंच गांव के चरागाह व तालाबी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की। बडी संख्या में ज्ञापन देने पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि हिंडोला गांव के पास 900 बीघा चरागाह भूमि आरक्षित थी। जिस पर गांव के कुछ प्रभावशाली लोगों ने फसल काश्त कर फार्म पौण्ड का निर्माण करवा लिये। बडे भाग में अतिक्रमण कर लेने से पशुओं के सामने चरागाह में विचरण कर पेट भरने का संकट खडा हो गया है। एक स्वर में ग्रामीणों ने एसडीएम को अतिक्रमियों पर कार्यवाही की मांग की। जिस पर एसडीएम ने ग्रामीणों के मांगपत्र तहसीलदार के नाम आदेशित कर समस्या का निस्तारण के निर्देश दिये।

## अधिकारी जनता की समस्याओं का समयबद्ध ढंग से निस्तारण करें : जिला कलेक्टर

**दौसा, (निसं)।** राज्य सरकार एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन पर चल रही त्रिस्तरीय जन सुनवाई के बेहतरीन परिणाम सामने आ रहे हैं और आमजन को राहत मिल रही है। महीने के तीसरे गुरुवार को आईटी केन्द्र में जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन हुआ।

■ विभिन्न बिंदुओं से जुड़े 74 परिवाद सुने और निस्तारण के निर्देश दिए

जनसुनवाई में बसवा के ग्राम खुंड जाटोली निवासी भगवान सहाय मीणा अपनी 2 साल की दिव्यांग पुत्री कीमत मीणा की विकलांगता पेंशन चालू करवाने की फरियाद लेकर पहुंचे तो मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारी को तत्काल पेंशन चालू करवाने के निर्देश दिए गए, जिस पर जनसुनवाई के दौरान ही आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर तत्काल आवेदन करवाया गया एवं स्वीकृति प्रदान कराते हुए दिव्यांग कीमत मीणा की पेंशन प्रारंभ करवा दी गई। जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार ने इस दौरान पीएम किसान सम्मान निधि पेंशन चालू करवाने, बिजली के नए कनेक्शन, भूमि अतक्रिमण हटवाने, हेड पंप लगाने की मांग एवं आम रास्तों से अतक्रिमण हटाने सहित विभिन्न बिंदुओं से जुडे आमजन के कुल 74 परिवाद सुने और अधिकारियों को यथासंभव समस्याओं के तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने कहा कि राज्य सरकार आमजन की समस्याओं के निस्तारण को लेकर अत्यंत गंभीर है। इसलिए अधिकारी किसी भी माध्यम से प्राप्त होने वाली आमजन की समस्याओं को संवेदनशीलता से सुनें और समयबद्ध ढंग से उसका निस्तारण करें। कोशिश करें कि समस्याएं प्राथमिक स्तर पर ही निस्तारित हों ताकि प्रार्थी को अनावश्यक उच्च स्तर तक नहीं पहुंचना पडे। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी धारा सिंह मीणा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर लालसोट मनमोहन मीणा, उपखंड अधिकारी सैंथल नरेंद्र कुमार मीणा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर सीताराम मीणा, कोषाधिकारी जगदीश प्रसाद मीणा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोविंद नारायण माली, एसई विद्युत, एसई पीएचईडी रामनिवास मीणा, एसई पीडब्ल्यूडी, जिला रसद अधिकारी हितेश मीणा सहित सम्बंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे एवं उपखंड स्तर से ब्लॉक अधिकारी वीसी के माध्यम से जुडे।

## सांभर से अजमेर जाने वाली चार बसे शुरू कराने की मांग

**सांभरझील, (निसं)।** कोरोना काल में बंद की गई राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की सांभर से अजमेर चलने वाली चार बसें आज तक दोबारा चालू नहीं हो सकी है।

■ कोरोना काल में परिवहन निगम ने बंद की थी बसें

इससे सांभर से पुष्कर, अजमेर ख्वाजा साहब व अन्य कामों से जाने वालों, मां शाकंभरी मंदिर, देवयानी तीर्थ स्थल, दादू दयाल की छतरी आने वाले श्रद्धालुओं व जायरिनों के अलावा पर्यटकों व आम लोगों के लिए सडक मार्ग से यात्रा करने का अब कोई सहज सरकारी साधन उपलब्ध नहीं है। आश्चर्यजनक पहलू तो यह भी है कि गत सरकार के आगामी निर्देश के बाद भी अजमेर रोडवेज आगार मुख्यालय से स्वत: ही इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया जा रहा है।

जानकारी अनुसार यहां पर कोरोना काल से पहले शाकंभरी माता मंदिर से अजमेर के लिए सुबह 7:15 बजे, किशनगढ रेनवाल वाया सांभर से अजमेर सुबह 8:15 बजे, डायरेक्ट सांभर से अजमेर सुबह 11:45 बजे इसके बाद दोपहर 2:30 बजे अजमेर के लिए बसें संचालित होती थी, उससे प्रतिदिन सैकडों मुसाफिर इसमें सफ़र कर निगम को अच्छा राजस्व भी देते थे। बताया जा रहा है कि निजी वाहन मालिकों से सांठगांठ के चलते इस रूट पर बसे नहीं चलाई जा रही है। वर्तमान में श्रीमाधोपुर से अजमेर जाने वाली रोडवेज की एक बस का टाइम सुबह करीब 11 बजे के आसपास का है लेकिन वह वापस अजमेर से सांभर कब आएगी इस बात की कोई गारंटी नहीं है। फुलेरा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विद्याधर चौधरी ने भी गहलोत सरकार के समय सांभर से अजमेर सुबह 8 से शाम 4 बजे तक दो-दो घंटे के अंतराल से बसों का आवागमन तथा कोरोना काल से बंद पडी निगम की बसों को चालू करवाने के लिए परिवहन मंत्री को चिट्ठी भिजवाई थी, लेकिन चिट्ठी ठंडे बस्ते में चली गई। कांठोस सरकार चली गई प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद अथवा उसके पहले भी समस्या का समाधान कराने के लिए जनप्रतिनिधियों की भी पूरी अनदेखी साबित हुई है। यहां के लोगों कि अप्रोच भी आगे तक है लेकिन छोटी-छोटी समस्याओं को दूर करवाने के लिए कोई प्रयास नहीं किए जिसके चलते आमजन पहले भी परेशान था और आज भी दुखी है।

## बैंक मैनेजर से हुई लूट के तीन आरोपियों को सुनाई सजा

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** स्थानीय न्यायिक मजिस्ट्रेट डेनिस बिश्नोई ने अपने निर्णय में बैंक मैनेजर से लूट के तीन आरोपियों को 3-3 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाते हुए प्रत्येक आरोपी पर 3 हजार रुपए जुर्माना लगाया है।

■ प्रत्येक पर 3 हजार रुपए का लगाया जुर्माना

सहायक लोकअभियोजन अधिकारी हरफूल सिंह देवदां ने बताया कि प्रकरण में 19 जून 2023 को पुलिस थाना थोई में परिवादी शीशराम पुत्र सुभाष जाट निवासी जस्सी का बास ठीकरिया ने मामला दर्ज कराया की वह आईडीएफसी बैंक शाखा श्रीमाधोपुर में एसोसिएट रिलेशन मैनेजर है। वह महिला स्वयं सहायता समूह रूपपुरा ,जुगलपुरा व थोई से लोन की राशि 66730 रुपए कलेक्शन करके बाइक से श्रीमाधोपुर आ रहा था कि दिन में 1बजे रोलानिया की ढाणी के पास दो बाईकों पर सवार चार व्यक्तियों ने उसका रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट की तथा उसका बैग जिसमें कलेक्शन राशि थी एवं मोबाइल व हेलमेट छीन लिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच के बाद दिनांक 14 अगस्त 2023 को न्यायालय में चारों आरोपियों अशोक पुत्र मंगल चंद निवासी ढाणी लंबा की तन थोई, संजय पुत्र दिनेश निवासी ढाणी खातियों की तन सीलपुर, सुनील उर्फ विनोद उर्फ मोटा पुत्र धर्मपाल ढाणी बोराण तन रूपकाबास चिंचडोली तथा बहादुरमल उर्फ भादर पुत्र सरदार निवासी ढाणी झापली तन थोई के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया। न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद तीन आरोपियों अशोक, संजय व सुनील को यह सजा सुनाई जबकि चौथा आरोपी बहादुरमल फरार चल रहा है।

### कृषि कार्य करते किसान की मौत

**मालपुरा, (निसं)।** टोडारायसिंह उपखण्ड क्षेत्र के लक्ष्मीपुरा धाकडान ग्राम पंचायत के नयागांव बास गांगोलाव में गुरूवार को खेत पर कृषि कार्य करने के दौरान अचेत होकर गिरे किसान की मौत हो गई। जानकारी अनुसार 66 वर्षिय किसान गोपाल जाट अपने खेत पर कृषि कार्य कर रहा था। इसी दौरान अचानक अचेत होकर गिर पडा। जिसे खेतों में काम कर रहे आसपास के किसानों ने एम्बूलेंस की सहायता से टोडारायसिंह अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर मृत घोषित कर दिया।

## वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय राजकीय अम्बेडकर छात्रावास में धरती की पुकार, पेडों की मनुहार वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग जिलाधिकारी रमेश दहमीवाल के नेतृत्व में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दहमीवाल ने बताया कि वृक्ष जीवन का आधार है, जिस पर जीवन रूपी ईमारत खडी होती है। उन्होंने छात्रावास अधीक्षक द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम की भी प्रशंसा की तथा लगाये गये पेडों को जीवित रखने के लिए कहा। इस दौरान छात्रावास अधीक्षक तेजपाल वर्मा, मोनू शर्मा, शिवकुमार शर्मा, कनिष्ठ सहायक सुरेंद्र कुमार, हरिराम मीना, प्रहलाद, यादराम गुर्जर समेत छात्र मौजूद रहे।

## जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का करें निराकरण : कल्पना अग्रवाल

**कोटपूतली, (निसं)।** प्रत्येक तीसरे गुरुवार को आयोजित होने वाले जनसुनवाई में गुरूवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आवेदकों ने अपनी समस्याओं, मांगों और शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने जन-सुनवाई में आम जनता की समस्याएं सुनी और उनके समाधान के लिए संबंधित विभाग को तुरंत निर्देश जारी किए।

उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि जन-सुनवाई का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता से निराकृत कर उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत पहुंचाना है। अत: सभी अधिकारी जन-सुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर शीघ्रता से कार्यवाही सुनिश्चित करें।

जनसुनवाई में कुल 72 प्रतिवाद प्राप्त हुए जिसमें प्रमुख रूप से अतिक्रमण, रास्ते के प्रकरण, पानी भराव की समस्या, गंदगी, जल निकासी, पानी का कनेक्शन, राशन कार्ड चालू करवाने, अवैध शराब की दुकान पर कार्यवाही करवाने तथा पुलिस संबंधी प्रकरण प्राप्त हुए जिनको जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देकर त्वरित तथा संतुष्टि पूर्ण समाधान के लिए निर्देशित किया। जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर योगेश कुमार डागुर, नीमराना अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शालिनी राज, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामनिवास, नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट, सीएमएचओ आशीष सिंह शेखावत, जेवीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता मनोज गुप्ता, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सहायक निदेशक रमेश दहमीवाल, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक सतपाल यादव, कृषि विभाग संयुक्त निदेशक एमके जैन सहित जिला स्तरीय अधिकारी तथा सभी उपखंड से उपखंड स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से उपस्थित रहे।



कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने जन-सुनवाई में आम जनता की समस्याएं सुनी और उनके समाधान के लिए संबंधित विभाग को तुरंत निर्देश जारी किए।

■ कलेक्टर की जन-सुनवाई में कुल 72 प्रतिवाद प्राप्त हुए

## सार-समाचार

### अभय ने जन्मदिन पर 15 पेड़ लगाये



**शाहपुरा, (निसं)।** शहर के वार्ड नंबर 5 में स्थित मालियों की ढाणी में गुरुवार को अभय सैनी ने अपने 15वें जन्म दिवस पर 15 पेड लगाकर अपना जन्मदिन मनाया। इस दौरान अभय सैनी ने कहा कि पेड हमारे जीवन के आधार है। पेड जीवन भर हमारा साथ देते है। हमारे आस-पास के घर आंगन में अधिक से अधिक पेड लगाकर उनका पालन पोषण करना चाहिए। इस अवसर पर देवेन्द्र सैनी, महेंद्र सैनी, नरेंद्र जाला मौजूद थे।

### बजट में मिली सौगातों पर जताया आभार

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड ने मंगलवार को राजस्थान विधानसभा के दूसरे सत्र की बैठक में परिवर्तित बजट 2024-25 के अवसर पर वाद विवाद संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में उप मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री दिया कुमारी के द्वारा प्रदेश के विकास के लिए जारी किए गए शानदार बजट में पूरे प्रदेश व विराटनगर विधानसभा क्षेत्र को दी गई सौगातों 45 करोड की लागत से एमडीआर-228 संतोषी माता मंदिर से बीलवाडी एनएच-248ए वाया चैनपुरा से राजनौता एमडीआर रोड़ ताकि क्षेत्र की जनता को आवाजाही में कोई परेशानी ना हो एवं महाभारत कालीन ऐतिहासिक नगरी विराटनगर जैन तीर्थ स्थल जैन नसीया मे सुविधाए व व्यवस्थाओं के विकास कर विकसित करने की परिवर्तित बजट में घोषणा कर विराटनगर को दो बडी सौगात देने व राजस्थान सरकार के बजट 2024-25 में प्रथम सत्र बजट में विराटनगर क्षेत्र के राजनौता, जयसिंहपुरा पीएचसी को सीएचसी में क्रमोन्नत होने व पावटा राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को उप ज़िला चिकत्सालय में क्रम्मोनत होने पर धन्यवाद ज्ञापित किया। वही घोषणा के बाद पावटा आगमन पर विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया।

### सौन्दर्यीकरण पर डेढ़ करोड़ स्वीकृत

**टोंक, (निसं)।** धन्ना तलाई के ड्रेनेज सिस्टम कार्य व सौन्दर्यीकरण के लिए डेढ़ करोड़ रूपये की अतिरिक्त राशि की स्वीकृति जारी हुई है। इस पर टोंक नगर परिषद सभापति अली अहमद ने सचिन पायलट व नीरज डांगी का आभार जताया। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं टोंक विधायक सचिन पायलट अनुशंषा पर राज्य सभा सांसद नीरज डांगी ने अपने सांसद कोष से उक्त कार्य हेतु एक करोड पचास लाख रूपये की स्वीकृजारी की है। गौरतलब है कि वर्षो से धन्ना तलाई गंदे तालाब के रूप में होने से वहां के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पडता है, विगत् दिनों पायलट द्वारा वहां चल रहे विकास कार्यों के निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों द्वारा इसका ड्रेनेज सिस्टम कार्य एवं सौन्दर्यीकरण करवाने की मांग भी उठायी गई थी, जिस पर सचिन पायलट ने शीघ्र ही कार्य करवाने का आश्वासन दिया था। इसी क्रम में धन्ना तलाई के सौन्दर्यकरण के लिए स्वीकृत अतिरिक्त राशि हेतु अध्यक्ष, रेल लाओ संघर्ष समिति अकबर खान व शहर वासियों ने सचिन पायलट एंव नीरज डांगी का बहुत बहुत आभार व्यक्त किया। जब पायलट निरीक्षण के दौरान कहा था की सौन्दर्यकरण के लिए पैसों की कमी नही आने दी जाएगी,इससे शहर में खुशी का माहौल बना हुआ है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण



**टोंक, (निसं)।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाडी केंद्रों को और मजबूत बनाने के लिए बहुत से अग्रणी कदम उठाये जा रहे हैं। इन्ही योजनाओं में टोंक जिला परिषद् के सहयोग से रॉकेट लर्निंग संस्था जिले की सभी आंगनवाडी कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर प्रशिक्षण सत्र आयोजित कर रही हैं। रॉकेट लर्निंग एक गैर सरकारी संस्था है जो प्रारम्भिक एवं पूर्व प्रारम्भिक शिक्षा के लिए काम करती है। संस्था माता-पिता, आंगनवाडियों को जोडने के लिए डिजिटल और डायरेक्ट हस्तक्षेप के मिश्रण का उपयोग करती है। रॉकेट लर्निंग के मॉडल के अंतर्गत आ रहे बच्चों के सीखने के परिणामों पर सकारात्मक प्रभाव देखा गया है। रॉकेट लर्निंग माता-पिता के साथ आंगनवाडियों व आंगनवाडी वर्कर के प्रशिक्षण में भी प्रभावी रूप से काम करते हैं।

### मदार स्पेशल रेलसेवा 31 अगस्त तक

**फुलेरा, (निसं)।** उत्तर पश्चिम रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री यातायात को मध्य नजर रखते हुए यात्रियों की सुविधाओं हेतु मदार-रेवाडी-मदार स्पेशल रेल सेवा का संचालन किया जा रहा है। उपरोक्त जानकारी देते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि गाडी संख्या 09639- मदार-रेवाडी स्पेशल रेल सेवा का संचालन किया जा रहा है। जो कि 20 जुलाई से 31 अगस्त 2024 तक (43 ट्रिप) मदार से 4:30 बजे रवाना होकर 10:40 बजे रेवाड़ी पहुंचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 09640, रेवाड़ी-मदार स्पेशल रेल सेवा 20 जुलाई से 31 अगस्त 2024 तक (43 ट्रिप) रेवाडी से 15:30 बजे रवाना होकर 22:35 बजे मदार पहुंचेगी। गौरतलब है कि उक्त रेल सेवा के मार्ग में किशनगढ, नरैना, फुलेरा, कि. रेनवाल, बधाल, रींगस, श्रीमाधोपुर, कांवट, भगेगा, नीम का थाना, मांवडा, डाबला, निजामपुर, नारनौल, अटेली तथा कुण्ड स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

### रथ वापसी पर होगे विभिन्न आयोजन

**अलवर, (निसं)।** श्री अग्रवाल महासभा, अलवर के द्वारा हर वर्ष की भॉति इस वर्ष भी श्री जगन्नाथ जी महाराज एवं माता जानकी जी के रथ वापसी के शुभ अवसर पर श्री अग्रवाल महासभा मध्य क्षेत्र ईकाई द्वारा दिनांक 19.7.2024 को विषाल भण्डारे का आयोजन दोपहर 4:30 बजे से भवानी तोप सर्किल पर किया जावेगा। जिसमे अलवर शहर के सभी भक्तगन का सादर आमंत्रित किया जाता है। महासभा अध्यक्ष अमित गोयल ने बताया कि 5 दिवसीय शीतल जल प्याऊ लगाई गई है और श्री जगन्नाथ महाराज के रथ वापसी पर शर्बत वितरण का कार्यक्रम सांय 6 बजे से व अग्रवाल समाज द्वारा महाआरती का आयोजन भवानी तोप सर्किल पर सांय 8:30 बजे किया जावेगा। महासभा मंत्री सुरेष अग्रवाल ने समाज के सभी अग्रबन्धुओं से आग्रह किया है कि वह अधिक से अधिक संख्या में पधारकर महाआरती का लाभ प्राप्त करे।

### कलेक्टर ने 170 परिवादियों से चर्चा की

**टोंक, (निसं)।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार सभी अधिकारी एवं कार्मिक परिवादियों की समस्याओं का गंभीरता एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। उन्होंने बताया कि हर माह ग्राम पंचायत, उपखंड एवं जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन कर आमजन की शिकायतों का त्वरित समाधान किया जा रहा है। जिला कलेक्टर ने माह के तीसरे गुरुवार को भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में 170 परिवादियों से चर्चा करते हुए उनकी समस्याओं से रूबरू होकर जल्द समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। अपनी समस्याओं के मौके पर ही समाधान होने पर परिवादियों ने राज्य सरकार और प्रशासन का आभार प्रकट किया।



कोपा अमेरिका फाइनल के दौरान चोटिल होने वाले मेस्सी अपनी मेजर लीग सॉकर टीम इंटर मियामी की तरफ से कम से कम दो मैच में नहीं खेल पाएंगे। - लियोनेल मेस्सी

पूर्व फुटबॉलर, अमेरिका फाइनल में टीम में शामिल किये जाने पर व्यक्त करते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी



**हरमनप्रीत कौर**

**कप्तान** हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय महिला टीम शुक्रवार को अपने चिरप्रतिद्वंदी पाकिस्तान को हरा कर अपने महिला एशिया कप 2024 अभियान का आगाज करेगी। महिला एशिया कप 2024 के बहुप्रतीक्षित मुकाबला टूर्नामेंट के पहले दिन ही दांबुला में खेला जाएगा। ग्रुप ए में भारत के अलावा पाकिस्तान, यूएई, नेपाल की टीमें शामिल है जबकि ग्रुप बी में मेजबान श्रीलंका के अलावा बांग्लादेश, मलेशिया और थाईलैंड की टीमें रखी गयी हैं। दोनो टीमों के बीच मुकाबला भारतीय समयानुसार 19 जुलाई को शाम सात बजे से शुरु होगा।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

## पाक से मुकाबले के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम तैयार



नई दिल्ली, 18 जुलाई। भारतीय टीम पाकिस्तान के खिलाफ शुक्रवार से एशिया कप 2024 में अपने अभियान का आगाज करेगी। वहीं अक्टूबर में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप की तैयारियों के लिए इस टूर्नामेंट को काफी अहम माना जा रहा है। हरमनप्रीत की कप्तानी वाली भारतीय टीम का एशिया कप में दबदबा रहा है जिसने चार में से तीन टी20 खिताब और चारों बार 50 ओवरों के फॉर्मेट में जीत दर्ज की है।

महिला एशिया कप टी20 टूर्नामेंट में भारत ने 20 में से 17 मैच जीते हैं। उसमें 2022 में फाइनल में बांग्लादेश को हराया था। पाकिस्तान के खिलाफ भारत ने इस टूर्नामेंट में 14 मैचों में 11 जीत दर्ज की है। हरमनप्रीत कौर का लक्ष्य इस सिलसिले को आगे बढ़ाना होगा। इस महीने कर शुरुआत में भारत ने दक्षिण अफ्रीका से 1-1 से ड्रॉ खेला, जबकि तीन टी20 मैचों में से दूसरा बारिश में धुल गया। पाकिस्तान का मनोबल गिरा हुआ होगा जिसे मई में इंग्लैंड ने 3-0 से हराया था। भारत के लिए सबसे अच्छी बात स्मृति मंधाना का शानदार फॉर्म है और हाल ही में गेंदबाजों ने एक ईकाई के रूप में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों में आठ विकेट लिए जबकि स्पिनर राधा यादव भी कामयाब रही है।

स्पिनरों में दीप्ति शर्मा, सजीवन साजना और श्रेयांका पाटिल शामिल है। पाकिस्तान ने एशिया कप के लिए निदा दर को कप्तान बनाए रखा है लेकिन टीम में काफी बदलाव किए गए हैं। ईरम जावेद, ओमैमा सोहेल और सैयदा आरूब शाह को इस साल पहली बार टीम में जगह मिली है जबकि तस्मिया रूबाब पर्दापण करेंगी। ग्रुप ए में नेपाल और संयुक्त अरब अमीरात का भी सामना पहले दिन होगा। दोनों ग्रुप से टॉप दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। नेपाल 2016 के बाद पहली बार टूर्ननेंट में खेल रहा है जबकि यूएई का ये लगातार दूसरा टूर्नामेंट है।

## जय शाह बनेंगे आईसीसी के चेयरमैन



नई दिल्ली, 18 जुलाई। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आईसीसी के कोलंबो में शुक्रवार से शुरू होने वाले चार दिवसीय वार्षिक सम्मेलन के दौरान सभी की निगाहें बीसीसीआई के सचिव जय शाह पर होंगी जहां इस बात पर गंभीर चर्चा हो सकती है कि वह न्यूजीलैंड के ग्रेग बार्कले से वैश्विक संस्था के अध्यक्ष का पद कब संभालेंगे।

शुक्रवार को बोर्ड की बैठक के साथ शुरू होने वाले आईसीसी सम्मेलन में वैश्विक संस्था द्वारा अमेरिका में टी20 विश्व कप मैचों की मेजबानी में दो करोड़ अमेरिकी डॉलर से ज्यादा के नुकसान पर चर्चा होने की उम्मीद है। हालांकि, एजीएम के नौ सूत्रीय एजेंडे में टूर्नामेंट का वित्तीय विवरण शामिल नहीं है, लेकिन बोर्ड द्वारा कार्यक्रम के बाद की रिपोर्ट के रूप में इस पर चर्चा की जाएगी जो एक मानक संचालन प्रक्रिया है।

आईसीसी की सदस्यता, एसोसिएट सदस्यों की बैठक की रिपोर्ट और आईसीसी विकास पुरस्कार प्रस्तुति पर चर्चा के साथ-साथ आईसीसी के नए बाहरी लेखा परीक्षक की नियुक्त भी एजेंडे में है। एक अन्य अहम बिंदू- चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत का पाकिस्तान नहीं जाना, जब तक कि इसे कोई अन्य काम वर्ग के तहत अध्यक्ष अनुमति से नहीं लाया जाता। हालांकि, चीजों की जानकारी रखने वाले आईसीसी के एक सूत्र ने कहा कि आईसीसी में सभी की मुख्य रूप से इसमें है कि शाह वैश्विक संस्था की बागडोर कब संभालेंगे।

## 22वीं राजस्थान स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में केले पिजन स्कीट और क्ले पिजन टैप इवेंट का समापन



जयपुर, 18 जुलाई। राजस्थान राइफल दवारा संचालित की जा रही 17 दिवसीय प्रतियोगिता 19 जुलाई 2024 तक 22 वी राजस्थान स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता 2024 में बले पिजन स्कीट और क्ले पिजन टैप शॉटगन इवेंट की प्रतियोगिताओ का आयोजन ओसिस शूटिंग रेंज, जमलपुरा, जयपुर में किया जा रहा है।

राजस्थान राइफल एसोसिएशन के आयोजनको यज मित्र सिंह (अध्यक्ष) गिरधर प्रताप सिंह जी (उपाध्यक्ष) और शशांक कौराली जी (सचिव) ने अतिथियों को मोमेटो वितरित किया साथ इस आयोजन को सफल बनाने के लिए नेशनल राइफल एसोसिएशन के जज एंड जूरी श्री वीरेन भट्ट जी गणमान्य अतिथि राजस्थान राइफल एसोसिएशन के लेखाकार श्री फैसल सईदी उपस्तिथ हुए। इसके साथ ही प्रतियोगिता में प्रदेश भर के हजारो से भी ज्यादा खिलाड़ियों युना वर्ग, पुरुष और महिला वर्ग को इवेंट्स के आधार पर वर्गीकृत कर परिणाम घोषित किया गया और प्रथम, दवितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाडियों के लिए स्वर्ण पदक, रजत पदक और कस्य पदक वितरण समारोह का आयोजन किया और मैडल पहना कर उनकी होसला अफजाहि और हार्दिक अभिवादन किया।

इसके आपसे विनाडियों में की प्रतिमाए पुनी होती है, उसको भी निखरने का अभार प्रदान होता है। जमात सहफसर के पदाधिकारियों का बताया गया की प्रतिवर्ष इस तरह के आयोजनों का किया जाता रहेगा जिससे प्रतिवर्ष बेहतरीन मुहसे तिखर का आवराष्ट्रीय और अंतरास्ट्रीय अथवा अतीतको समितको पदाधिकारियो ने सभी खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाये और बधाई दी।

## सूर्य कुमार होंगे श्रीलंका दौरे में भारत की ट्वंटी-20 टीम के नये कप्तान


मुबंई, 18 जुलाई। श्रीलंका के दौरे के लिये भारतीय टीम का ऐलान गुरुवार को कर दिया गया है। भारत की टी20 टीम की कमान सूर्य कुमार यादव को सौंपी गयी है जबकि वनडे टीम की कप्तानी रोहित शर्मा के पास ही रहेगी। भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड के सचिव जय शाह ने आज शाम एक विज्ञिप्त के जरिये यह जानकारी साझा की। भारतीय टीम श्रीलंका दौरे में तीन टी20 और तीन एक दिवसीय मैच खेलेगी। गौतम गंभीर को टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है।

गौरतलब है कि हाल ही संपन्न टी20 विश्वकप जीतने के बाद रोहित शर्मा और विराट कोहली ने टी20 क्रिकेट से सन्यास का ऐलान किया था जिसके बाद टी20 टीम के कप्तान की तलाश शुरु कर दी गयी थी। कप्तान की रेस में हार्दिक पांड्या और सूर्य कुमार यादव का नाम आगे चल रहा था जिसमें सूर्य कुमार को नये कोच गौतम गंभीर की पसंद माना जा रहा था । शाह ने बताया कि टी20 टीम के उपकप्तान शुभमन गिल होंगे। टीम के अन्य सदस्यों में यशस्वी जायसवाल,रिंकू सिंह,रियान पराग, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, खलील अहमद और मोहम्मद सिराज शामिल हैं। एक दिवसीय टीम में भी उपकप्तान की भूमिका में शुभमन गिल होंगे। टीम के अन्य सदस्यों में विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, रियान पराग, अक्षर पटेल, खलील अहमद और हर्षित राणा को शामिल किया गया है।

## शिखर बने मोटोजीपी के ब्रांड एंबेसडर

मुंबई, 18 जुलाई। यूरोस्पोर्ट इंडिया ने भारत में मोटोजीपी के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में भारतीय क्रिकेट आइकन शिखर धवन की नियुक्ति की आज घोषणा की। धवन यूरोस्पोर्ट इंडिया के अभियान, 'फेस कर रेस कर' के जरिये रेसिंग के प्रति अपने जुनून का प्रदर्शन करेंगे। धवन ने कहा प्रतिष्ठित मोटोजीपी के साथ इसके भारत के राजदूत के रूप में साझेदारी करना मेरे लिये सम्मान की बात है। भारत में मोटोजीपी को लेकर बढ़ता उत्साह वास्तव में रोमांचकारी है, और यह मेरे लिए एक पूर्ण-चक्र क्षण जैसा है, खासकर जब मैं अपने गृहनगर, दिल्ली की सड़कों पर अपनी पसंदीदा बाइक की सवारी करने के अपने दिनों को याद करते हुए सोचता हूं। इस जीवंत शहर में जन्मे और पले-बढ़े एक क्रिकेटर के रूप में मेरी यात्रा यूरोस्पोर्ट इंडिया के माध्यम से इस नई भूमिका के साथ एक व्यक्तिगत संबंध जोड़ेगी।

## पेरिस ओलंपिक 2024 की तैयारियों के लिए किस खेल को मिली कितनी राशि



नई दिल्ली, 18 जुलाई। पेरिस ओलंपिक की शुरुआत में अब बस 8 दिन का समय शेष है। भारत इस बार पेरिस ओलंपिक में 100 से ज्यादा खिलाड़ियों का दल भेज रहा है और सभी को इनसे बेहतर प्रदर्शन करने की आशा है। इस बीच सरकार ने ओलंपिक की तैयारियों के लिए राशि आवंटित कर दी है। तीन साल पहले टोक्यो खेलों में भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा के गोल्ड मेडल के बाद भारत में इस ओलंपिक च्रक में ट्रैक एंड फील्ड के खिलाड़ियों को सरकारी कोष में सबसे बड़ा हिस्सा मिला है।

वहीं बता दें कि, पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार भारतीय केल प्राधिकरण () के मिशन ओलंपिक सेल के आधिकारिक आंकड़ों में बताया गया कि सरकार ने एथलेटिक्स पर 96 करोड़ आठ लाख रुपये खर्च किए हैं। इस बार 16 खेलों के लिए भारत की तैयारियों पर लगभग 470 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। पिछले ओलंपिक च्रक में टारगेट ओलंपिक मोडियम योजना के तहत एथलेटिक्स पर पांच करोड़ 38 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। 26 जुलाई से शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक में नीरज चोपड़ा की अगुवाई में 28 सदस्यीय एथलेटिक्स दल भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। भारतीय दल में कुल 118 खिलाड़ी शामिल हैं। पिछली बार सात मेडल को देखते हुए इस बार उम्मीदें ज्यादा है और इसलिए इस बाद खर्च ज्यादा किया गया है।

देश के बैडमिंटन खिलाड़ियों सर्वाधिक अनुदान हासिल करने के मामले में दूसरे नंबर पर हैं। बैडमिंटन खिलाड़ियों को 72.02 करोड़ रुपये मिले जबकि इसके बाद मुक्केबाजी (60.93 करोड़) और निशानेबाजी (60.42 करोड़) का नंबर आता है। टोक्यो ओलंपिक की ब्रान्ज मेडल विजेता भारतीय पुरुष हॉकी टीम को पिछले तीन सालों में 41.29 करोड़ रुपये की राशि मिली जबकि तीरंदाजी पर सरकार ने 39.18 करोड़ रुपये खर्च किए। पहलवानों को कोष से 37.80 करोड़ रुपये मिले जबकि वेटलिफ्टिंग के खाते में 26.98 करोड़ रुपये आए।

## एचसीएल काइक्लोथॉन का दूसरा संस्करण 6 को

चेन्नई, 18 जुलाई। एचसीएल साइक्लोथॉन का दूसरा संस्करण छह अक्टूबर को यहां आयोजित किया जाएगा। एचसीएल समूह ने गुरुवार को साइक्लोथॉन चेन्नई 2024 के दूसरे संस्करण के शुभारंभ की घोषणा की। नोएडा में दो सफल संस्करणों और चेन्नई में 5000 से अधिक साइकिल चालकों की भागीदारी के बाद, एचसीएल साइक्लोथॉन चेन्नई के ईसीआर पर छह अक्टूबर से शुरू होगा। तमिलनाडु के खेल विकास प्राधिकरण (एसडीएटी) द्वारा संचालित और भारतीय साइकिलिंग महासंघ के तत्वावधान में इस आयोजन में 33 लाख रुपये का पुरस्कार पूल है। पंजीकरण 22 सितंबर तक खुले हैं।

तमिलनाडु के खेल विकास प्राधिकरण (एसडीएटी) के सदस्य सचिव मेघनाथ रेड्डी ने गुरुवार को कहा कि इस संस्करण का विषय चेंज योर गियर है, जो साइकिल चलाने की परिवर्तनकारी शक्ति और व्यक्तिगत कल्याण और पर्यावरणीय स्थिरता पर इसके सकारात्मक प्रभाव पर जोर देता है। एचसीएल साइक्लोथॉन चेन्नई का पिछला संस्करण अक्टूबर 2023 में आयोजित किया गया था और इसमें ईसीआर रोड पर 1,100 से अधिक साइकिल चालकों ने भाग लिया था।

## झारखंड और बंगाल की महिलाओं व ओडिशा, बिहार, मणिपुर के पुरुषों ने दर्ज की जीत

कोलकाता, 18 जुलाई। कोलकाता के साल्ट लेक स्थित नेताजी सुभाष पूर्वी केंद्र में द्वितीय हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष एवं महिला पूर्वी क्षेत्र चैंपियनशिप 2024 के चौथे दिन मणिपुर हॉकी, हॉकी झारखंड और हॉकी बंगाल ने महिला वर्ग में जीत हासिल की, जबकि ओडिशा हॉकी संघ, हॉकी बिहार और मणिपुर हॉकी ने पुरुष वर्ग में जीत हासिल की।

मणिपुर हॉकी ने महिला वर्ग में असम हॉकी को 12-0 से हराकर दिन की शुरुआत की। देवी मुतुम प्रिया (2',4',7',26',36', 59') ने मणिपुर हॉकी के लिए छह गोल किये वहीं रीना कोइजाम (20), तनु शोरेंसंगबाम (32, 57), चानू लीशांगथेम नटाली (42, 58) और देवी लैशराम रितु (51) ने भी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। दूसरे मैच में हॉकी झारखंड ने महिला वर्ग में हॉकी बिहार को 10-0 से हराया।

रोशनी आइंद (6,32) ने हॉकी झारखंड के लिए खाता खोला, इसके बाद मुंडू सुकरमणि (15, 23, 43), कुमारी शांति (19, 35), कप्तान रजनी केरकेट्टा (22, 59) और सलोमी नाग (28) ने गोल किए। हॉकी बंगाल ने महिला वर्ग के तीसरे मैच में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा पर 3-0 से जीत दर्ज की।

हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने पुरुष वर्ग में हॉकी झारखंड पर 2-0 से जीत दर्ज की। सुनील लाकड़ा (44) ने तीसरे क्वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर से गोल किया, इसके बाद दीपक प्रधान (48) ने आखिरी क्वार्टर में तेज फील्ड गोल करके हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा की जीत पक्की कर दी।



## एसकेवाई और हार्दिक पंड्या में से कौन टी-20 कप्तानी की रेस में आगे

नई दिल्ली, 18 जुलाई। भारतीय टीम को खेल के सबसे छोटे प्रारूप में वर्ल्ड चैंपियन बनाने वाले रोहित शर्मा ने टी20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया है। उनके जाने के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड नए कप्तान की तलाश में है। हालांकि, वनडे और टेस्ट में रोहित ही कप्तानी करते हुए नजर आएंगे। भारतीय टी20 टीम का कप्तान बनने की रेस में हार्दिक पंड्या और सूर्यकुमार का नाम सबसे आगे है। लेकिन श्रीलंका के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज के लिए टीम का ऐलान करने के लिए होने वाली सेलेक्शन कमेटी की मीटिंग में नए कप्तान के रूप में सूर्यकुमार के नाम पर काफी चर्चा हुई है।

हार्दिक पंड्या को रोहित शर्मा के स्पष्ट उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा था लेकिन कई कारकों ने चीजों को बदल दिया है। मुंबई इंडियंस के कप्तान के रूप में हार्दिक पंड्या का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और चयनकर्ता उन्हें अपनी पसंद की सीरीज चुनने देने के मूड में नहीं हैं।सूर्यकुमार यादव कप्तान बनने की रेस में उनसे आगे निकल गए हैं। सेलेक्शन कमेटी की मीटिंग को पोस्टपोन कर दिया गया था। अब गुरुवार को बैठक होने की संभावना है।

गौतम गंभीर मंगलवार शाम को बीसीसीआई अधिकारियों और चयन समिति के साथ आगे की रणनीति के बारे में अनौपचारिक बातचीत में शामिल थे। ऐसा माना जा रहा है कि इसी मीटिंग के दौरान सूर्युकमार को रोहित की जगह कप्तान बनाए जाने की बात हुई होगी। हालांकि, ये ध्यान देने वाली बात है कि गंभीर ने सीधे तौर पर सूर्यकुमार का नाम नहीं लिया, लेकिन उन्होंने ये स्पष्ट कर दिया कि वह ऐसे कप्तान को पसंद करेंगे, जिसका कार्यभार प्रबंधन चिंता का विषय न हो।

## ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के बावजूद पेरिस नहीं जाएगी ये खिलाड़ी

नई दिल्ली, 18 जुलाई। भारत का 30 खिलाड़ियों का एथलेटिक्स दल पेरिस जाने वाला था। हालांकि, अब ये संख्या घटकर 29 रह गई है। पेरिस ओलंपिक के लिए जा रहे दल में शॉनटपुर एथलीट आभा काठुआ का नाम शामिल नहीं है। भारतीय ओलंपिक संघ या एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने अभी तक इसका कारण नहीं बताता है। मीडिया रिपोर्ट्स में ये कहा जा रहा है कि टेस्टोस्टेरोन लेवल ज्यादा होने की वजह से आभा को दल से बाहर किया गया है। आभा ने मई में हुए फेडरेशन कप में 18.41 मीटर के थ्रो के साथ नेशनल रिकॉर्ड कायम किया था। वह रोड टू पेरिस की रैंकिंग में 21वें स्थान पर थी और इसी वजह से उन्होंने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया। हालांकि, आखिरी मौके पर उनका नाम हटा दिया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक वर्ल्ड एथलेटिक्स ने डिफेरेंस ऑफ सेक्स डेवलेपमेंट रेगुलेशन उल्लंघन के कारण ने आभा को हिस्सा लेने से रोका है। टाइम्स ऑफ इंडिया ने सूत्र ने हवाले से लिखा कि आभा का नाम डोपिंग के कारण नहीं बल्कि डीएसडी रेगुलेशन के कारण हटाया गया है। पिछले साल बैंकॉक में हुए एशिया चैंपियनशिप के दौरान एथलेटिक्स इंटेग्रिटी यूनिट अधिकारियों ने लिया गया होगा। उसी सैंपल मं ट्रेस्ट्रोन लेवल बढ़ा हुआ आ सकता है जिसके कारण वर्ल्ड एथलेटिक्स ने ये फैसला किया है।

## शिलांग पहली बार डूरंड कप की मेजबानी के लिए तैयार

शिलांग, 18 जुलाई (वार्ता वैभव)ॐ मेघालय की राजधानी शिलांग पहली बार प्रतिष्ठित डूरंड कप की मेजबानी को लेकर उत्साहित है। गुरुवार को 133वें इंडियन ऑयल डूरंड कप की तीन शानदार ट्रॉफियां यहां पहुंचीं जिन्हे मुख्यमंत्री कॉनराड के. संगमा की उपस्थिति में सचिवालय हिल्स के यू सोसो थाम ऑडिटोरियम में प्रदर्शित किया गया संगमा ने राज्य के लिए इस ऐतिहासिक क्षण को लाने में डूरंड कप आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की और कहा कि यह आयोजन शिलांग को देश के फुटबॉल मानचित्र पर लाएगा।

तीनों ट्राफियां कार्यक्रम स्थल से शुरू होकर शहर और आसपास के जिलों का भ्रमण करेंगी। एयर मार्शल एसपी धारकर, पूर्वी वायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ; लेफ्टिनेंट जनरल संजय मलिक, 101एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग; मेजर जनरल राजेश ए मोघे, वीएसएम, डूरंड कप आयोजन समिति के अध्यक्ष और कई वरिष्ठ सैन्य और नागरिक अधिकारी शामिल थे। तीनों ट्रॉफियों को 10 जुलाई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राष्ट्रीय राजधानी से राष्ट्रव्यापी दौरे के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था। मेजर जनरल राजेश ए मोघे ने मैचों का शेड्यूल जारी किया और पूर्वी कमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल राम चंदर तिवारी और डूरंड कप आयोजन समिति के संरक्षक की ओर से टीमों को शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर कॉनराड संगमा ने कहा, मेघालय में फुटबॉल सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला और फॉलो किया जाने वाला खेल है और पहली बार प्रतिष्ठित डूरंड कप की मेजबानी करना हमारे लिए बेहद सम्मान की बात है। मैं राज्य के सभी फुटबॉल प्रेमी लोगों से आग्रह करता हूं कि वे आएं और मैच देखें और मुझे यकीन है कि कुछ शीर्ष पक्षों के बीच कुछ गुणवत्तापूर्ण फुटबॉल खेलों से उनका मनोरंजन होगा। मैं हमारे पसंदीदा शिलांग लाजोंग का समर्थन करूंगा, हालांकि हम आने वाले दिनों में प्रतिस्पर्धी और रोमांचक फुटबॉल मैचों की प्रतीक्षा कर रहे हैं और सभी आने वाली टीमों और मेहमानों को शिलांग में एक शानदार समय बिताने की शुभकामनाएं देते हैं। लेफ्टिनेंट जनरल संजय मलिक ने कहा, भारतीय सेना को शिलांग में इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की मेजबानी करने पर गर्व है, क्योंकि हम इस क्षेत्र में डूरंड कप की पहुंच को और अधिक फैलाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जारी रखे हुए हैं। उस भावना में, शिलांग पहली बार प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा।

## परिवार ही नहीं, पूरे गांव का अधूरा सपना सच करने खेलेंगे 'गाजीपुर के राजकुमार'





नई दिल्ली, 18 जुलाई। करीब तीन हजार की आबादी वाले करमपुर गांव से हॉकी स्टिक थामकर सैकड़ों लड़कों ने ओलंपिक खेलने का सपना देखा लेकिन इसे पूरा करने का मौका सिर्फ राजकुमार पाल को मिला है और 'गाजीपुर के राजकुमार' के नाम से मशहूर मिडफील्डर की ख्वाहिश पेरिस में अच्छा प्रदर्शन करके हर एक अधूरे सपने को पूरा करने की है।

वाराणसी से करीब 40 किलोमीटर दूर गाजीपुर के गांव करमपुर के मेघबरन स्टेडियम पर हॉकी का ककहरा सीखने वाले बच्चों के प्रेरणास्त्रोत बन गए हैं राजकुमार। एक ऐसा गांव जहां से 400 से अधिक लड़कों को हॉकी के जरिये रोजगार तो मिला लेकिन भारत की नुमाइंदगी का मौका नहीं। इनमें राजकुमार के दोनों भाई जोखन और राजू भी शामिल हैं जो देश के लिये नहीं खेल पाये। राजकुमार ने अपने पहले ओलंपिक के लिये रवाना होने से पहले को दिये इंटरव्यू में कह,''हम तीनों भाई हॉकी खेलते हैं। बीच वाले भाई भारतीय टीम के शिविर में रह चुके हैं और बड़े भाई राष्ट्रीय स्तर पर खेले हैं। दोनों भारत के लिये नहीं खेल सके और अब एक रेलवे से और एक सेना से खेलते हैं।'' अभावों के बीच अपने कोच तेज बहादुर सिंह की मदद से हॉकी के शौक को परवान चढाने वाले 26 वर्ष के इस मिडफील्डर ने कहा ,'' मेरे गांव के मैदान से 400 से ज्यादा लड़कों को हॉकी के जरिये नौकरी मिल गई लेकिन इस स्तर पर कोई नहीं खेला। मेरे गांव के लोगों की नजरें मुझ पर है और मैं अपने भाइयों और उन सभी के अधूरे सपने पूरे करने के लिये पेरिस में कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगा।''

# आठ करोड़ प्रदेशवासी ही मेरा परिवार- भजनलाल शर्मा

## ऐतिहासिक बजट के लिए केकड़ी के निवासियों ने जताया मुख्यमंत्री का आभार



गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर केकड़ी जिले के निवासियों ने बजट में क्षेत्र के लिए मिली ऐतिहासिक सौगातों के लिए मुख्यमंत्री का एक समारोह में आभार जताया।

- मुख्यमंत्री ने कहा कि केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम ने क्षेत्र के विकास कार्यों के संकल्प के क्रम में चरण पादुका त्याग रखी है। वे जल्दी ही चरण पादुका पहनेंगे क्योंकि इस बजट में केकड़ी जिले को कई ऐतिहासिक सौगातें मिली हैं।

जयपुर, 18 जुलाई (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार जनप्रतिनिधियों की क्षेत्र से संबंधित विकास की मांगों पर तत्परता से कार्य कर रही है। पंच, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, विधायक सहित समस्त जनप्रतिनिधि क्षेत्र की नब्ज जानते हैं, इसलिए हमने बजट में उनके फीडबैक और सुझावों के आधार पर प्रदेश की आठ करोड़ जनता के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। उन्होंने कहा, आठ करोड़ प्रदेशवासी ही मेरा परिवार हैं और हमने बजट में सभी क्षेत्रों की मांग को पूरा किया है।

शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर केकड़ी जिले के निवासियों के आभार समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का वर्ष 2024-25 का परिवर्तित बजट प्रत्येक क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इस ऐतिहासिक बजट में गांव, ढाणी, शहर एवं छोटे-बड़े जिलों में विकास का ऐसा रोडमैप तैयार किया गया है, जिससे "आपणो अग्रणी राजस्थान" का संकल्प साकार होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के लिए सबसे पहले सोचकर योजनाओं-कार्यक्रमों का संचालन कर रही है। जनता भी अपने आस-पास वंचितों की पहचान कर उन्हें लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में दूरगामी कदम उठाते हुए "एक पेड़ मां के नाम" अभियान की शुरूआत की है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से आव्हान किया कि वे अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाकर इस अभियान को सफल बनाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम ने क्षेत्र के विकास कार्यों के संकल्प के क्रम में चरण पादुका त्याग रखी हैं। वे जल्दी ही चरण पादुका पहनेंगे क्योंकि इस बजट में केकड़ी जिले को कई ऐतिहासिक सौगातें मिली हैं, जिससे क्षेत्र का चहुंमुखी विकास सुनिश्चित होगा।

इस अवसर पर गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किसान, युवा, महिला एवं वंचितों के कल्याण के लिए बजट में महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। बजट में केकड़ी जिले की हर मांग पूरी हुई है, जिसके लिए उनका कोटि-कोटि धन्यवाद।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 650 करोड़ रुपए की लागत से नसीराबाद-सरवाड़-केकड़ी-देवली सड़क को 4 लेन का बनाया जाएगा। इसके अलावा, 81 लाख रुपये की लागत से थडोली से केकड़ी के मध्य भांसू गांव के समीप पेयजल पाइप लाइन का कार्य एवं 20 करोड़ रुपये की लागत से बिजयनगर-नगर-बडली-माताजी का खेड़ा व देवलियाकलां सडक (बिजयनगर, भिनाय)- केकडी का कार्य करवाया जायेगा। कार्यक्रम में केकडी जिले के जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका अभिनन्दन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने केकडी के निवासियों के साथ संवाद भी किया।

### नाबालिग का ....

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया। सुनवाई के दौरान पीड़िता ने अदालत को बताया कि अभियुक्त उसके पड़ोस में रहने वाली भाभी का भाई है। इसके चलते उसकी अभियुक्त से पहचान हो गई थी। घटना की रात अभियुक्त उसे डरा धमकाकर अपने साथ मोटरसाइकिल से अराई ले गया, जहां एक कच्चे मकान में अभियुक्त ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद एक किशोर और अभियुक्त उसे मोटर साइकिल से जोधपुर ले गए। यहां किशोर ने उसके साथ दो बार दुष्कर्म किया। इसके बाद किशोर उसे अपने घर ले गया। वहीं बाद में पुलिस उसे आकर ले गई। दूसरी ओर अभियुक्त की ओर से कहा गया कि उसका परिवादी पक्ष से जमीन का झगडा चल रहा है। ऐसे में उसे प्रकरण में फंसाया गया है। इसलिए उसे बरी किया जाए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने अभियुक्त को सजा सुनाई।

### सुप्रीम कोर्ट ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मूल रूप से मणिपुर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश रहे न्यायमूर्ति सिंह अपने राज्य के पहले न्यायाधीश हैं जिन्हें उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीश के पद पर पदोन्नत किया गया। न्यायमूर्ति महादेवन मूलतः तमिलनाडु उच्च न्यायालय से आते हैं।

# 'पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत बिजली क्षेत्र में प्रदेश के हितों पर कुठाराघात नहीं करें'

- ऊर्जा मंत्री हीरा लाल नागर ने गहलोत पर निम्न स्तर की राजनीति करने का आरोप लगाया।
- नागर ने कहा, छत्तीसगढ़ सरकार चरणबद्ध तरीके से सहयोग कर रही है और हमें रोज 9 रैक कोयला मिल रहा है।

जयपुर, 18 जुलाई (का.सं.)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चरणबद्ध तरीके से राजस्थान को जो सहयोग किया गया है, उस पर विपक्ष द्वारा आदतन झूठ फैला कर प्रदेश की जनता को गुमराह किया जाना अति निंदनीय है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को प्रदेश के हितों पर कुठाराघात करते हुए ओछी राजनीति करने से बाज आना चाहिए।

उन्होंने गहलोत से सवाल किया कि उनकी सरकार के समय बिजली क्षेत्र में जनता के हितों का ध्यान क्यों नहीं रखा गया।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि पीईकेबी की 91 हेक्टेयर भूमि की साइट क्लीयरेंस अनुमति 12 दिसम्बर 2023 को दी गई थी, इसमें से 26 हेक्टेयर भूमि 19 जनवरी 2024 को तथा 30 हेक्टेयर भूमि 22 मार्च को राजस्थान सरकार को सौंप दी गई, जिससे प्रति दिन 9 रेक कोयला मिल रहा है और इसके लिए हमने धन्यवाद व्यक्त किया था। शेष 34 हेक्टेयर के लिए भी क्लीयरेंस दे दी गई है, तथा यह जमीन भी जल्द ही प्राप्त हो जाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि कुछ बिंदु अभी भी लंबित तथा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री अपने बयान में इन्हीं अनुरोधों के पूर्ण न होने की ओर इशारा कर रहे थे।

नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में हमारा प्रदेश बिजली क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार व राजस्थान सरकार ने मिलकर जन कल्याण में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की है, परंतु अशोक गहलोत राजस्थान में असफल विपक्ष के रूप में मिथ्या प्रचार के माध्यम से प्रदेश में नकारात्मकता का वातावरण निर्मित कर रहे हैं।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि पिछली गहलोत सरकार के समय में राजस्थान विद्युत अभाव के कारण अंधकारग्रस्त रहा। अशोक गहलोत सरकार के कार्यकाल में प्रदेश के हितों को बंधक बनाकर रखा जाता था। प्रदेश की जनता को मिलने वाली बिजली से संबंधित ऐसे समझौते किये गए, जिससे हमें गर्मी में पीक ऑवर में बिजली वापस लौटानी पडी । परंतु वर्तमान में जब हमारी सरकार अबाधित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है, तब वे निम्न स्तर की राजनीति का प्रदर्शन कर रहे हैं, जो अशोभनीय, निंदनीय एवं दुर्भाग्यपूर्ण है।

# भील प्रदेश की मांग को लेकर मानगढ़ धाम पर उमड़े चार राज्यों के लोग



बांसवाड़ा जिले में मानगढ़ धाम पर भील आदिवासियों का महासम्मेलन हुआ, जिसमें चार राज्यों, राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के भील आदिवासियों ने भाग लिया।

- सांस्कृतिक महासम्मेलन में भील प्रदेश मुक्ति मोर्चा के अलावा अन्य आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में मौजूद थे।
- भीलों ने आबादी के अनुपात में आरक्षण देने की मांग की।
- सांसद राजकुमार रोत ने कहा, भील प्रदेश की मांग नई नहीं है, हमारी पार्टी पुरजोर तरीके से यह मांग उठा रही है।

बांसवाड़ा, 18 जुलाई (निसं)। भील प्रदेश की मांग को लेकर चार राज्यों का जनसैलाब शहीदी मानगढ़ धाम पर उमड़ता नज़र आया। इन लोगों ने जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण जैसे मुद्दों को लेकर अपनी आवाज बुलंद की। सांस्कृतिक महासम्मेलन में भील प्रदेश मुक्ति मोर्चा के अलावा अन्य आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में मौजूद थे। महासम्मेलन में सर्वसम्मति से भील प्रदेश की मांग का राजनैतिक प्रस्ताव पारित करते हुए केन्द्र सरकार को भेजे जाने का निर्णय लिया गया। प्रस्ताव में गुजरात के अरवल्ली, महीसागर, दाहोद, पंचमहल, सूरत, बडोदरा, तापी, नवसारी, छोटा उदेपुर, नर्मदा, साबरकांठा, बनासकांठा और भरुच, राजस्थान के बांसवाडा, डूंगरपुर, बाडमेर, जालौर, सिरोही, उदयपुर, झालावाड़, राजसमंद, चित्तौडगढ़ , कोटा, बारां, पाली, मध्य प्रदेश के इंदौर, गुना, शिवपुरी, मंदसौर, नीमच, रतलाम, धार, देवास, खंडवा, खरगोन, बुरहानपुर, बडवानी, अलीराजपुर तथा महाराष्ट्र के नासिक, ठाणे, जलगांव, धुले, पालघर, नंदुरबार, अलीराजपुर को सम्मिलित करते हुए भील प्रदेश बनाने की मांग की गयी।

वक्ताओं ने समाज में विद्वेष फैलाने वाली कई घटनाओं का उल्लेख करते हुए राजनैतिक दलों को आड़े हाथों लिया। पगड़ी उछालने, अमानवीय हरकतें करने जैसी घटनाओं का उल्लेख करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सर्वसमाज हमारे साथ है। महिला वक्ताओं ने भी सिंदूर, मंगल सूत्र जैसी बातों का उल्लेख करते हुए करतल ध्वनियां बटोरीं। सांसद राजकुमार रोत ने कहा कि भील प्रदेश की मांग नई नहीं है बीएपी पुरजोर तरीके से यह मांग उठा रही है और इस संबंध में एक प्रतिनिधि मंडल राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री से भी मिलेगा।

इन लोगों ने ट्राईबल एरिया में पांचवी अनुसूची लागू करने, जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण देने, बेणेश्वर की 80 प्रतिशत भूमि आदिवासियों के नाम करने, जगपुरा भूकिया घाटोल में सोने की खदानों की नीलामी निरस्त करने, जनगणना में आदिवासी धर्म का कॉलम अलग से जोड़ने जैसी मांग की।

आदिवासी परिवार संस्था की संस्थापक सदस्य मेनका डामोर ने कहा कि आदिवासी महिलाएं पंडितों के बताये अनुसार न चलें। आदिवासी परिवार में सिंदूर नहीं लगाते, मंगलसूत्र नहीं पहनते। उन्होंने बालिका शिक्षा पर भी बल दिया। उन्होंने व्रत, उपवास बंद करने और अपने को हिन्दू नहीं मानने की भी बात की। आदिवासी परिवार के संस्थापक भंवरलाल परमार ने दावा किया कि भील प्रदेश की मांग तो समय पर पूरी होगी इसकी एक प्रक्रिया है।

धरियावाद विधायक थावरचंद मीणा ने कहा कि विधानसभा में भी अलग भील प्रदेश बनाने की मांग उठी है। उन्होंने कहा कि चार राज्यों में बोली, संस्कृति, रीति-रिवाज एक हैं, ऐसे में सब मिलकर भील प्रदेश क्यों नहीं बना सकते। संचालन दिनेश खानन, रंगलाल मईडा, राजेश दामा व दिनेश रोत ने किया और हीरालाल दामा व रामलाल निनामा ने आभार व्यक्त किया।

# 'नीट-यू.जी. 2024 का पेपर लीक हुआ था यह बात एन.टी.ए. ने स्वीकार की है'

## सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि हम यह जानना चाहते हैं कि क्या नीट-यू.जी. पेपर लीक उन्हीं केन्द्रों तक सीमित था

- सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी पेपर लीक के आधार पर नीट परीक्षा दोबारा करवाने की मांग कर रही याचिकाओं की सुनवाई के दौरान की।

नयी दिल्ली, 18 जुलाई। उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि स्नातक स्तर के मेडिकल और अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिले से संबंधित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी) 2024, शुरू होने से पहले इसका पेपर लीक हो गया था, यह बात केन्द्र सरकार ने स्वीकार कर ली है।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ,न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने सुनवाई के दौरान इस बात पर भी जोर दिया कि दोबारा परीक्षा इस ठोस आधार पर होनी चाहिए कि पूरी परीक्षा प्रभावित हुई है। शीर्ष अदालत के समक्ष केंद्र सरकार का पक्ष रख रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पटना और हजारीबाग में प्रश्न पत्र सार्वजनिक होने की घटना को स्वीकार करते हुए कहा कि इस मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) की ओर से कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने इस मामले में बड़े पैमाने पर किसी प्रकार की अनियमितता से साफ तौर पर इन्कार किया।

पीठ ने केंद्र सरकार, परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और कई याचिकाओं के अधिवक्ताओं की दलीलें विस्तार पूर्वक सुनीं। इसके बाद पीठ नक सभी केंद्रों के अलग-अलग परीक्षा परिणाम शनिवार दिन के 12 तक घोषित करने का आदेश दिया।

पीठ ने कहा, "पटना और हजारीबाग में प्रश्न पत्र सार्वजनिक होने की बात स्वीकार की गई है...प्रश्नपत्र प्रसारित किए गए थे। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि यह केवल उन्हीं केंद्रों तक सीमित था या बड़े पैमाने पर।"

शीर्ष अदालत ने कहा, "विद्यार्थी परेशान हैं, क्योंकि उन्हें परिणाम नहीं पता। हमे केंद्रवार अंकों का पैटर्न देखना चाहिए। हम चाहते हैं कि परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों की पहचान उजागर किए बिना सभी परिणाम घोषित किए जाएं।" पीठ ने जांच के मामले में कहा, "वर्तमान में जांच चल रही है। सीबीआई ने जो (अदालत को) बताया, उसे सार्वजनिक होने से जांच प्रभावित होगी।" पीठ ने कहा कि वह सोमवार को सीबीआई और पटना पुलिस की जांच के मामले में गौर करेगी।

पीठ ने याचिकाकर्ताओं में से एक के वकील से यह भी पूछा, "आपको यह दिखाना होगा कि प्रश्न पत्र सार्वजनिक होने की घटना इतनी व्यवस्थित थी कि इसने पूरी परीक्षा व्यवस्था को प्रभावित किया ताकि पूरी परीक्षा रद्द की जा सके।"

पीठ ने वकील से पूछा, "अगर हम आपकी विस्तृत दलीलों को स्वीकार करते हैं तो हम आपकी सहायता चाहते हैं कि जांच किन बिंदुओं पर होनी चाहिए।" इस पर संबंधित अधिवक्ता ने कहा, "एनटीए ने पूरे नतीजे घोषित नहीं किए, जबकि यूपीएससी सभी परीक्षार्थियों के नतीजे घोषित करता है। कम से कम एनटीए को उन एक लाख लोगों के नतीजे घोषित करने चाहिए, जिन्हें प्रवेश मिलेगा।"

### आर.ए.एस...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

भर्ती से वंचित रह जाएंगे और अपील दायर करने का उद्देश्य ही विफल हो जाएगा। इसका विरोध करते हुए राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि परीक्षा परिणाम घोषित होने और मॉडल उत्तर कुंजी जारी करने के बाद अभ्यर्थियों को अपनी आपत्तियां पेश करने के लिए तीन दिन का समय दिया गया था। वहीं हाईकोर्ट में याचिका दायर करने वाले 569 याचिकाकर्ताओं में से 476 ने तो प्रश्नों पर कोई आपत्ति ही दर्ज नहीं कराई। राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि विशेषज्ञों ने आपत्तियों का निपटारा कर कुछ प्रश्नों को डिलीट किया और उत्तर कुंजी के शेष प्रश्नों के जवाबों को सही माना। ऐसे में अपीलार्थियों को मुख्य परीक्षा में शामिल करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद खंडपीठ ने याचिका को सुनवाई के लिए लंबित रखते हुए अपीलार्थियों को मुख्य परीक्षा में शामिल होने की अनुमति देने से इन्कार कर दिया है।

### 'सौ विधायक ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

तथा आदित्यनाथ के बीच संबंध कुछ खास अच्छे नहीं हैं। आपसी बातचीत में राज्य के कई भाजपा नेता, जिनमें लोकसभा चुनाव हारने वाले नेता भी शामिल हैं, मुख्यमंत्री के काम करने के तरीके की आलोचना करते रहे हैं और इसे आम चुनावों में पार्टी की हार का कारण बता रहे हैं।

### यू.पी. भाजपा ने प्रदेश ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अंसतोष का कारण बने।

लोकसभा चुनाव में सपा ने 37 सीटें जीती, जबकि 2019 चुनाव में सपा को 5 सीटें ही मिली थीं। भाजपा की सीटें 62 से घटकर 32 हो गईं। इन नतीजों ने नेतृत्व को स्तब्ध कर दिया जबकि नेतृत्व को उम्मीद थी कि वर्ष के आरम्भ में भव्य राम मंदिर के निर्माण का इसे फायदा होगा।

पार्टी के अपने डेटा के अनुसार, भाजपा का सबसे खराब प्रदर्शन पश्चिमी व वाराणसी क्षेत्र में रहा, जहां पार्टी 28 में से मात्र 8 सीटें जीत पाई। बृज क्षेत्र में पार्टी ने 13 में से 5 सीटें जीतीं।

गोरखपुर क्षेत्र, जो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गढ़ है, में भाजपा 13 में से 6 सीटें ही जीत पाई। वहीं अवध क्षेत्र जिसमें लखनऊ, अयोध्या, फैजाबाद शामिल है, में पार्टी ने 16 में से 7 और रानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र में पार्टी 10 में से 4 सीटें ही जीत पाई।

केन्द्रीय नेताओं ने प्रदेश नेताओं से मतभेद भुलाकर 10 विधानसभा सीटों के उपचुनावों पर ध्यान केन्द्रित करने को कहा है। एक सूत्र ने कहा कि तब तक नेतृत्व में कोई परिवर्तन नहीं होगा। केन्द्रीय नेतृत्व ने हमें विवाद सुलझाने और इस समय कोई शिकायत नहीं करने को कहा है। वरिष्ठ नेता राज्य भर का दौरा करेंगे और जनता व कार्यकर्ताओं से जुड़ने का प्रयास करेंगे।

हाल ही में केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कहा है कि सरकारी नौकरी में ओ.बी.सी. कोटा भरा जाए। पटेल की पार्टी अपना दल का कुर्मी जाति में दबदबा है। लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समर्थकों का कहना है कि प्रशासन पर मुख्यमंत्री की पूरी पकड़ है, राज्य में कानून व्यवस्था चुस्त और अनुशासन है, जिससे भाजपा को राज्यभर में पकड़ बनाने में मदद दी थी।

योगी खेमे के एक विधायक ने कहा, मुख्य मुद्दा था आलोकप्रिय प्रत्याशियों को पुनः टिकट देना। ऐसा नहीं किया जाना चाहिए था। बाबा की टिकट वितरण में कोई भूमिका नहीं थी। बतौर मुख्यमंत्री सत्ता में लौटकर उन्होंने अपनी लोकप्रियता, ईमानदारी, निष्ठा साबित की है। केन्द्रीय नेतृत्व भी यह मानता है।"

### घुसपैठ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जिनकी पहचान नहीं की जा सकी है। अभियान अभी जारी है तथा इलाके में कुछ और आतंकवादियों के छिपे होने की आशंका है। सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने कहा कि घुसपैठ की कोशिश को सफलतापूर्वक रोक दिया गया है। चिनार कोर ने एक्स पर पोस्ट किया, आज कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में एलओसी पर दो आतंकवादियों को मार गिराने के साथ ही घुसपैठ की कोशिश को सफलतापूर्वक रोक दिया गया है।

# गैंगस्टर रोहित गोदारा का साथी अमरजीत विश्नोई इटली से गिरफ्तार

## इटली पुलिस ने उसे 8 जुलाई को डिटेन कर लिया था, अब जल्द ही उसे भारत लाया जाएगा

- प्रारम्भिक जांच में सामने आया कि आरोपी इटली की नागरिकता के बिना अपने दोस्त के साथ रह रहा था।
- गिरफ्तार आरोपी दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान सहित कई राज्यों में "वॉन्टेड" है।

जयपुर, 18 जुलाई। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) की सूचना पर इटली पुलिस ने गैंगस्टर रोहित गोदारा के साथी और राजू ठेहट हत्याकांड के आरोपी, पचास हजार के इनामी गैंगस्टर अमरजीत विश्नोई को सिसली शहर के तरपानी से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान सहित कई राज्यों में "वॉन्टेड" हैं। इसकी तलाश में कई बार राजस्थान पुलिस ने भी छापेमारी की थी। आरोपी बीकानेर में हुई एक घटना के बाद से फरार था। फरारी के दौरान उसने राजू ठेहट हत्याकांड में बदमाशों के साथ हथियारों की भी व्यवस्था की थी। अमरजीत बिश्नोई पर हरियाणा में भी एक मर्डर का आरोप है। वह कुरूक्षेत्र, हरियाणा के वीभत्स, सचिन गोधा हत्या काण्ड में संदिग्ध वांछित है। अब जल्द ही उसे भारत लाया जाएगा।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अपराध और एजीटीएफ दिनेश एमएन ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि उनकी टीम काफी समय से अमरजीत सिंह को ट्रैक कर रही थी और जब उसकी लोकेशन इटली आई तो यह जानकारी विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय को दी गई और इंटर पोल से रैड कॉर्नर नोटिस जारी कराया गया। इसके बाद उसकी लोकेशन एम्बेसी के जरिए इटली पुलिस को दी गई। इटली पुलिस ने उसे 8 जुलाई को डिटेन कर लिया, अब जल्द ही उसे भारत लाया जाएगा।

दिनेश एमएन ने बताया कि रोहित गोदारा गैंग का यह विदेश में बैठा सबसे सक्रिय गैंगस्टर है। यह इस गैंग के सदस्यों द्वारा फिरौती के लिए धमकी देने में वीपीएन व बॉक्स कॉल के जरिये विदेश में बैठ कर बातचीत करवाता था।

एजीटीएफ की टीम राजू ठेहट के मामले में फरार चल रहे बदमाशों की तलाश में जुटी हुई थी। इस गैंग में सक्रिय अपराधियों और शरण देने वालों तथा सोशल मीडिया के फॉलोअर्स के मोबाइल का विश्लेषण किया गया। मोबाइल विश्लेषण में रोहित गोदारा गैंग के कुख्यात अमरजीत विश्नोई की लोकेशन इटली में होना सामने आया। इंटर पोल को इस की लोकेशन की जानकरी दी गई।

इसके बाद इटली पुलिस ने इटली के सिसली शहर के तरपानी कस्बे में दबिश देकर अमरजीत सिंह बिश्नोई को पकड़ लिया। इटली पुलिस ने राजू ठेहट हत्याकांड के वांटेड अमरजीत सिंह को सीबीआई के जरिये सौंपा हैं। सीबीआई टीम के जरिए जल्द ही राजस्थान पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ करेगी।

पुलिस जानकारी में सामने आया है कि बीकानेर का रहने वाले अमरजीत सिंह के खिलाफ 8 बड़े मामले हरियाणा, राजस्थान, यूपी व दिल्ली में दर्ज हैं। उस पर मर्डर व डकैती से लेकर लूट और हत्या के प्रयास के मुकदमे हैं। राजू ठेहट हत्याकांड से करीब चार माह पहले ही अमरजीत ने उसकी हत्या की प्लानिंग बना ली थी।

उसे पता था कि अगर हत्याकांड प्लानिंग के अनुसार हो गया तो पुलिस उसका पीछा करेगी।

### द्रमुक ने वंशवाद के नारे

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

होना एक अग्रिम निष्कर्ष के रूप में ले लिया जायेगा। हाँ, द्रमुक ने यह पहले से ही मान लिया है कि विपक्ष, खास तौर से भाजपा की ओर से इस वंशवादी राजनीति की कड़ी आलोचना की जायेगी, लेकिन तमिलनाडु में, द्रमुक करुणानिधि परिवार का पर्याय हो गई है तथा जनता ने इस परिवार के शासन को कमोबेश स्वीकार भी कर लिया है। उदयनिधि स्टालिन ने चुनाव भी जीता था तथा वे चेन्नई के एक विधानसभा क्षेत्र से विधायक बन गये थे तथा वे उनके पिता स्टालिन के द्वारा ही पार्टी की कमान सँभालने के लिये तैयार किए जा रहे हैं। ज्ञातव्य है कि स्वयं एम.के. स्टालिन ने भी अपने पिता करुणानिधि से लम्बे समय तक राजनैतिक प्रशिक्षण प्राप्त किया था।

उदयनिधि, जो इस समय खेल और युवा मामलों के मन्त्री हैं, को कार्यक्रम-क्रियान्वयन (प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन) का प्रभार और दे दिया जायेगा। इस मन्त्रालय के मन्त्री हो जाने से उन्हें सरकार के सभी विभागों पर नजर रखने का अवसर मिलेगा तथा वे पूरे तमिलनाडु के प्रत्येक विभाग एवं गतिविधि पर नजर रख सकेंगे।

### 'कांवड़ियों के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

में कुछ झगड़े हो चुके हैं। मुजफ्फरनगर के एस.एस.पी अभिषेक सिंह ने इस मामले में कहा कि ये निर्देशात्मक आदेश हर व्यक्ति की सुरक्षा के मद्देनजर जारी किए गए हैं। हालांकि, राजनीतिज्ञ उनकी इस बात से सहमत नहीं है। ए.आई.एम.आई.एम. के अध्यक्ष व हैदराबाद से पार्टी के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इस कदम को दक्षिण अफ्रीका में किए गए नस्लीय भेदभाव के साथ तथा हिटलर के जर्मनी में यहूदी व्यापारियों के बहिष्कार की घटना से जोड़ कर देखा जाना चाहिए।

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष ने इस आदेशात्मक कदम को "सामाजिक अपराध" की संज्ञा दी है। अखिलेश यादव ने कोर्ट से आग्रह किया है कि वह इस मामले में स्वतः संज्ञान ले तथा इस आदेश के पीछे सरकार के इरादे की जांच कराए और उचित दंडात्मक कार्यवाही करे।"

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने आलोचना करते हुए कहा कि ये तथाकथित निर्देश साम्प्रदायिक एकता की स्थिति, जो समाज के वर्गों व समुदायों में विद्यमान है, को भंग करने के लिए जारी किए गए हैं। दारुल उलूम के प्रवक्ता मौलाना सुफियान निज़ामी ने कहा "इस प्रकार का सांप्रदायिक पक्षपात गलत है और इस मुद्दे पर ऐसी राजनीति नहीं करनी चाहिए।" उन्होंने यह भी कहा कि मुस्लिम लोग कांवड़ तीर्थ यात्रियों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करते हैं और जब ताज़िए निकाले जाते हैं तो हिन्दू भाई भी सहयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि "आज जरुरत इस बात की है कि भाईचारा बनाए रखा जाना चाहिए।"

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908